ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 2, अंक 295, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 15

11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 16

टैंकर से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, जिंदा जले ड्राइवर और हेल्पर

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- औरैया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, लगा लंबा जाम

अमृत विचार : बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार दोपहर टैंकर से रगड़कर आगे निकला डंपर डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गया। इस हादसे में क्लीनर व चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस एवं दमकल ने आग पर काबू पाया। देरी से पहुंचने पर यूपीडा एवं डायल 112 के कर्मचारियों से ग्रामीणों की झड़प भी हुई।

अछल्दा मोहम्दाबाद रोड से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दोपहर करीब 3 बजे मैनपुरी से खाली डंपर भिंड जा रहा था। आशा गांव के पास डिवाइडर में लगे पौधों पर पानी डाल रहे टैंकर से डंपर रगड़ गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे डंपर में आग लग गई। आग लगने से हेल्पर भदौरिया (50) निवासी भरौली भिंड मध्यप्रदेश तथा चालक शिष्यपाल उर्फ सोनू (40) निवासी मौरारा भिंड मध्यप्रदेश डंपर की केबिन में फंस गए। कुछ देर में हेल्पर जलते हुए नीचे गिरा तो ग्रामीणों ने कंबल ओढ़ा कर आग बुझा दी, लेकिन चालक जलते केबिन में ही फंसकर रह गया। करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग बुझाकर चालक के शव को बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसे हेल्पर को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसकी भी मौत हो गई। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों की यूपीडा कर्मियों एवं डायल 112 कर्मियों के साथ झड़प हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे सीओ महेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी, थाना प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय, यूपीडा के प्रभारी केएस सिन्हा व कल्लू सिंह ने जाम खुलवाया।

थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

मुंबई। निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।



पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

लखनऊ। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी।

कॉर्बेट का ढिकाला जोन 14 नवंबर तक बंद

रामनगर। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ढिकाला जोन 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। वन अधिकारियों के अनुसार, 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4.32 लाख पर्यटक पहुंचे और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।

राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

इससे पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर मिल चुकी है धमकी

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुई थी धमकी, निकली थी शरारत

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।

"इस तरह के थ्रेट के लिए निर्धारित एसओपी के अंतर्गत जांच होती है। अयोध्या एसएसपी मामले को देख रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएगा उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। – **अमरेंद्र सेंगर**, एडीजी, लखनऊ जोन

"अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं।

–**राज करण नैय्यर**, एसएसपी अयोध्या

कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर पहुंचा वायुसेना का विमान

कोच्चि, एजेंसी

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के सीएम विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्रवाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है।

पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव। ● एजेंसी

मुख्य आरक्षी की हत्या, चेहरा तेजाब से जला नाले में फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फीलखाना थानाक्षेत्र में हुई सनसनीखेज वारदात
- अंगुलियां थीं कटी, नाले में ही मिली वर्दी और बेल्ट
- गुरुवार शाम से थे लापता, झांसी के मऊरानीपुर निवासी थे

मृतक खेमचंद्र

अमृत विचार: फीलखाना थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह मुख्य आरक्षी की हत्या के बाद चेहरे को तेजाब से जलाकर शव को नाले में फेंक दिया गया। हत्यारों ने उनकी अंगुलियां भी काटी थीं। नाले में शव के पास पुलिस की बेल्ट और वर्दी भी मिली। शुक्रवार देर रात शिनाख्त हो सकी।

मूलरूप से जिला झांसी के मऊरानीपुर थाना बम्हौरी के ग्राम लारौनी निवासी 50 वर्षीय खेमचंद्र कानपुर पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे वो अपने कमरे से निकले थे। इसके बाद लौटकर पुलिस लाइन नहीं आए। उनके साथियों ने उन्हें कई बार फोन किया लेकिन फोन बंद बताता रहा था। परिजनों ने भी फोन किया किंतु उनकी बात नहीं हो सकी। शुक्रवार को फीलखाना थानाक्षेत्र में सुबह 9 बजे गुप्तार घाट के गहरे नाले में एक शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार शव के पास वर्दी और पैर के पास बेल्ट पड़ी मिली। पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। शव नाले में उतराता ऊपर आया तो आसपास रहने वाले लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो पता चला कि चेहरे को तेजाब से जलाया गया था और हाथों की अंगुलियां कटी थीं। पहचान के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

एसीपी के अनुसार मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्याकांड के पीछे अवैध संबंध की आशंका है। पुलिस कॉल डिटेल, सीसीटीवी समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक खेमचंद्र का बेटा ट्रेनी दरोगा है। उसकी मेरठ में तैनाती है। बेटे ने कानपुर पुलिस से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी ली। वह लोग परिवार के साथ कानपुर पहुंच रहे हैं।

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

आवास विकास परिषद ने बढ़ाए जमीन के दाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी, आज से लागू
- मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी का प्रस्ताव मंजूर

अमृत विचार : आवास एवं विकास परिषद ने बोर्ड बैठक के बाद प्रदेश की सभी योजनाओं की जमीन के दाम बढ़ा दिए हैं। नई कीमतों में 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है, जो आज से लागू हो गई हैं।

मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजा था। जिस पर मुहर लग गई है। नई दरों में 10 से 15 फीसद बढ़ोतरी की गई है। इसमें आवास विकास की सभी योजनाओं की जमीन शामिल है। लखनऊ में 10 फीसद जबकि प्रयागराज, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, बस्ती, झांसी, इटावा, अलीगढ़ आदि जिलों में 10 से 15 फीसद दाम बढ़े हैं। लखनऊ की बात करें तो यहां अवध विहार, वृन्दावन व गोकुल ग्राम बीबी खेड़ा में जमीन खरीदने के लिए पहले और जेब ढीली करनी होगी। गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में इसका जिक्र नहीं किया गया। लेकिन, बैठक के बाद शुक्रवार को यह फरमान जारी कर दिया। इसके लेकर तमाम तरह की चर्चा रही। आवास आयुक्त डॉ बलकार सिंह से संपर्क किया तो फोन नहीं उठा।

यात्री ट्रेन से कूदे यात्री, मालगाड़ी की चपेट में आने से 4 की मौत

- रांची-सासाराम-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी। लातेहार सीआईसी सेक्शन के बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर रांची-सासाराम-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में शुक्रवार शाम आग लगने की अफवाह के चलते यात्रियों ने ट्रेन से छलांग लगा दी। कुछ यात्री बगल की पटरी पर चल रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में कई लोगों के मरने की सूचना है। फिलवक्त 4 लोगों के मरने व 6 के घायल होने की पुख्ता जानकारी दी गई है। धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यह घटना रात करीब आठ बजे कुमण्डीह रेलवे स्टेशन पर घटी। घटनास्थल घोर नक्सल प्रभावित इलाके में होने की वजह से प्रशासनिक टीम को पूरी सतर्कता बरतनी पड़ रही है। रात के अंधेरे में रेस्क्यू ऑपरेशन में भी रेलवे टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद से बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का परिचालन बाधित है।

सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत, कई लापता

गंगटोक, एजेंसी

- लगातार बारिश के चलते सड़क ढहने से कई पर्यटक फंसे
- तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास के तमाम घर ढहे

सिक्किम का उत्तरी इलाका लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में गया है। बारिश जनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई अन्य लोग लापता हैं।

गुरुवार सुबह से देर रात तक जारी बारिश के चलते भारी तबाही हुई है। सड़क ढहने से कई पर्यटक फंस गए हैं। तिस्ता नदी में जल बढ़ने से आसपास के घर ताश की पत्तों की तरह ढह गए। इस बीच, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव के सारे प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अंबीथांग (रंगरंग के पास) तीन लोग लापता हो गए हैं। पक्षेप (मंगन के पास) दो लोग लापता हो गए हैं, जबकि एक शव बरामद हुआ। इसी तरह से गेयथांग (जंगु) में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नामपथांग (पेंटोक, मंगन के पास) कई घर क्षतिग्रस्त हो गए व सड़क अवरुद्ध हो गई। ब्रिंगबोंग ओपी के पास में दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

सिम के लिए शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं : ट्राई

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उसने इन सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल या लैंडलाइन नंबर खरीदने के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। ट्राई ने इस महीने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन पर एक परामर्श पत्र जारी किया और सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से टिप्पणियां मांगीं। ट्राई ने कहा कि हमारे ध्यान में आया है कि कुछ मीडिया हाउस ने रिपोर्ट की है कि ट्राई ने मोबाइल और लैंडलाइन नंबरों के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह अटकलें बिल्कुल गलत है।

सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र–एनटीए से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

नई दिल्ली। नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र के आई ब्लॉक गुजैनी निवासी 38 वर्षीय अमित कुमार रनियां की एक कंपनी में काम करता था। छोटे भाई पंकज ने बताया कि वह गुरुवार शाम कंपनी से लौट रहा था, तभी गुजैनी के पास ट्रेन की चपेट में आ गया और मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी अर्चना अचेत हो गई। पुलिस के अनुसार परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

हादसे में घायल वृद्ध की हैलट में मौत

कानपुर। रावतपुर गांव निवासी वृद्ध 60 वर्षीय भारत गुरुवार को साइकिल से गोल चौराहे की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में वृद्ध घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां दम तोड़ दिया। नाती राधे ने बताया कि उनके अलावा उनका कोई नहीं था।

कॉरिडोर-2 में पियर कैप की ढलाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कृषि विश्वविद्यालय से कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक और डबल पुलिया रैंप से लेकर बर्रा-8 तक लगभग 4.5 किमी. लंबे एलिवेटेड सेक्शन में होने वाली प्री-कास्ट संरचनाओं गर्डर्स और पियर कैप्स की ढलाई का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। ये संरचनाएं नौबस्ता स्थित कास्टिंग यार्ड में तैयार की जाएंगी।

यूपीएमआरसी प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर की कई संरचनाएं प्री-कास्ट होती हैं जिन्हें कास्टिंग यार्ड में तैयार किया जाता है। कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के एलिवेटेड मेट्रो सेक्शन में 5 स्टेशन होंगे। कास्टिंग यार्ड में एलिवेटेड मेट्रो सेक्शन के लिए पियर कैप, डबल टी-गर्डर, यू-गर्डर एवं आई-गर्डर आदि का निर्माण किया जाएगा।

नौबस्ता कास्टिंग यार्ड में पियर कैप की ढलाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

- **नौबस्ता कास्टिंग यार्ड में तैयार होंगे सभी गर्डर और पियर कैप्स**

कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन, सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन और चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन पर निर्माण कार्य हो रहा है। कॉरिडोर -2 के रावतपुर-डबल पुलिया भूमिगत सेक्शन पर भी निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। इस कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन पर भी प्री-कंस्ट्रक्शन स्टेज का कार्य प्रगति पर है।

कानपुर पीजीआई में होगी डायलिसिस भी

सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चार अत्याधुनिक मशीनें आईं, जल्द मिलेगी डायलिसिस की सुविधा**

अमृत विचार। जीएसवीएसएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (कानपुर पीजीआई) में नेफ्रोलॉजी विभाग होने के बावजूद डायलिसिस की सुविधा नहीं थी। इस कारण मरीजों को डायलिसिस के लिए हैलट या अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब इस समस्या का समाधान हो गया है। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मरीजों को डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चार मशीनें आ गई हैं।

जीएसवीएसएस पीजीआई के नेफ्रोलॉजी विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 40 और हैलट के मेडिसिन विभाग में औसतन 30 मरीज किडनी की समस्या लेकर पहुंचते है। इनमें कुछ मरीजों को डायलिसिस की जरूरत होती है। लेकिन जीएसवीएसएस पीजीआई में डायलिसिस की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में भेजा जा रहा था। अब जल्दी ही मरीजों को पीजीआई में ही डायलिसिस की सुविधा मिलने लगेगी। पीजीआई में चार आधुनिक डायलिसिस मशीनें शासन से आई हैं। इनकी स्थापना होने के बाद मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। आईसीयू में भर्ती मरीजों की भी किडनी की जांच हो सकेगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि पीजीआई में चार डायलिसिस मशीनें आई हैं, इनके इंस्टॉल होते ही लाभ मरीजों को मिलने लगेगा।

आधुनिक जीवनशैली व गलत खानपान का किडनी पर असर

नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.समीर गोविल ने बताया कि किडनी खून को साफ करने के साथ ही शरीर से टॉक्सिन्स निकालने में भी मदद करती है। लोगों में आधुनिक जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से किडनी संबंधित समस्या बढ़ रही है।

माध्यमिक स्कूलों में बन सकेंगी दुकानें, किराये पर उठेगा मैदान

जिले के 617 स्कूलों में व्यावसायिक गतिविधियों की संभावना तलाशी जा रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शिक्षा विभाग ने स्कूलों से मांगा प्रस्ताव, मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा**

अमृत विचार। शहर के निजी-सरकारी माध्यमिक स्कूलों में भी दुकानें बन सकती हैं। इसके अलावा स्कूल की आय बढ़ाने के लिए उसके मैदान को भी किराये पर दिया जा सकता है। शिक्षा विभाग की ओर से जिले के 617 निजी-सरकारी माध्यमिक स्कूलों से इस बाबत प्रस्ताव मांगा गया है। स्कूलों से मांगे गए प्रस्ताव को शिक्षा विभाग शासन को भेजेगा। शासन की अनुमति के बाद ही स्कूल व्यावसायिक गतिविधियां करा सकेंगे। जिले में ऐसे 19 सरकारी स्कूल हैं जहां का इस्तेमाल कॉमर्शियल गतिविधियों के रूप में किया जा सकता है। यह स्कूल मुख्य बाजारों में या उससे नजदीक हैं।

शहर में 54 स्कूल मुख्य बाजारों में हैं। इसके अलावा 119 स्कूलों के खेल मैदानों का इस्तेमाल कॉमर्शियल गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों की आय बढ़ाने के लिए उनसे प्रस्ताव मांगा है। इस प्रस्ताव में स्कूल क्षेत्रफल, क्षेत्र, स्कूल की आय बढ़ाने के लिए कॉमर्शियल गतिविधि का स्वरूप सहित अन्य जानकारियां मांगी गई हैं। स्कूलों को शिक्षा विभाग को 30 जून तक सूचनाएं देनी हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूलों की ओर से दी गई जानकारियों को शासन भेजा जाएगा। ऐसे स्कूलों को प्राथमिकता दी जाएगी जो कॉमर्शियल क्षेत्र में हैं और जिनकी आय में लगातार कमी हो रही है।

जर्जर स्कूलों को संजीवनी

- शिक्षा विभाग की इस पहल के बाद माना जा रहा है कि शहर के जर्जर स्कूलों को इस योजना से संजीवनी मिल सकती है। वे अपने स्कूलों में दुकान व मैदानों का उपयोग कर आय बढ़ा सकते हैं। इससे फीस के रूप में होने वाली आय से कई गुना अधिक उनकी आमदनी हो सकेगी। इस आमदनी से स्कल की ओर से बच्चों को भी सुविधाएं मिल सकेंगी।

सरकारी स्कूल भी शामिल

- इस योजना में सरकारी स्कूलों को भी शामिल किया गया है। जिले में ऐसे 19 सरकारी स्कूल हैं जहां का इस्तेमाल कॉमर्शियल गतिविधियों के रूप में भी किया जा सकता है। यह स्कूल मुख्य बाजारों में हैं या उससे नजदीक हैं।

जेवरात भरा पर्स गायब, दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज हो सकी

कानपुर। राजस्थान से शादी से लौट रही महिला का लाखों के जेवरात व नकदी से भरा पर्स 19 अप्रैल को महिलाओं ने पार कर दिया। पीड़िता रिपोर्ट लिखाने के लिए थानों के चक्कर काटती रही, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पर दो माह बाद जूही थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

नौबस्ता, केडीए कालोनी निवासी सीमा गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर 19 अप्रैल को ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। इस दौरान नंदलाल चौराहे पर ई-रिक्शा में तीन महिलाएं आकर बैठ गईं, इसके बाद बारादेवी चौराहे पर उतर गईं।

इस दौरान उनके बैग में रखा पर्स गायब हो गया। पर्स में 5 लाख के जेवर और 10 हजार की नकदी थी। घटना के बाद से वह रिपोर्ट लिखाने के लिए गोविंद नगर और जूही थाने के चक्कर काट रहीं, लेकिन उन्हें टरकाया जाता रहा।

स्वास्थ्य विभाग ने बंद नाली में ही कर दी सफाई, महापौर ने देखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय शुक्रवार को एक बार फिर नालों की सफाई का निरीक्षण करने निकलीं। इस दौरान जगह-जगह अतिक्रमण देख भड़क गईं। वार्ड नंबर नौ रविदासपुरम के बर्रा आठ में पुलिया न होने के कारण लोगों ने पुराना नाला और नालियों को ही बंद कर दिया था।

स्वास्थ्य विभाग ने बंद नाली की सफाई कर डाली। महापौर ने यहां फौरन अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिया। इसके साथ ही अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि अगर जलभराव हुआ तो कौन भुगतेगा।

सबसे पहले उन्होंने बर्रा आठ सब्जी मंडी के नाले का निरीक्षण किया। वहां सफाई होती मिली। रफाका नाला पहुंचीं तो वहां भी सफाई का काम चल रहा था। वार्ड नंबर 9 पहुंचीं तो अतिक्रमण देख उनका पारा चढ़ गया। यहां नाला तो बंद था ही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा साफ कराई जाने वाली नाली भी बंद मिली। उन्होंने लोगों से कहा कि तुम लोग खुद ऐसा काम करोगे तो जलभराव कौन झेलेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाया जाए। महापौर ने बर्रा चार की पुलिया से भी नाला सफाई का निरीक्षण किया। सफाई जारी थी।

रविदासपुरम के बर्रा आठ में पुलिया का निरीक्षण करतीं महापौर। अमृत विचार

- **नाला सफाई में अतिक्रमण देख भड़कीं महापौर**

फर्जी पुलिस बुलाकर कब्जे का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चकेरी थानाक्षेत्र का मामला, 6 नामजद समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में फर्जी पुलिसकर्मी बुलाकर आरोपियों ने कूटचरित दस्तावेजों से एक वृद्धा की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह नामजद समेत दस लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अहिरवां मवईया निवासी कमला देवी के अनुसार मवईया में उनकी जमीन है। फरवरी 2024 में किदवई नगर निवासी त्रियुगी नारायण, सनिगवां निवासी आलोक, चमनगंज निवासी शुभाशीष, बजरिया निवासी विवेक त्रिपाठी व विक्रांत मिश्रा, बर्रा निवासी देवेंद्र कुमार व दो से तीन अज्ञात लोगों ने फर्जी कागजात तैयार करके उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकी देते वहां पर रखा सामान लेकर भाग निकले। आरोप है कि 11 फरवरी को आरोपी एक पुलिस कर्मी के साथ घर आए। पुलिस कर्मी ने खुद को चकेरी थाने का दरोगा विष्णु शर्मा बताते जमीन खाली करने की धमकी दी। इस पर वह चकेरी थाने पहुंची और शिकायत की। जानकारी की तो पता चला कि विष्णु नाम का कोई भी दरोगा थाने पर नहीं है। पुलिस की ओर से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

इलाज में लापरवाही का आरोप, हंगामा

कानपुर। टाटमिल चौराहे स्थित एक अस्पताल में परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

यशोदा नगर के शंकराचार्य नगर निवासी 68 वर्षीय राम प्रकाश शुक्ला रेलवे से सेवानिवृत्त थे। वे सड़क हादसे में घायल हो गये थे। पुलिस ने उन्हें टाटमिल स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। परिजनों का कहना है कि घायल को सरकारी अस्पताल भेजा जाता है, मगर बिल की वजह से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

रिंग रोड के पैकेज-4 का काम अगले माह से शुरू होगा

विकास की राह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रिंग रोड के पैकेज-04 का निर्माण कार्य अगले माह से शुरू हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 70 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। शेष 10 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण का कार्य पूरा होते ही एनएचएआई निर्माण कार्य शुरू कर देगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड की परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 5 पैकेजों में विभाजित किया है। वर्तमान में पैकेज-1 का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि रिंग रोड के 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज-1 में मंधना से सचेंडी और पैकेज-4 में मंधना से रमईपुर तक 24.559 लंबी सड़क बनाने का जिम्मा राज कंस्ट्रक्शन को दिया गया है।

मंधना से सचेंडी तक पैकेज -1 में 18 प्रतिशत काम पूरा

पैकेज-1 में 18 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। तीन अंडरपास बनाए जा चुके हैं। तीन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) और एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही दो फ्लाईओवर बनाने के लिए डिजाइन का काम अंतिम चरण में चल रहा है।

परियोजना निदेशक अमन रोहिला ने बताया कि 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज-1 में अभी 11.45 किलोमीटर हिस्से पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, शेष भाग में मिट्टी भराई के साथ समतलीकरण का काम किया जा रहा है। पैकेज-4 में भूमि अधिग्रहण के लिए शासन से 593 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इस राशि से 70 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा करके 372 करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जा चुका है। इस माह के अंत तक 10 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का काम पूरा करते ही अगले माह से निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

परीक्षा के समय जनरेटर में आग, कोई बाधा नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **निदेशक और केस्को एमडी तक पहुंचा मामला**

अमृत विचार। पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के दौरान शुक्रवार को दामोदर नगर सेंटर पर जनरेटर में आग लगने से केंद्र में अव्यवस्था फैल गई। आग की सूचना निदेशक संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद को दी गई। उन्होंने केस्को एमडी से बात कर उस क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बहाल कराई। बताया गया कि इस हादसे का परीक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा है।

बिजली न आने पर दामोदर नगर स्थित स्कॉलर कंप्यूटर सेंटर में जनरेटर से परीक्षा कराई जा रही थी। तीसरी पाली में परीक्षा के दौरान यहां पर 266 परीक्षार्थी मौजूद थे। इस दौरान परीक्षा केंद्र में लगे जनरेटर में आग लग गई। कंप्यूटर बैकअप की वजह से परीक्षा चलती रही। परीक्षा के नोडल अधिकारी को बताया गया कि बिजली न होने से कंप्यूटर बहुत अधिक देर तक नहीं चल सकेंगे। सूचना प्राविधिक शिक्षा व संयुक्त प्रवेश परीक्षा निदेशक को दी गई। निदेशक की ओर से केस्को एमडी को जानकारी दी गई। इसके बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हुई। परीक्षा के नोडल अधिकारी व पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि परीक्षा पर किसी तरह का संकट नहीं आया।

मनोनयन रामकृपाल जायसवाल चेयरमैन व कमल गुनानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

बारदाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने महेंद्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बारदाना मंडल कानपुर की ओर से शुक्रवार को आम सभा व कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। इसमें महेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। कमेटी में रामकृपाल जायसवाल को चेयरमैन व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कमल गुनानी को चुना गया। कारोबारियों की आम सभा में व्यापारी नेता राजेश गुप्ता के असमय निधन पर उन्हें श्रद्धासुमन भी अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मौजूद रहे। बताया गया कि बारदाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के निधन की वजह से कमेटी को 10 जून को भंग कर दिया गया था।

बारदाना व्यापार मंडल कानपुर का पुनर्गठन चेयरमैन रामकृपाल की चेयरमैनशिप में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से और कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की उपस्थिति में और महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी की सहमति से किया गया। इस कमेटी में संरक्षक के रूप में मुकुंद मिश्रा, संरक्षक कन्हैया लाल गुप्ता और सुरेश अग्रवाल को बनाया गया। अध्यक्ष के रूप में महेंद्र कुमार गुप्ता, चेयरमैन रामकृपाल जायसवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल गुनानी ,उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सीताराम गुप्ता ,वरिष्ठ मंत्री राकेश साहू, मंत्री सक्षम गुप्ता ,संगठन मंत्री विनोद श्रीवास्तव ,प्रचार मंत्री शिव गुप्ता, संयुक्त मंत्री पंकज राठौर और अन्य अधिकारी नियुक्त किए गए।

बारदाना मंडल कानपुर के नए पदाधिकारी। अमृत विचार

- **व्यापारियों की आम सभा में व्यापारी नेता राजेश गुप्ता को दी श्रद्धांजलि**

सुनील बजाज अध्यक्ष चुने गए

- कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के निधन के बाद रिक्त हुए पद पर सुनील बजाज को कानपुर अध्यक्ष चुना गया है। रिक्त पद पर प्रदेश की ओर से अध्यक्ष पद के मनोनयन के लिए गठित कमेटी ने यह निर्णय लिया है।

निर्णय व्यापारी नेता विजय पंडित, मणिकान्त जैन, टीकमचन्द्र सेठिया की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया। रिपोर्ट के आधार पर सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा व वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति के आधार पर कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बजाज को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजेश गुप्ता के पुत्र सक्षम गुप्ता को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल का मंत्री मनोनीत किया गया है।

परिवहन निगम में फैमिली पास को लेकर बढ़ी रार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कर्मियों का दावा कि पांच माह से पास नहीं मिल रहे**
- **बेटिकट और फर्जी पास पर कार्रवाई के आदेश**

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र में फैमिली पास को लेकर अधिकारियों और कर्मियों में तनातनी हो गई है। पास के नाम पर बिना टिकट परिवार के साथ यात्रा करने वाले कर्मियों के खिलाफ क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर कहा है कि ऐसे कर्मी जो अपने अधिकारियों को बताए बिना परिवार के साथ या अकेले बसों में बिना टिकट यात्रा कर रहे हैं, उन पर विशेष फ्लाइंग दस्ता के जरिए कार्रवाई की जाएगी।

रोडवेज कर्मियों का आरोप है कि पिछले पांच माह से विभाग उन्हें फैमिली पास जारी नहीं कर रहा है, इस कारण कर्मी बिना पास के यात्रा करने को मजबूर हैं। कर्मियों ने बताया कि जब भी डिपो के अधिकारियों से फैमिली पास मांगा जाता है तो जवाब मिलता है कि पास प्रिंट होकर मुख्यालय से नहीं आ रहे हैं। हालांकि परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार का कहना है कि जब कोई कर्मी फैमिली पास की डिमांड करता है तो उसे फैमिली पास दिया जाता है। सैकड़ों की संख्या में ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें गलती पर बर्खास्त किया गया है, या सेवा से हटाया गया है, वह भी फर्जी पास से रोडवेज की बसों में सफर कर रहे हैं, इससे विभाग को भारी नुकसान हो रहा है, ऐसे लोगों की धरपकड़ के लिए रुट पर निरीक्षक और विशेष टीम लगाई गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपने पुत्र राहुल शर्मा के दुर्व्यवहार और गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **मुकेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद शर्मा निवासी– ग्राम– संगावली, थाना जसवंतनगर, जिला– इटावा**

सूचना

सूचित किया जाता है कि **बदाला पत्नी रामकुमार और रूपन पत्नी रामकुमार** दोनो नाम एक ही महिला के है जो **ग्राम पंचायत–रेवरी सैदपुर, थाना–डीह तहसील–सलोन, जिला– रायबरेली** की निवासी है। जिनका आधार नं0– 798860321394 है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रोहित कुमार पुत्र सियाराम निवासी– ग्राम–महंगूपुर, थाना– नवाबगंज, जनपद–गोण्डा,** मैं अपने पुत्र विराज जिसका चाल–चलन व स्वभाव ठीक नहीं है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

गंगा किनारे दो रिवरफ्रंट, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में उठाएं लुत्फ

❍ मास्टर प्लान-2031 की खामियां दूर, अंतिम अनुमति के लिये शासन को भेजा ❍ केडीए की 140वीं बोर्ड बैठक में आठ प्रस्तावों पर लगी मुहर

केडीए बोर्ड बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अटल घाट और एयरपोर्ट के करीब गंगा के किनारे दो जगह रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। योजना के लिये 100 मीटर जगह और बढ़ेगी। सिंचाई विभाग योजना को धरातल पर उतारेगा। वहीं, गंगा की लहरों पर शहरवासी जल्द ही फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का मजा भी ले सकेंगे। इसके लिये चार करोड़ रुपये प्रस्तावित कर दिये गये हैं।

शुक्रवार को केडीए की 140वीं बोर्ड बैठक में रखे गये आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये रखे गये 13 अरब 74 करोड़ 66 लाख का बजट भी सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

यह पैसा शहर के विकास के लिये अलग-अलग मद में खर्च किया जायेगा। इसके अलावा मास्टर प्लान-2031 को भी बोर्ड ने पास करने के बाद अंतिम सेंक्शन के लिये शासन को भेजने की तैयारी शुरू कर दी।

मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में शुरू हुई बोर्ड बैठक में सबसे पहले 139वीं बोर्ड बैठक में पास हुये प्रस्तावों को अवलोकन किया गया।

इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट के सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश किया गया। बोर्ड ने मूल बजट 1374.66 करोड़ की प्राप्तियों का लक्ष्य और 1343.43 करोड़ के व्यय का लक्ष्य निर्धारित किया। पिछले वित्तीय वर्ष से इस बार 12 करोड़ रुपये ज्यादा बजट रखा गया। जिसको सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद मास्टर प्लान- 2031 पर चर्चा शुरू हुई। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि प्लान में 17 संशोधन किये गये। इसके साथ पहले प्राप्त हुईं 425 आपत्तियों को भी निस्तारित किया गया। अंत में छह आपत्तियां और आई थीं जिन्हें निस्तारित कर बोर्ड के समक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान को बोर्ड ने पास कर दिया है। अब अंतिम सेंक्शन के लिये शासन को मास्टर प्लान-2031 भेजा जा रहा है।

बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम राकेश कुमार सिंह, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल, सचिव शत्रोहन वैश्य।

बैठक में यह लोग रहे मौजूद

बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, केस्को, जिलाधिकारी, कानपुर देहात के नामित प्रतिनिधि, जल निगम, कोषागार, उद्योग, कानपुर मण्डल आदि विभागों के प्रतिनिधि, बोर्ड के नामित सदस्य अरूण कुमार गर्ग, कैलाश चन्द्र पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं सौरभ देव,के साथ नीरज श्रीवास्तव, केडीए सचिव व अन्य लोग रहे।

कानपुर बोट क्लब से बिठूर तक चलेगा क्रूज

केडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि गंगा बैराज स्थित कानपुर बोट क्लब सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित किया गया है। बोट क्लब परिसर में फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट के निर्माण के लिये प्रस्ताव पास कर दिया गया है। इससे कानपुर को पर्यटन की दृष्टि से एक अतिरिक्त भ्रमण केन्द्र मिलेगा। बोट क्लब में क्रूज पर फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट का कार्य अवस्थापना निधि से कराया जायेगा। जिसके लिये 4 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। उपाध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी है। केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को बोट क्लब से बिठूर तक चलाया जा सकता है। इसके लिये गंगा में पर्याप्त पानी होना आवश्यक रहेगा।

मूल बजट को खर्च करने का मद

248.80 करोड़ विकास कार्य सिविल

73.50 करोड़ विद्युत एवं यांत्रित कार्य

234.55 करोड़ कंस्ट्रक्शन में खर्च

300 करोड़ भूमि अधिग्रहण

1374.86 करोड़ कुल बजट

आज का मौसम

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं

45.2° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:03

शहर में आज

- **ज्ञापन :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विधायक सुरेंद्र मैथानी को कार्यालय में ज्ञापन 11 बजे।
- **स्वागत :** उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का रामादेवी चौराहे पर स्वागत दोपहर 12 बजे।
- **ज्ञापन :** सपा के एक प्रतिनिधी मंडल द्वारा जिलाधिकारी को कार्यालय में ज्ञापन 12 बजे।
- **श्रद्धांजलि :** सपा कार्यालय में पूर्व विधायक बाबू बदरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा पांच बजे।
- **समारोह :** भाजपा दक्षिण द्वारा गीता पार्क, किदवई नगर में अभिनंदन समारोह शाम सात बजे।
- **प्रेसवार्ता :** दि स्पोर्ट हब में ईडब्ल्यू ट्रेनिंग कैंप के उद्घाटन के संबंध में प्रेसवार्ता 12 बजे।

एक नजर

किदवई नगर में वृद्ध की मौत, हीटस्ट्रोक का शक

कानपुर। किदवई नगर थानाक्षेत्र के रामजानकी पार्क में 50 वर्षीय शिव प्रसाद गुप्ता निवासी डीह जिला रायबरेली का शव पड़ा मिला। साढ़ू पंकज ने बताया कि वह उनके यहां पर किराए पर रहते थे और हलवाई का काम करते थे। वह शुक्रवार सुबह दुकान जा रहे थे, तभी गर्मी लगने से तबियत बिगड़ने की बात बताई। इस पर वह खुली हवा की आस में निराला नगर पार्क में गए और कुछ ही देर में वहीं उनकी मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच की।

शराब ठेके के पास मिला युवक का शव

कानपुर। लाजपत नगर में शराब ठेके के पास उन्नाव के बांगरमऊ अचलपुर निवासी 35 वर्षीय विनीत दुबे का शव पड़ा मिला। दुकानदारों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। मृतक के भाई मोहित दुबे ने बताया कि विनीत कबाड़ी मार्केट में काम करता था। उसके साथ क्या हुआ, नहीं पता। बेटे की मौत के बाद मां सरोज बेहोश हो गई।

सिग्नेचर ग्रींस में फ्लैट महंगे, 8% तक बढ़े रेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केडीए की योजना में टू और थ्री बीएचके के 30 फ्लैट खाली
- 14 योजनाओं में खाली फ्लैट के दाम एक साल के लिये फ्रीज

अमृत विचार। केडीए की सिग्नेचर ग्रींस नवाबगंज में फ्लैट लेना महंगा हो गया है। केडीए ने टू और थ्री बीएचके फ्लैट के दाम 8 फीसदी तक बढ़ा दिये। दाम बढ़ाने का प्रस्ताव केडीए बोर्ड की बैठक में रखा गया जिसे पास कर दिया गया। सिग्नेचर ग्रींस में अभी 30 फ्लैट खाली हैं जिनमें 25 टू बीएचके और 5 थ्री बीएचके हैं। वर्तमान में टू बीएचके 69.51 लाख और 3 बीएचके फ्लैट की कीमत 74.18 लाख रुपये है जो अब बढ़ जाएंगे। बोर्ड बैठक में केडीए ने अपनी 14 योजनाओं में निर्मित फ्लैटों के दाम अगले एक साल के लिये एक बार फिर से फ्रीज कर दिया है। इन योजनाओं में करीब 7 हजार फ्लैट खाली हैं।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि अब केडीए की योजनाओं में बने ईडब्लूएस फ्लैटों में कीमत की 25 प्रतिशत धनराशि देने और एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी फ्लैटों की कीमत की 50 प्रतिशत धनराशि के साथ-साथ वर्तमान तक की किस्तें जमा होने पर पंजीकृत अनुबन्ध के आधार पर कब्जा दिया जायेगा। इस कार्यवाही को 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रखे जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को बोर्ड ने सर्वसम्मत से पास कर दिया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे आम जनता को राहत मिलेगी क्योंकि वह फ्लैट में रहते हुये किस्त दे सकेंगे।

तीन योजनाओं में आएंगे 150 फ्लैट

अपने आवास का सपना संजोये लोगों के लिये अच्छी खबर है। शताब्दी नगर, महावीर नगर और जवाहरपुरम विस्तार योजना के ले-आउट में संशोधन किया गया है। इसमें 150 प्लॉट आएंगे जिन्हें लोग खरीद सकेंगे।

न्यू कानपुर सिटी के लिये 250 करोड़

जमीन अधिग्रहण के लिये केडीए ने 300 करोड़ रुपये बजट में प्रस्तावित किये हैं। इसमें 250 करोड़ रुपये से न्यू कानपुर सिटी के लिये जमीन अधिग्रहित की जायेगी। 50 करोड़ रुपये से बिनगवां योजना के लिये जमीन अधिग्रहित की जायेगी। शासन और केडीए मिलकर इससे पहले तीन सौ करोड़ रुपये जुटा चुका है। योजना को जल्द धरातल पर लाने के लिये अब तक 550 करोड़ रुपये आ गये हैं।

चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का नक्शा पास

केडीए बोर्ड की बैठक में चुन्नीगंज में बन रहे कन्वेंशन सेंटर के नक्शा पास करने का प्रस्ताव भी रखा गया। केडीए ने शमन वसूलने के आधार पर नक्शा पास करने की स्वीकृति दे दी। केडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि क्योंकि सरकारी विभागों को शमन शुल्क की छूट है लेकिन नियमता भवन का नक्शा पास कराकर ही निर्माण कराया जायेगा। बैठक में मानचित्र पास कराने के शुल्क संबंधी प्रस्ताव को भी पास किया गया। अब 5-6 फीसदी शुल्क ज्यादा चुकाना होगा। यह बढ़ा शुल्क एक अप्रैल से लिया जा रहा है। बैठक में कमला हाउस ट्रस्ट कमला नगर के ले-आउट स्वीकृत का प्रस्ताव रखा गया लेकिन इसपर कोई फैसला नहीं हो सका।

प्लाट की फाइल खोने पर महिला का हंगामा

कानपुर। केडीए बोर्ड बैठक के बीच शुक्रवार को एक महिला ने केडीए उपाध्यक्ष के कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया। पीड़ित महिला क्षमा अवस्थी ने आरोप लगाया कि पनकी स्वराज नगर में मिले प्लाट की फाइल केडीए से गायब है। केडीए बाबू सुनील अग्निहोत्री एक साल से दौड़ा रहा है। नामांतरण की प्रक्रिया भी नहीं हो पर रही है। हंगामे से केडीए अधिकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के आश्वासन पर महिला शांत हुई। महिला जिस बाबू पर फाइल गुम करने का आरोप लगा रही थी अधिकारियों ने बताया कि वह सेवानिवृत हो गए हैं।

केडीए में काश्तकार को चेक देते केडीए वीसी और सचिव। अमृत विचार

सात काश्तकारों से खरीदी जमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- न्यू कानपुर सिटी योजना के काश्तकारों को दिये 18 करोड़ के डीडी

अमृत विचार। न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए केडीए ने सात काश्तकारों से 2.38 हेक्टेयर जमीन खरीदी। केडीए ने सभी काश्तकारों को केडीए में बुलाकर चार गुना मूल्य की डीडी दी। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने बताया कि अलग-अलग मूल्य की लगभग 18 करोड़ से अधिक की धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट वितरित किया।

जोन-1 प्रभारी विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह की मौजूदगी में 7 काश्तकारों रामेश्वर, जवाहर लाल, महावीर, जगदीश प्रसाद, महावीर, जवाहर लाल एवं मयंक रियल इस्टेट डेवलपर्स प्रा. लि. के डायरेक्टर हरिमोहन गुप्ता ने केडीए के पक्ष में लगभग 2.38 हेक्टेयर की भूमि दी। मदन सिंह गर्ब्याल ने अन्य काश्तकारों से अपील की कि यह योजना कानपुर शहर को नई ऊचाईयां देने वाली परियोजना है, जिसमें 90 वर्ग मी. से लेकर 450 वर्ग मी. के आवासीय भूखण्ड, व्यवसायिक भूखण्ड, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान, पार्क इत्यादि की सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। काश्तकार मोबाइल नंबर 6386829644, 9838688043 पर सारी जानकारी ले सकेंगे। जो काश्तकार अवैध प्लाटिंग और विकास कार्य कर रहे हैं, उन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। जिन आराजी पर प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत नहीं है, वह अवैध ही माना जायेगा।

बदली भी नहीं रोक पाई गर्मी, पारा 45 पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हाई क्लाउड्स के बीच अभी और सताएगी लू, रहें अलर्ट

अमृत विचार। हाई क्लाउड्स के बावजूद सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से शहर को निजात नहीं मिल रही है। बदली भी प्रचंड गर्मी नहीं रोक पा रही है। कानपुर नगर में शुक्रवार को पारा सामान्य से 4.7 डिग्री ऊपर चढ़कर 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

सुबह से ही गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी पैदा करने लगती हैं। लू के थपेड़े सुबह से ही चलने लगने लगते हैं। चटक धूप के चलते सुबह 7 बजे पारा 30 डि.से. के ऊपर था। 9 बजे तापमान 33 डि.से. के ऊपर था तो 11 बजे तापमान 37 डि.से. पार कर चुका था। दो घंटे के भीतर ही दोपहर 1 बजे पारा 41 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। 2 बजे के बाद बदली आई मगर चढ़ते हुए पारे पर लगाम नहीं लगा पाई। चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि लू के थपेड़े औसतन 12.3 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.9 डिग्री ऊपर चढ़कर 32.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। ह्यूमिडिटी भी बढ़ गई। जिससे अधिकतम आर्द्रता 38 एवं न्यूनतम 16 फीसद रिकार्ड की गई। हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

छह स्थानों पर धधकी आग, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुईं घटनाएं, दमकल ने आग पर काबू पाया

अमृत विचार। शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में छह स्थानों पर गुरुवार देर रात आग लग गई। सभी जगह पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर कुछ देर में काबू पा लिया। घटना में लोगों का लाखों का नुकसान हुआ है।

रायपुरवा थानाक्षेत्र के कोपरगंज में चाचा नेहरू अस्पताल के पास पवन कुमार जायसवाल के गोदाम में प्लास्टिक, जूट का बोरा और लोहे के केन में केमिकल का काम होता है। गुरुवार देर रात आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटों के कारण अगल-बगल रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया।

एसएसएसओ लाटूश रोड कैलाश चंद्रा ने बताया कि सबसे पहले 3 तालों को तोड़ा गया। इसके बाद 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा जा सका। बताया कि 4 जून की देर रात इन्हीं के गोदाम में भीषण आग लगी थी। वहीं चकेरी थानाक्षेत्र में देहली सुजानपुर में ट्रांसफार्मर में हुए शार्ट सर्किट से पास में रखे कबाड़ में आग लग गई। गुजैनी थानाक्षेत्र में दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास दुकान में आग लग गई। नवाबगंज थानाक्षेत्र में गंगाबैराज पर झाड़ियों में भीषण आग लगी। अरौली थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चलती कार में आग लग गई। वहीं ग्वालटोली थानाक्षेत्र में पुलिस कमिश्नर कमांड हाउस के पास खाली प्लॉट में आग लग गई। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। इसी प्रकार कल्याणपुर थानाक्षेत्र में यूनिवर्सिटी के पीछे मेट्रो के यार्ड के पास झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल ने आग पर काबू पा लिया।

कोपरगंज में गोदाम में धधकती आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ परिवाद दाखिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राधा पर टिप्पणी से आहत होकर दाखिल किया

अमृत विचार। शिवपुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ शुक्रवार को कोर्ट में एक अधिवक्ता ने परिवाद दाखिल किया है। कथावाचक के राधा रानी को लेकर कहे गए कथित शब्दों को लेकर लगातार विरोध हो रहा है। परिवाद मामले की सुनवाई कोर्ट में 26 जून को होगी।

प्रदीप मिश्रा।

अधिवक्ता मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रदीप मिश्रा की राधा रानी पर की गई टिप्पणी से हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसलिए उनके खिलाफ परिवार दाखिल किया गया है। जिसका आधार उनका एक वीडियो है जो सोशल मीडिया पर वायरल है। अधिवक्ता का कहना है वीडियो में पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्री राधा रानी के जन्मस्थल और विवाह के संबंध में जो कहा है, उससे करोड़ों हिंदुओ की आस्था को ठेस लगी है।

वीडियो सोशल मीडिया पर मौजूद है। उन्होंने हिंदुओं की आस्था के प्रति इस अपमान के कारण अपना नैतिक अधिकार माना, जिस कारण ही उन्होंने कथा वाचक पर धारा 153 ए, 295ए, आईपीसी 298 में परिवाद दाखिल किया है।

व्यवस्था एप से लगेगी कर्मियों की ड्यूटी, आएगी पारदर्शिता, खत्म होगी मैनुअल व्यवस्था

बेढंगा यातायात सुधारेगी ट्रैफिक पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के बेढंगे यातायात को पटरी पर लाने की कवायद में जुटी ट्रैफिक पुलिस ने सड़क और चौराहों पर निगरानी बढ़ाने, यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान करने के साथ अब अपने कर्मियों की ड्यूटी में भी पारदर्शिता लाने की तरफ कदम बढ़ाया है। तय हुआ है कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी अब एप के माध्यम से लगाई जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने साफ्टवेयर तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। अभी विभाग में ट्रैफिक इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल की ड्यूटी लगाने की मैनुअली प्रक्रिया की जाती है।

साउथ व ईस्ट जोन में दो अतिरिक्त टीआई तैनात

- डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि रूट डायवर्जन के चलते रामादेवी और घाटमपुर क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या सामने आती है, इसके मद्देनजर साउथ व ईस्ट जोन को दो भागों में विभाजित कर एक-एक अतिरिक्त टीआई की तैनाती की जा रही है। अभी तक प्रत्येक चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ होमगार्डों की तैनाती की जाती थी, लेकिन अब होमगार्डों की ड्यूटी शहर के प्रमुख चौराहों पर ही लगाई जाएगी।

डायवर्जन, नो इंट्री और वन-वे की कैमरों से निगरानी, हटेंगे होमगार्ड

- एसीपी ट्रैफिक ने बताया कि शहर में कई जगहों पर नो इंट्री, डायवर्जन व वन-वे व्यवस्था लागू की गई है, इसके बावजूद वाहन प्रतिबंधित क्षेत्रों से गुजरते हैं। इससे अक्सर हादसे होते हैं। इसे देखते हुए डायवर्जन, वन-वे और नो इंट्री वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर यातायात की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। कैमरे लगने पर रूट डायवर्जन, वन-वे और नो एंट्री स्थलों पर ड्यूटी में लगे सभी होमगार्डों को हटाकर दूसरे स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

दो एसीपी को सौंपा गया अतिरिक्त कार्यभार

- शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस को दो एसीपी और मिल गए। एसीपी कानून व्यवस्था चित्रांशु गौतम, पुलिस कमिश्नर कार्यालय में एसीपी आशुतोष कुमार को ट्रैफिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

बढ़ेंगी क्रेन, नो पार्किंग में खड़े वाहन होंगे सीज

- एसीपी सृष्टि सिंह ने बताया कि नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने के कारण जाम लगता है। इसे दूर करने के लिए क्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। क्रेन नो पार्किंग में खड़े वाहनों को सीज कर डंपयार्ड में पार्क करेंगी।

पप्पू स्मार्ट की जमानत याचिका खारिज

कानपुर। 25 हजार के इनामी पप्पू स्मार्ट की जमानत याचिका सीएमएम कोर्ट ने खारिज कर दी। 12 जून को पुलिस ने आरोपी को आगरा से गिरफ्तार किया था।

वर्ष 2020 में पिंटू सेंगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी गज्जूपुरवा गल्ला गोदाम निवासी मो. आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट के खिलाफ चकेरी थाने में वर्ष 2022 में धोखाधड़ी, षड़यंत्र रचने और धमकाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वह फरार चल रहा था। 12 जून को पुलिस ने आगरा के ज्योति कुंज कालिंद्री बिहार थाना ट्रांस यमुना से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी की ओर से सीएमएम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

दो ट्रेनों के एसी कोच बने तंदूर, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भीषण गर्मी में यात्री बिलबिलाये, सवा घंटे खड़ी रही कालका मेल
- सेंट्रल स्टेशन पर दूसरे कोच लगाए, रेलमंत्री को ट्वीट किया

अमृत विचार। शुक्रवार को एक ओर जहां भीषण गर्मी ने कहर बरपाया, वहीं कालका मेल समेत दो ट्रेनों के एसी खराब हो गए जिससे एसी कोच तंदूर बन गए और कई यात्रियों विशेषकर बच्चों, बूढ़ों एवं महिलाओं की हालत खराब हो गई। गर्मी से बेहाल यात्रियों ने हंगामा काटा जिससे सवा घंटे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही।

शुक्रवार को 12582 वाराणसी नई दिल्ली सुपरफास्ट और 12312 कालका मेल सहित तीन कोच का एसी फेल हो गया। टुंडला में एसी खराब होने के कारण तीन से साढ़े तीन घंटे तक यात्रियों की तंदूरनुमा एसी कोच में सफर करना पड़ा। बेहाल यात्रियों ने रेल मंत्री को एक्स पर शिकायत की। कालका मेल को कानपुर सेंट्रल पर रोककर ए-3 और बी-2 कोच को काटकर अलग किया और दूसरे कोच लगाए। इस चक्कर में कालका मेल सवा घंटे कानपुर सेंट्रल पर खड़ी रही। इस दौरान सीआईटी वीके तिवारी भी मौके पर पहुंचे। ये ट्रेन शाम सवा चार बजे हावपड़ा की ओर रवाना हो सकी। इसी प्रकार वाराणसी-आनंदविहार सुपरफास्ट में सफर कर रहे एडवोकेट सलमान सेराज ने ट्वीट किया। ट्रेन प्लेटफार्म नंबर छह पर सुबह सवा चार बजे आई। घटना रेलमंत्री तक पहुंचने के कारण रेल अधिकारी तुरंत सक्रिय हो गए और आधे घंटे में ही एसी की गड़बड़ी को ठीक करके ट्रेन को रवाना कर दिया।

आज से बदले रूट से चलेंगी ट्रेनें

कानपुर। शनिवार को वाया सेंट्रल स्टेशन होकर जाने वाली कई ट्रेन बदले हुए रूट से जाएंगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनल कानपुर सेंट्रल 04152 एक्सप्रेस 15, 22 और 29 जून को खंडवा, इटारसी, बीना, झांसी होकर जाएगी। इसी रूट पर 21 जून को कानपुर सेंट्रल लोकमान्य तिलक टर्मिनल 04151, 18 व 25 जून को लोकमान्य तिलक प्रयागराज 01045, 19 व 26 जून को प्रयागराज लोकमान्य तिलक टर्मिनल 01046, 19 व 26 जून को बेंगलुरु प्रयागराज 04132, 16, 23 व 30 जून को प्रयागराज बेंगलुरु 04131 एक्सप्रेस, 21 व 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल सूबेदारगंज 04116 एक्सप्रेस, 20 व 27 जून को सूबेदारगंज लोकमान्य तिलक टर्मिनल 04115 जाएंगी।

दोनों डॉक्टरों को पुलिस ने छोड़ा, नहीं मिली तहरीर

मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन में पार्टी करने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में 75 फुट से डक्ट में गिरकर एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के मामले में पुलिस ने हिरासत में लिए उनके साथियों डॉक्टर हिमांशु और डॉ मयंक को हिरासत से छोड़ दिया है। परिजनों के हत्या का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ा था। दोनों डॉक्टरों से लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की गई मगर दोनों के बयान और बातचीत में पुलिस को ऐसा कुछ नहीं मिला जो हत्या की तरफ इशारा कर रहा हो। दीक्षा के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

डॉ. दीक्षा तिवारी।

बरेली के थाना बारादरी के सुरेशनगर शर्मा नगर निवासी प्रदीप तिवारी की 24 वर्षीय इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। इसके लिए वह तीन दिन पूर्व साइन आदि करने गई थी। 25 जून से उसे रेगुलर होना था। इस कारण वह अपना सामान लेने के लिए कानपुर आई थी। इस दौरान साथी डॉक्टर हिमांशु और डॉ मयंक के साथ वह बुधवार देर रात करीब 1 बजे मेडिकल कॉलेज के सुनसान परीक्षा भवन में पहुंची। छत पर सभी ने पार्टी की। उसी दौरान पांचवी मंजिल से वह डक्ट में जा गिरी। पुलिस ने पार्टी करने वाले दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया था।स्वरूप नगर पुलिस के अनुसार डॉक्टरों ने पूछताछ में बताया कि डक्ट की दीवार पर दीक्षा बीच में बैठी थी और दोनों डॉक्टर अगल-बगल बैठे थे। तभी अचानक दीक्षा डक्ट की ऊपरी सतह की स्लैब तोड़ते हुए नीचे गिर गई। डॉ हिमांशु पाइप के सहारे डक्ट में उतर गया। जहां लहूलुहान दीक्षा की सांसें चल रही थीं। दोनों ने दरवाजा तोड़ कर आसपास के कैंपस में रहने वाले लोगों को घटना की जानकारी दी। हैलट इमरजेंसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

- **छोड़ने की जानकारी दीक्षा के परिजनों को दी गई**

गुरुवार देर शाम जब पोस्टमार्टम हो गया तब परिवार वालों ने दोनों डॉक्टरों से मुलाकात की। उनसे बात करने के बाद दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी ने पुलिस से कहा कि वह पहले अंतिम संस्कार करेंगे उसके बाद तहरीर देखेंगे। इस संबध में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि परिजनों की तरफ से शुक्रवार को भी कोई तहरीर नहीं दी गई। बरेली में दीक्षा के परिजनों को दोनों को छोड़ देने की जानकारी दे दी गई है मगर उन्होंने कुछ नहीं कहा।

पांच स्थानों के खंगाले कैमरे, तीनों नजर आए

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के मामले में शुक्रवार को स्वरूप नगर पुलिस ने मेडिकल कॉलेज कैंपस में स्थित स्टेट बैंक, बैंक एटीएम, डाकघर, गेट के आसपास समेत पांच स्थानों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला है। जिसमें तीनों आते और जाते नजर आए हैं। पुलिस इसे हादसा मान रही है, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार को परिजन दोनों डॉक्टरों के खिलाफ तहरीर देने बरेली से आ सकते हैं। परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से गिरीं एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं थीं। शरीर के अंदर और बाहर गहरे जख्म मिले थे। सिर की चार हड्डियां टूटी थीं। पसलियां टूटकर हार्ट और लीवर में घुस गई थी, जिससे आंतरिक रक्तस्त्राव हुआ था। दुष्कर्म की आशंका को लेकर स्लाइड बनाई गई थी। मामले में बिसरा सुरक्षित किया गया था वहीं एल्कोहल की पुष्टि भी हुई है। परिजन हत्या की बात कह रहे हैं। उन लोगों का कहना था कि डॉक्टर हिमांशु अपने साथी डॉक्टरों के साथ बरेली घर आ चुके हैं, इसके बाद भी ऐसा क्यों किया वह लोग नहीं समझ पा रहे हैं।

कॉलेज के चक्कर काटे, बाउंड्री फांद अंदर गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। तीनों डॉक्टरों ने पहले रात में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर के दो बार चक्कर काटे थे। उसके बाद जैसे ही एक गार्ड राउंड कर कॉलेज के एलटी थ्री के पास से निकल गया तो तीनों डॉक्टर चुपके से एलटी थ्री की बाउंड्री फांदकर अंदर घुसे और उसके बाद परीक्षा हाल की छत की सीढ़ियों की तरफ गए। यह सब घटना कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज में कैद है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से गिरकर डॉ.दीक्षा तिवारी की बुधवार देर रात डेढ़ बजे मौत हो गई थी। पुलिस और मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में यह स्पष्ट है कि तीनों डॉक्टरों ने पहले कॉलेज परिसर के दो बार चक्कर काटे और इसके बाद एलटी थ्री के पास गए। यहां पर एक गार्ड के निकल जाने के बाद वह एलटी थ्री की बाउंड्रीवॉल फांदकर अंदर गए। यहां से परीक्षा भवन की सीढ़ियों की तरफ गए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा गठित टीम ने जांच शुरू कर दी है। मेडिकल कॉलेज से लेकर हैलट से संबंधित पांचों अस्पतालों व जीएसवीएसएस पीजीआई में डॉक्टरों, स्टाफ व कर्मचारियों के बीच डॉ.दीक्षा की मौत पर चर्चा होती रही।

- **सुरक्षा गार्ड के निकल जाने के बाद छुपते हुए अंदर गए थे तीनों डॉक्टर**
- **कॉलेज की सुरक्षा व निगरानी के लिए लगाए जाएंगे कैमरे व रहेंगे और गार्ड**

मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी ने बताया कि कॉलेज परिसर में कैमरे लगे हैं और और कैमरे लगवाएं जाएंगे। जहां लाइट की कमी है, वहांपर बिजली की व्यवस्था की जाएगी। कॉलेज परिसर में सुरक्षा कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाएगी।

डॉ. दीक्षा ने मौत से पहले भाई को किया था मैसेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। मौत से पहले डॉ. दीक्षा तिवारी ने अपने इंजीनियर भाई मयंक तिवारी के मोबाइल फोन पर मैसेज किया था, जिसमें लिखा था कि उसे कुछ जरूरी बात करनी है, लेकिन जब तक भाई मैसेज देखता कि उससे पहले बहन की मौत की खबर पहुंच गई। परिजनों ने शुक्रवार को संजय नगर में डॉ. दीक्षा का अंतिम संस्कार किया।

भाई मयंक तिवारी के अनुसार वह बुधवार रात किसी काम में व्यस्त थे। हादसे से कुछ समय पहले उनकी बहन दीक्षा ने मोबाइल फोन पर मैसेज किया कि वह कुछ जरूरी बात करना चाहती है, लेकिन जब तक वह मैसेज देख पाते कि बहन के मौत की खबर उन तक पहुंच गई। उसके बाद वह पुणे से मुंबई पहुंचे, जहां से फ्लाइट से लखनऊ आए। लखनऊ आने के बाद कानपुर के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि कानपुर से बहन का शव लेकर परिजन बरेली पहुंचे। जहां पर अंतिम संस्कार किया गया। मयंक ने बताया कि उन्होंने या उनके परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसे आधार बना कर वह आगे की कार्रवाई करेंगे। मंयक ने साफ किया कि जिन डॉक्टरों पर आरोप लग रहा है, वे उन्हें अच्छी तरह से जानते हैं। उन डॉक्टरों का उनके घर पर चार साल से आना-जाना था।

- **भाई मैसेज देख पता कि उससे पहले पहुंच गई बहन की मौत की खबर**

अखिलेश पिद्दी से थे, तब से कर रही हूं राजनीति : महापौर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय के एक बैठक के दौरान फाइल फेंकने के मामले में सियासत तेज हो गई है। शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महापौर का वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि ये है यूपी में भाजपा सरकार के हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल। कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं, पूरे यूपी की जनता को भाजपा के मेयरों ने ठगा है। इस मामले में महापौर प्रमिला पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा है कि जब अखिलेश यादव पिद्दी से थे, तब से मैं राजनीति कर रही हूं। पार्षद रहते हुए 10 साल जनता की सेवा की और दूसरी बार फिर से मेयर हूं। यह सब जनता की बदौलत ही है।

- **महापौर के फाइल फेंकने के वीडियो पर अखिलेश यादव ने एक्स पर किया था पोस्ट, 'ये दिखावटी गुस्सा'**

घटना 12 जून की है। महापौर प्रमिला पांडेय ने नाला सफाई की समीक्षा बैठक में नगर निगम जोन-3 के अधिशासी अभियंता नानक चंद के झूठी रिपोर्ट पेश करने पर फाइल फेंक दी थी। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इसी वीडियो को पोस्ट करते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कई सवाल किए। उन्होंने लिखा कि उप्र. में स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भाजपाई भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उप्र. को बजबजाती नालियों, सडांध भरे नालों, गड्ढेयुक्त सड़कों-गलियों, जाम में फंसी सड़कों के अलावा अगर और कुछ मिला है तो वो है 'भाजपाई राजनीति' का वो प्रदूषण जो सारे ठेके अपने लोगों को लेन-देन के सौदे के बदले में देता है। इसीलिए इनका काम न होने का क्रोध केवल दिखावा है। जनता ऐसे नाटक देख देखकर त्रस्त हो चुकी है और अगले मेयर चुनाव में भाजपा के मेयरों को हराने-हटाने के लिए तैयार बैठी है। इसके जवाब में महापौर प्रमिला पांडेय का कहना है कि अखिलेश जो काम करते होंगे, वो हवा-हवाई करते होंगे। अगर वो कुछ कह रहे हैं तो हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। जब वो पिद्दी भर थे, तब से मैं राजनीति कर रही हूं। मेरी पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास करना सिखाया है। अखिलेश को जवाब देते कहा कि जो ठगता है, उसे पता होता है कैसा ठगा जाता है। भाजपा के मेयरों को नहीं पता है, कैसे ठगा जाता है।

एक नजर

आईजीआरएस के मामलों को जल्द करें निस्तारित

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने आईजीआरएस का कार्य थाना और जोन स्तर पर देख रहे अधिकारियों और कर्मचरियों के साथ कार्यालय में बैठक की। कहाकि आईजीआरएस के मामलों को निस्तारण करें। आवेदक को भली प्रकार से संतुष्ट किया जाए।

जुमे की नमाज को लेकर रहा अलर्ट

कानपुर। जुमे की नमाज के दौरान पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल आरएस गौतम ने पीएसी व पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र बेकनगंज व अनवरगंज क्षेत्र में भ्रमण किया। कमिश्नरेट के हर जोन में जहां पर मुस्लिम आबादी है और जुमे की नमाज अदा की गई वहां पर डीसीपी जायजा लेते रहे।

तीन आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में मारपीट और गालीगलौज के मामले में आरोपी राजू, टिंकू, कल्लू निवासी गंभीरपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों एक मामले में कई दिन से फरार चल रहे थे।

डीसीपी ने पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफ

कानपुर। गंगा दशहरा तथा बकरीद के मद्देनजर सभी डीसीपी ने अपने-अपने जोन के थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। घाटों और मस्जिदों पर साफ सफाई, लाइट और पार्किंग व्यवस्था, गोताखोरों से समन्वय, मोटर बोट, बैरीकेडिंग, यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए गए। सभी डीसीपी ने अपने-अपने जोन में सभ्रांत नागरिकों के साथ भी बैठक की।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मर्चेंट चेंबर सभागार में शुक्रवार को सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज राजेश चौधरी ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

अति विशिष्ट अतिथि जी.एस. बौनल एडीशनल कमिश्नर एसजीएसटी कानपुर एवं सीएसटी विभाग लखनपुर से ज्वाइंट कमिश्नर पीयूष सिंह उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नारायण बाजपेई ने किया। कार्यक्रम में रविंद्र शर्मा, प्रेम गुप्ता, शिशु गोपाल गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, दीपक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कटियार ने धन्यवाद दिया।

- **सेल्स टैक्स बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण**
- **मुख्य अतिथि अपर जिला जज राजेश चौधरी ने दिलाई शपथ**

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराते अपर जिला जज राजेश चौधरी। अमृत विचार

इन्होंने ली शपथ : शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष विमल कटियार, महामंत्री मुकुंद दास गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी सिंह, उपाध्यक्ष विनय अवस्थी, वित्त सचिव महेंद्र कुमार, प्रशासनिक सचिव दीपक द्विवेदी, सांस्कृतिक सचिव प्रमोद कुमार तिवारी, खेल सचिव राम विशाल यादव एवं लाइब्रेरियन दीपेंद्र कुमार ने शपथ ली।

संदिग्ध हालत में छात्र की मौत

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने मामले की जांच की। हत्या और हादसे में पुलिस की जांच चल रही है।

सचेंडी थानाक्षेत्र के छीतेपुर का रहने वाला 18 वर्षीय धीरेंद्र गौतम फर्स्ट ईयर का छात्र था। उसके मौसा संतोष ने बताया कि वह गुरुवार शाम को घर से पनकी गंगागंज जाने की बात कहकर कहकर निकला था। लेकिन रात तक नहीं लौटा।

इसके बाद पनकी में नारायण हॉस्पिटल के पीछे सूखे तालाब में उसका शव पड़ा मिला। वह परिवार का इकलौता बेटा था और दो बहनें हैं। मां आशा ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पनकी पुलिस के अनुसार आसपास लगे सीसीटीवी देखे जा रहे हैं।

कम मजदूरी देकर काम कराना बंद हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्राइवेट कंपनियां मजदूरों को कम मजदूरी देकर उनका शोषण कर रही हैं। ये शोषण सरकार की बेहद कम मजदूरी पर काम कराने वाली नीतियों के कारण है, ऐसी नीतियों को सरकार बंद करे।

शुक्रवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रमिकों की समस्याओं को लेकर श्रम मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव को सौंपा। मांग की गई कि आशा, आंगनबाड़ी रसोईया, ग्राम सहायक और सभी सरकारी और गैर सरकारी रोजगार और नौकरियों में न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपये प्रतिमाह की जाए। मनरेगा में 200 दिन काम और मजदूरी दर 800 रुपये रोज किया जाए। आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया, ग्राम सहायक आदि को सरकारी कर्मी घोषित किया जाए। मांग की गई कि आवारा पशुओं की समस्या का हल किया जाए और किसानों के नुकसान की भरपाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि खाद सब्सिडी बहाल की जाए और बढ़े दाम भी वापस लिए जाएं। बीज व कीटनाशक दवाओं के दाम कम किए जाएं। खेती किसानी में काम आने वाले उपकरणों को जीएसटी मुक्त किया जाए। इसी प्रकार 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर श्रमायुक्त को सौंपा गया। इंटक से राजेश शुक्ला, एटक से असित कुमार सिंह, गौरव दीक्षित, एचएमएस से टी के पासवान, योगेश ठाकुर, सीटू से रामप्रकाश राय, राजीव खरे, एक्टू से एस ए एम जैदी, देवेंद्र सिंह, एआईयूटीयूसी से धर्मदेव आर डी गौतम, मीनाक्षी सिंह आदि मौजूद थे।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने श्रममंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन करें

कानपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण पाने के इच्छुक दिव्यांगजन https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, जन्मतिथि/आयु प्रमाण पत्र-आधार कार्ड, हाईस्कूल मार्कशीट, आयु सत्यापित, पहचान प्रमाण पत्र आदि के साथ कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संपर्क कर सकते हैं।

गुप्तांग में ईंट बांधने के आरोपी को जमानत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव कोचिंग मंडी में ऑनलाइन गेम में हुए लेनदेन के विवाद में छात्र के साथ हैवानियत बरतने वाले आरोपी की जमानत याचिका एडीजे 13 की कोर्ट ने खारिज कर दी।

इटावा जिले के लवेदी थानाक्षेत्र का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर इंटर की परीक्षा पास कर दोस्त केशव व शिवा के साथ कानपुर आया था। वह केशव और शिवा के साथ ही ब्वायज हास्टल में रह कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। किशोर ने ऑनलाइन गेम एवीएटर खेलने के नाम पर केशव से 20 हजार रुपये उधार लिए, लेकिन वह गेम में पैसे हार गया था। पैसा न लौटा पाने पर शिवा, केशव, तनय, नितिन, योगेश विश्वकर्मा, संजीव ने उसे गीता नगर स्थित नितिन के फ्लैट में बंधक बना कर बेरहमी से पीटा था।

- **एडीजे 13 की कोर्ट में आरोपी ने दाखिल की थी याचिका**

आरोपियों ने किशोर को निर्वस्त्र कर उसके गुप्तांग में ईंट बांधकर लटकाया और आग से उसे जलाया था। आरोपियों ने उसका वीडियो वायरल कर दिया था। किशोर ने बताया था कि उसे काकादेव गीतानगर निवासी तन्मय ने स्प्रे डाल कर जलाया था। मामले में तन्मय की मां सीमा चौरसिया की ओर से एडीजे 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें बताया गया कि वायरल वीडियो डीप फेक से बनाया गया। छात्र ने आरोपी तन्यम से नीट में सलेक्शन कराने के नाम पर 4 लाख रुपये लिए थे। वापस मांगने पर उसे जबरन फंसाया गया। लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने आरोपी तन्मय की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

100 सीसीटीवी खंगाले, चोरों का पता नहीं

कानपुर। फीलखाना थानाक्षेत्र में बिरहाना रोड पर एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये चुराने वाले आरोपी पकड़ से दूर हैं।

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया अब तक करीब 100 सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। जिसमें शातिर परेड स्थित सद्भावना चौकी के पास तक जाते दिखे हैं। इसके बाद फिर घटनास्थल की तरफ गए और गायब हो गए। पुलिस को इसके बाद की लोकेशन नहीं मिल सकी है।

उन्होंने बताया कि एटीएम में दो व्यक्ति आए थे एक बाहर खड़ा रहा जबकि दूसरा अंदर गया था। दोनों सीसीटीवी में कैद हैं।

एटीएम से चोरी के आरोप में सिक्योरिटी मैनेजर ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को मामले की जांच के लिए पुलिस ने बैंक अधिकारियों के सामने ट्रे खुलवाई तो उसमें 4 हजार रुपये फंसे मिले। जबकि शनिवार देर रात एटीएम पहुंचे युवक ने 10 हजार रुपये फंसने की बात बताई थी।

जरा ध्यान दें न करें वीआईपी रोड का प्रयोग, रूट डायवर्जन किया गया है

गंगा दशहरा पर आज ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर श्रद्धालु गंगा स्नान को आते हैं। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहर के कई स्थानों के यातायात व्यवस्था में तब्दीली की है। अटल घाट, परमट मंदिर घाट, सरसैया घाट समेत तमाम घाटों तक पहुंचने के लिए वीआईपी रोड पर अत्यधिक दबाव के चलते ट्रैफिक पुलिस शहरवासियों से वीआईपी रोड का प्रयोग न करने की अपील की है। इसके साथ ही रूट डायवर्ट किया है, जो इस प्रकार है।

- उन्नाव सीमा से परियर पुल होते हुए चौबेपुर की ओर जाने वाले मध्यम, भारी वाहन बिठूर शनिदेव चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन चकलवंशी (उन्नाव) से गंगा बैराज से यश कोठारी से ब्लूवर्ल्ड तिराहा से मंधना होते हुए जाएंगे।

गंगा को लाने कोई भगीरथ आए : गंगा कलयुग में धरती पर भगीरथ को पुकार रहीं। गंगा के अवतरण दिवस यानि गंगा दशहरा पर गंगा नदी में स्नान करने की परम्परा है। गंगा का जल स्तर दिन प्रतिदिन घट रहा है। दूर-दूर तक रेत ही रेत नजर आ रही। ऐसे में श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान कहां करेंगे। अमृत विचार

- चौबेपुर से भारी व मध्यम वाहन शनिदेव चौराहा, बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मंधना से गंगा बैराज होते हुए जाएंगे।
- मंधना चौराहा की ओर आने वाले भारी व मध्यम वाहन ब्लू वर्ल्ड तिराहा से चुंगी चौराहा, बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन यश कोठारी चौराहा से गंगा बैराज होते हुए जाएंगे।
- मंधना व कल्याणपुर की ओर से आने वाले भारी व मध्यम वाहन यश कोठारी चौराहा से चुंगी चौराहा, बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन गंगा बैराज होते हुए जाएंगे।
- यश कोठारी चौराहा से चार पहिया, छः पहिया व बड़े सवारी वाहन बिठूर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ब्लूवर्ल्ड तिराहा से जाएंगे।
- कोई भी चार पहिया वाहन सरसैया घाट चौराहा से सरसैया घाट की ओर नहीं जा पाएगा। ऐसे वाहन चेतना चौराहे की तरफ डायवर्ट किए जाएंगे।
- अधिक दबाव की स्थिति में मेघदूत चौराहा से कोई भी वाहन सरसैयाघाट की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन बड़े चौराहा की तरफ डायवर्ट किए जाएंगे।
- ग्रीनपार्क चौराहा से चार पहिया वाहन सरसैया घाट चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।

यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- उन्नाव की ओर से आने वाले बड़े वाहन का गंगा पुल के पूर्व परियर कस्बा से ही डायवर्जन रहेगा। छोटे वाहन शताब्दी विहार के बगल में पार्क किए जाएंगे।
- कन्नौज, फर्रुखाबाद, औरैया, कानपुर देहात की ओर से आने वाले बड़े वाहन जो चौबेपुर होते हुए बिठूर आएंगे, उनकी पार्किंग शनिदेव चौराहा से पूर्व ही चौबेपुर मार्ग पर की जाएगी।
- कानपुर नगर से मंधना होते हुए आने वाले वाहन चुंगी चौराहा से पूर्व गुरुकुल आश्रम के बगल में पार्क किए जाएंगे। दो पहिया वाहनों की पार्किंग चुंगी चौराहा से पूर्व की जाएगी।
- सिंहपुर से बिठूर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों की पार्किंग रमेल नगर से बाएं गुरुकुल आश्रम के बगल में स्थित पार्किंग स्थल में की जाएगी। दो पहिया वाहन चुंगी चौराहा से पूर्व पार्क किए जाएंगे।
- सरसैया घाट से चेतना चौराहे के बीच रोड के दोनो ओर वाहनों की पार्किंग की जाएगी।

सुबह 5.07 मिनट पर सीसीटीवी में जाते दिखे थे हेड कांस्टेबल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। फीलखाना थानाक्षेत्र में हेड कांस्टेबल खेमचंद्र की नृशंस हत्या करने के बाद चेहरे को जलाने के मामले में क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। मामला विभागीय होने के कारण पुलिस सुबह से मामले को मीडिया से दबाए रही। फीलखाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि नाले के सामने मोड़ पर हुंडई शोरूम है। जहां शोरूम के बाहर सीसीटीवी लगा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह शुक्रवार सुबह 5.07 मिनट पर कैमरे में कैद हुए हैं और आराम से घाट की तरफ जाते दिख रहे हैं। पुलिस को आशंका है, कि इसके बाद ही उनके साथ सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया होगा।

शराब का अधिक करते थे सेवन: पुलिस के सूत्रों ने बताया कि हेड कांस्टेबल शराब का अधिक सेवन करते थे। वह आए दिन टहलते-टहलते गुप्तार घाट के पास पहुंच जाते थे, वहां देशी शराब के ठेके में शराब का सेवन करने के बाद निकल जाते थे।

इसी नाले में मिला हेड कांस्टेबल का शव। अमृत विचार

बस्ती का हो सकता है हत्यारा

गुप्तार घाट के नाले में जिस स्थान पर हेड कांस्टेबल का जला शव मिला वहां आसपास झुग्गी झोपड़ी वाले रहते हैं। उन लोगों ने जैसे ही शव का चेहरा देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस्ती में ही उसका किसी महिला से अवैध संबंध था, जिस कारण उन्हें इतनी बुरी मौत दी गई।

लोग बोले बहकर आया शव

बस्ती के बीच बना गुप्तार घाट का नाला सीधे गंगा में गिरता है। सुबह के समय इसमें पानी का वेग काफी तेज रहता है। लेकिन दिन ढलने के साथ धीमा होने लगता है। लोगों ने बताया कि हो सकता है, कि नाला इतना गहरा है, नशे में वह गिर गए होंगे।

वृद्धा और मानसिक मंदित भाई दबंग से परेशान

केस 01

जवाहर नगर में कमला नेहरू पार्क के सामने रहने वाली बुजुर्ग मां और उनके मानसिक मंदित भाई को मोहल्ले के दबंग जीने नहीं दे रहे हैं। मकान पर कब्जा करने की नीयत से बिजली कनेक्शन कटवा दिया है। इस भीषण गर्मी में बूढ़ी बहन और भाई बिना बिजली घुट-घुटकर जीने को मजबूर हैं। दबंगों के भय से पुलिस से शिकायत नहीं कर रहे हैं। आज तक थाना पुलिस ने भी उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

बेटा-बहू घर से निकालने के लिए करते मारपीट

केस 02

जूही विनोबा नगर निवासी वृद्ध ने बताया कि बेटा व बहू मकान के एक भाग में कब्जा किए हैं। उन्हें घर से निकालने के लिए मारपीट करते हैं। 8 जून को वह घर में दीवार खड़ी करा रहे थे, तो बेटा, बहू व पौत्र ने धक्का दे दिया। सूचना डॉयल 112 पर दी और जान के भय से होटल में रात गुजारी। पीड़ित का आरोप है कि बहू की प्रताड़ना से ही पत्नी की मौत हो गई थी। 12 जून को दो दरोगा उन्हें घर लेकर गए, लेकिन बहू ने घुसने नहीं दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद घर में रहने दिया गया।

अमृत विचार विशेष

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस

जिन पर लुटा दिया जीवन, वही औलादें ढा रहीं सितम

- कमिश्नरेट के थानों में रोज पहुंचती हैं माता-पिता को प्रताड़ित करने की शिकायतें
- सवेरा अभियान में 10,771 बुजुर्गों ने कराया रजिस्ट्रेशन, लेकिन कोई देखभाल नहीं

कमिश्नरेट के सभी थानों में बीट पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं, उनके बीट में जो भी वरिष्ठ नागरिक हैं, उनका ध्यान रखें और समय-समय पर मानीटरिंग करते रहें। माता-पिता को प्रताड़ित करने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा।

-अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर

गौरव श्रीवास्तव कानपुर।

अमृत विचार। अपनी औलाद के लिए माता-पिता जिंदगी भर क्या कुछ नहीं करते। लेकिन तमाम मामलों में जब उम्र के अंतिम पड़ाव पर सहारे का जरूरत होती है, तो औलादें उन पर सितम ढाने लगती हैं। घरों की चाहरदीवारी के भीतर उनके साथ दुर्व्यवहार होता है, कई बार मारपीट के भी शिकार होते हैं। उन्हें डांट-फटकार, खाना न देना, ढंग के कपड़े न देना, रिश्तेदारों से मिलने न देना जैसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। आए दिन कमिश्नरेट के थानों में ऐसी ही शिकायतें लेकर वृद्धजन पहुंचते हैं।

बुजुर्गों की देखभाल के लिए मुख्यमंत्री ने 26 अक्टूबर 2019 को सवेरा अभियान शुरू किया था। इसमें अकेले रहने वाले बुजुर्गों की देखभाल का जिम्मा पुलिस को सौंपा गया था। कानपुर में 10,771 बुजुर्गों ने पंजीकरण कराया है। लेकिन उनकी देखभाल नहीं हो रही है।

मदद के लिए क्या करें वरिष्ठ नागरिक

अपने मोबाइल से 112 डायल करें। पीआरवी कर्मी आपके पास पहुंचेंगे। नाम, उम्र, जेंडर, मूल निवास, मैरिटल स्टेटस, परिवार में कितने लोग हैं, कौन कहां रहता है। आपके परिवार के कोई पांच मोबाइल नंबर, कोई बीमारी है? सबसे पास कौन सा अस्पताल है? कौन सी दवा प्रयोग करते हैं? आदि जानकारी लेकर एप पर अपलोड कर देंगे। इस तरह रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

बदनामी के डर से नहीं करते शिकायत

तमाम वृद्ध ऐसे हैं, जो परिवार की बदनामी के डर से सब कुछ सहते हैं पर मुंह नहीं खोलते हैं। वह अपनी प्रताड़ना को पारिवारिक मामला मानते हैं और सहन करते रहते हैं। काफी वृद्धों को यह जानकारी ही नहीं है, कि उन्हें कानूनी मदद कैसे मिल सकती है।

सवेरा अभियान में पुलिस की जिम्मेदारी

- बीट पुलिसकर्मी वरिष्ठ नागरिक के पास जाकर उनकी जानकारी बीट बुक में दर्ज करेगा।
- बीमारी की हालत में वरिष्ठ नागरिक के परिजनों को जानकारी देकर दवा का प्रबंध करेगा।
- बीपीओ उनके मकान या प्रापर्टी पर दबंगों की नजर तो नहीं है, इसकी जानकारी करेगा।
- थाने के इंचार्ज और एसीपी भी वरिष्ठ नागरिक से मिलकर उनकी परेशानी को हल करेंगे।

गुमनामी की जिंदगी जी रहे बुजुर्गों का नहीं कोई सहारा

अमृत विचार। परिवारों में बिखराव ने अपनों से बुजुर्गों को दूर कर दिया है। तमाम वृद्ध गुमनामी की जिंदगी जीते हुए कब अंतिम सांस ले लेते हैं, इसका पता आसपास रहने वालों को भी जल्दी नहीं चल पाता। हाल ही में कमिश्नरेट के थाना क्षेत्रों में एक माह के भीतर 10 बुजुर्ग दंपति या वृद्ध-वृद्धाओं के शव घर पर पड़े मिले। कई दिनों से मृतकों के नहीं दिखने पर लोगों को शंका हुई और घर पहुंचे, तो बदबू उठने पर शक हुआ। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर नाते रिश्तेदारों को सूचना दी गई। अलग-अलग मामलों में इक्का-दुक्का लोग आए और शवों का विद्युत शवदाह गृह में अंतिम संस्कार करा दिया।

कागजों पर अभियान, घरों में मिले बुजुर्गों के शव

- 28 मई को सेवानिवृत्त शिक्षिका माधुरी शुक्ला का शव बिठूर में मिला था, परिजनों से नहीं बनती थी।
- 31 मई को काकादेव में बुजुर्ग बहनों सुमन व प्रेमा के शव मिले।
- 1 जून को बर्रा में लखनऊ निवासी रोहित का शव मिला।
- 4 जून को गुजैनी के मर्दनपुर में अभिषेक वैश्य का घर में शव पड़ा मिला।
- 5 जून को चमनगंज में छैल बिहारी और उनकी पत्नी सुषमा के शव रसोई घर में मिले।
- 7 जून को बर्रा तीन के रहने वाले श्रीचन्द्र का शव घर में दरवाजे के पास पड़ा मिला।
- 11 जून को नवाबगंज के विष्णुपुरी में कुर्सी पर रानी का शव मिला था।

आतंकी हमले का सूफी खानकाह एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया, मुसलमानों से आगे आने की अपील

मुसलमान आतंकवाद के खिलाफ खड़े हों: सूफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जम्मू कश्मीर के रेसई में हिंदू तीर्थ यात्रियों पर कायराना हमले का सूफी खानकाह एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। भारत सहित दुनिया भर के मुसलमानों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील की है।

खानकाह फैजिया मजीदिया कानपुर में जुमा की नमाज के दौरान दिए जाने वाले खुतबे में सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी एडवोकेट ने कहा कि इस्लाम और कुरान किसी भी तौर से किसी बेगुनाह पर तशद्दुद की इजाजत नहीं देता। पवित्र कुरान में स्पष्ट उल्लेख है कि जिस किसी ने भी किसी एक बेगुनाह को कत्ल किया उसने सारी इंसानियत को कत्ल किया।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के रेसई में हिंदू तीर्थयात्रियों को निशाना बनाकर किया गया आतंकी हमला कायरतापूर्ण है, जिसकी सूफी खानकाह एसोसिएशन कठोर शब्दों में निंदा करता है। भारत के मुसलमानों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील करता है।

विश्व भर के मुसलमानों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत है क्योंकि कथित आतंकवाद जिस नाम पर किया जा रहा है, उससे इस्लाम और मुसलमान बदनाम होते हैं। युवा वर्ग खास तौर से मुस्लिम युवाओं को ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्वों से न सिर्फ दूर रहना चाहिए बल्कि अपने सामर्थ्य के अनुसार संवैधानिक तरीके से ऐसे तत्वों का मुखर होकर विरोध भी करना चाहिए।

शिया महिला शहर काजी ने इराक में हजरत मुस्लिम के रौजे पर मांगी दुआ

कानपुर। कानपुर की महिला शहरकाजी हिना जहीर ने शुक्रवार को करबला के पहले शहीद हजरत मुस्लिम के रौजे पर इराक के कूफा में रौजे की जियारत करते हुए भारत की खुशहाली और अमन-अमान की दुआ की। कानपुर में महिला शहरकाजी हैं जो प्रदेश भर की मुस्लिम महिलाओं की समस्याओं को कुरान व हदीस की रोशनी में दूर करने की कोशिश करती हैं। शनिवार को शहर के शिया बाहुल्य क्षेत्रों में हजरत मुस्लिम का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसमें अंजुमन रजाए इस्लाम, अंजुमन रिजविया, अंजुमन मोईनुल मोमनीन, अंजुमन मोहम्मदी, अंजुमन पंजतनी, अंजुमन जाफरिया, अंजुमन रजा-ए-हुसैन जैसी संस्थाएं अंजुमन मजलिस, नौहाख्वानी समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी। कर्नलगंज, गम्मू खां हाता, छोटे मियां हाता, इमामबारगाह हादी बेगम, इमामबारगाह आगामीर आदि स्थानों पर कार्यक्रम होंगे जबकि बड़ी करबला नवाबगंज में शहीदी दिवस मनाया जाएगा। शुक्रवार को शिक्षाविद् मजहर अब्बास नकवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहादत दिवस बड़े पैमाने पर मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में मोहम्मद आसिफ रिजवी, शरद रिजवी, इसरार हुसैन जैदी, मरफी आदि ने विचार रखे। नकवी ने बताया कि हजरत मुस्लिम हजरत इमाम हुसैन के राजदूत की हैसियत से कूफा गये थे, जहां उन्हें ईद-उल-अजहा की आठ तारीख यानी हज से दो दिन पहले शहीद कर दिया गया था। इस कारण उन्हें कर्बला क्रान्ति का पहला शहीद माना जाता है। आप मौला अली के भाई जनाब अक़ील के बेटे थे। जनाबे मुस्लिम की शहादत के बाद उनके बेटों ने भी अपनी जान हज़रत इमाम हुसैन के मिशन के लिए कुर्बान की।

मकनपुर तक नहीं पहुंच पाए पाकिस्तानी मौलाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विश्व प्रसिद्ध शिया धर्म गुरु पाकिस्तान के अल्लामा शहंशाह हुसैन नकवी शुक्रवार को मकनपुर पहुंचे लेकिन हाईवे पर कट न होने के कारण वह जिन्दा शाह मदार की दरगाह नही पंहुच सके। जिसके चलते सज्जादानशीन सैयद नुरूल अराफात जाफरी ने मौलाना का स्वागत हाईवे पर किया।

शुक्रवार देर शाम पाकिस्तानी मौलाना का काफिला बिल्हौर पहुंचा, यहां मौलाना ने अपने हमराह चल रहे लोगो के साथ हाईवे पर ही फातिहा पढ़ा और उन्हें बताया कि शाह मदार बहुत बड़े बुजुर्ग हैं और उनके चिल्ले पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया में हैं। मकनपुर वासियों ने उन्हें दरगाह की तस्वीर और चादर स्मृति चिन्ह के रूप में भेट की। प्रमुख रूप से मौलाना अजीम, बजमी नकवी, अफजल अब्बास, शाहकार, अयान आदि मौजूद रहे।

अल्लामा आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना यासूब अब्बास के निमंत्रण पर उनके वालिद मिर्जा मुहम्मद अतहर और चचा मिर्जा मुहम्मद अशफाक की स्मृति में आयोजित मजलिस पढ़ने के लिए लखनऊ आए थे। शुक्रवार को मौलाना लखनऊ से वाया बिल्हौर सड़क मार्ग से दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली से मौलाना की फ्लाइट पाकिस्तान के लिए थी।

बिल्हौर में पाकिस्तानी मौलाना का स्वागत किया गया।

- कन्नौज हाईवे पर कट नहीं होने के कारण उनका काफिला फंसा
- मौलाना ने हाईवे पर ही पढ़ा फातिहा, सज्जादानशीन ने स्वागत किया

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

बकरीद के मद्देनजर सूतफेनी की दुकानें लग गई हैं। अमृत विचार

खुले में कुर्बानी न करें, सफाई का ध्यान रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कुल हिंद जमीयतुल अवाम के नगर उपाध्यक्ष मौलाना कारी आरिफ रजा कादरी ने अवाम से गुजारिश की है कि दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए खुले में कुर्बानी नहीं करें। सफाई का विशेष ख्याल रखें और ईद-उल-अजहा का त्योहार शासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए मनाएं।

मौलाना कारी आरिफ रजा कादरी।

बकरीद को लेकर कुलीबाजार में बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुए नगर उपाध्यक्ष मौलाना कादरी ने कहा कि 17 जून को बकरीद है। हमें एक जिम्मेदार नागरिक होने का सबूत देना चाहिए। हम सबको अपने मोहल्ले में विशेष सफाई अभियान चालू करना चाहिए। प्रदेश शासन द्वारा जो भी गाइडलाइन है उन सभी का पालन करते हुए त्योहार को मनाना है। कुर्बानी का कोई वीडियो न बनाया जाए। नासमझ वीडियो बनाकर वायरल कर देते हैं जो जायज नहीं है।

हलीम कालेज में लगा बकरा बाजार। अमृत विचार

हलीम में बकरा व्यापारियों से वसूली

हलीम कालेज के आसपास बकरों की बाजार सज गई है और इस बाजार में आने वाले किसानों, बकरा व्यापारियों से वसूली करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। इतनी बड़ी बाजार होने के बाद भी यहां पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है जिससे व्यापारी परेशान हैं। यहां बकरा खरीदने वाले और बकरा बेचने वाले दोनों से ही वसूली की जा रही है।

कर्म का फल हर हाल में भोगना होता : प्रेमभूषण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कर्म का फल सांसारिक व्यक्ति को भोगना ही होता है। यदि कोई यह समझता है कि उसे अपने कर्मों से छुटकारा मिल सकता है तो वह गलत समझता है। यह संसार प्रभु की उत्तम रचना है। अपनी रचना में प्रभु हर जीव को समान भाव से देखता है। प्रभु की नजर सभी पर रहती है।

प्रेमभूषण महाराज।

यह विचार शुक्रवार को मोतीझील में चल रही कथा के दौरान प्रेम भूषण जी महाराज ने व्यक्त किए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्वास पर ही टिका है। हमारे हाथ में केवल हमारा कर्म है। हमारे कर्म से ही हमारा प्रारब्ध बनता है। कोई भी व्यक्ति किसी और के भाग्य को बदल नहीं सकता है। उसका भाग्य तो उसके अपने ही कर्मों से बना होता है। श्री रामकथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान को न मानने वाले या प्रकृति से छेड़छाड़ करने वाले लोगों को अगर यह लगता है कि उसका फल उन्हें नहीं भोगना होगा तो वह गलत सोचते हैं।

योग और आसन से लगाएं मधुमेह पर लगाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 'योगोत्सव पखवाड़े' के अन्तर्गत शुक्रवार को 'रोग आधारित योग' की कार्यशाला यूनाइटेड पब्लिक स्कूल, सिविल लाइन्स, कानपुर में हुई। सहायक आचार्य डॉ. रामकिशोर ने बताया कि अब तक के वैज्ञानिक अनुसंधानों में मंडूकासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन, भुजंगासन और धनुरासन मधुमेह रोग के नियंत्रण में सर्वाधिक उपयोगी पाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हृदयरोगी एवं हार्निया से पीड़ित रोगी इन आसनों का प्रयास न करें। अर्ध मत्स्येंद्रासन का प्रयास कर सकते हैं। मानसिक रोगों के प्रबंधन में सूर्यनमस्कार, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी लाभकारी हैं। इसके अतिरिक्त थायराइड, ओबेसिटी आदि समस्याओं के योगाभ्यास भी बताये गये। इस मौके पर कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार, आई.एम. रोहतगी आदि मौजूद रहे। उधर सीएसजेएमयू में जारी योग प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षिका सोनाली धनवानी ने प्रतिभागियों को पीपीटी के माध्यम से स्थूल व्यायाम के विषय में जानकारी दी एवं अभ्यास कराया।

कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार ने बताया कि स्थूल व्यायाम मांसपेशियों को मजबूत बनाते हुए ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है। योग विद्यार्थी अंकिता, ज्योति, पलक, अदिति एवं अमित आदि ने कार्यशाला सफल बनाने में सहयोग किया।

आसन की मुद्रा में प्रशिक्षणार्थी। अमृत विचार

- योगोत्सव पखवाड़े में 'रोग आधारित योग' की कार्यशाला

बिन बिजली गर्मी में तड़पे लोग, सबस्टेशनों पर धावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी से बचाव के लिए लोगों को एसी, कूलर व पंखे की जरूरत है, लेकिन केस्को की बदहाल विद्युत आपूर्ति के कारण शहर में लोग रात हो या दिन बिजली नहीं मिलने से उबल रहे हैं। गुरुवार रात पुराना कानपुर, शारदा नगर, विनायकपुर, रेलबाजार, गंगागंज भाग-चार, अर्रा, बिनगवां, गल्लामंडी, रतनपुर, सिविल लाइंस व साकेत नगर समेत एक दर्जन क्षेत्रों में लोग बिजली संकट से परेशान रहे। हजारों लोगों ने सड़कों पर जागकर रात काटी। बच्चे, बुजुर्ग व बीमार तड़प उठे। आक्रोशित लोगों ने केस्को के हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल के अलावा एक्स अकाउंट पर शिकायत की। भीड़ ने कई सबस्टेशनों पर धावा बोला, लेकिन कर्मचारियों ने गैंग के काम पर लगे होने का आश्वासन देकर लोगों को शांत करा दिया।

शुक्रवार को केशवपुरम, मसवानपुर, सर्वोदय नगर, शारदा नगर, तिलक नगर, बिरहाना रोड, बांसमंडी, सिद्धार्थ नगर, शास्त्री नगर, छबिलेपुरवा, आवास-विकास कल्यानपुर, लखनपुर समेत 70 क्षेत्र दिन में बिजली संकट से जूझते रहे। कई क्षेत्रों में ट्रिपिंग व लो वोल्टेज की समस्या रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक त्रिवेणी फीडर की आपूर्ति शाम को एचटी पोल में ट्रक के टक्कर मारने से दो घंटे ठप रही। ट्रक की टक्कर से एचटी पोल, इंसुलेटर व जंपर क्षतिग्रस्त हो गए। मीरपुर फीडर की आपूर्ति फॉल्ट के कारण शाम को बाधित रही।

बिजली चोर पकड़ने के लिए ड्रोन उड़ाती केस्को टीम। अमृत विचार

16 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी

- जरीब चौकी खंड के चमनगंज क्षेत्र में केस्को टीम ने चेकिंग की। सात परिसरों में टीम ने बिजली चोरी पकड़ने पर एफआईआर दर्ज कराते हुए 17 लाख रुपये जुर्माना लगाया। नौबस्ता खंड के एक परिसर में घरेलू मीटर पर वाणिज्यिक उपयोग होते मिला। हंसपुरम खंड में टीम ने सात परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी। आलूमंडी खंड में एक जगह विद्युत चोरी पकड़ी गई।

खरी-खरी

कानपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीए) एसोसिएशन के तत्वावधान में गोष्ठी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने समझीं जीएसटी की बारीकियां

गलत व्यापारियों के फर्जी बिलिंग करने से परेशान होते सही व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसटी कानून को लागू हुए 6 साल हो गए हैं परंतु विभाग अभी भी पुराने ढर्रे पर काम कर रहा है। कुछ गलत व्यापारी जो कि फर्जी बिलिंग कर रहे हैं। उनकी वजह से सही काम करने वाले व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह बात बतौर मुख्य वक्ता आगरा से आए सीए आलोक फरसईया ने कही। उन्होंने कहा कि विभाग मनमाना टैक्स, ब्याज एवं पेनाल्टी लगा रहा है। प्रैक्टिकल आस्पैक्ट्स आफ प्रोसीडिंग्स आफ्टर आर्डर पास्ड एंड रीसेंट इश्यूस इन जीएसटी विषय पर आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि विभाग जीएसटी कानून के प्रावधानों को अनदेखा कर रहा है। जिससे व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है।

गोष्ठी को संबोधित करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

शुक्रवार को गैंजेस क्लब में कानपुर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीए) एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्टडी सर्किल गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने कहा कि जीएसटी कानून के अंतर्गत रिटर्न के रिवाइस करने के प्रावधान इतने जटिल हैं कि व्यापारी उसका लाभ नहीं उठा पाता है। उन्होंने जीएसटी कानून की धारा 73 के अंतर्गत पारित आदेशों की समीक्षा करते हुए उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बताया कि इन पारित आदेशों के विरुद्ध धारा 161 में आर्डर संशोधन करने का प्रार्थनापत्र देकर धारा 73 के अंतर्गत पारित आदेशों को संशोधित भी करा सकते हैं। आगे उन्होंने धारा 130 के अंतर्गत माल जब्ती की कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा करते हुए सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। गोष्ठी में स्टडी सर्किल के चेयरमैन सीए धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने विषय प्रर्वतन किया। संस्था के अध्यक्ष सीए अतुल मेहरोत्रा ने स्वागत किया।

गोष्ठी का संचालन सीए राजेश कानोडिया ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजय केडिया, पंकज पाठक, संजय अग्रवाल, शैलेष शर्मा, अभिषेक गौड़, आकाश फरसईया, शरद सिंघल, छवि जैन, भारत भूषण जुनैजा, आकाश गुप्ता, एसके अवस्थी, सौरभ सिंघवी आदि मौजूद रहे।

गम और गुस्से के बीच किशोर का हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, सरसौल

अमृत विचार: महाराजपुर थाना क्षेत्र के गौरिया गांव में किशोर शिवा पाल की आत्महत्या के मामले में भले ही पुलिस ने गुरुवार रात दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिस मोबाइल चोरी को लेकर यह पूरी घटना हुई, उसे भी अब तक पुलिस बरामद नहीं कर सकी है। शुक्रवार को गम और गुस्से के बीच शव का अंतिम संस्कार किया गया।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के गौरिया गांव निवासी राजेंद्र पाल के किशोर बेटे शिवा पाल ने मोबाइल चोरी के आरोप में प्रताड़ना से आहत होकर जिस तरह फांसी लगाकर जान दी, उसको लेकर गांव वालों का गुस्सा थम नहीं रहा है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शिवा पाल का शव गौरिया गांव पहुंचा तो एक बार फिर परिवार वालों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। अक्रोशित लोगों ने शव को छतमरा से पाली जाने वाले मार्ग पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

परिवार वालों का कहना था कि नामजद एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। पूछताछ और मोबाइल चोरी के कबूलनामे का वीडियो बनाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। परिवार और गांव वालों ने शिवा पाल की मौत पर मुआवजे की भी मांग उठाई। हंगामे को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने जैसे तैसे लोगों को समझाने की कोशिश की।

गौरिया गांव में हंगामे की सूचना पर कलक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार वालों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर परिवार वालों को शांत किया। इसके बाद परिवार वाले शव का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। परिजनों ने नजफगढ़ घाट ले जाकर किशोर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान गंगा घाट पर भी पुलिस मौजूद रही। महाराजपुर एसओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को शव गांव पहुंचने पर बिलखती रहीं महिलाएं। अमृत विचार

परिवार वालों को समझाते-बुझाते एसीपी मोहसिन खान। अमृत विचार

कार्रवाई मांगी

- दोषियों पर कार्रवाई, मुआवजे की मांग को लेकर हुआ हंगामा
- एसीपी के समझाने-बुझाने के बाद शांत हुए परिवार वाले

शुक्रवार को गौरिया गांव पहुंचे पूर्व सांसद राजाराम पाल। अमृत विचार

परिवार के बीच पहुंचे पूर्व सांसद राजाराम पाल

सरसौल। प्रताड़ना से आहत होकर किशोर शिवा पाल की आत्महत्या को लेकर मामला राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है। पिछले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के अकबरपुर प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद राजाराम पाल शुक्रवार को गौरिया गांव पहुंचे और शिवा पाल के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार वालों को ढांढस बंधाते हुए इंसाफ की लड़ाई में खुलकर साथ देने का भरोसा दिया और कहा कि दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों और पिछड़े वर्ग के लोगों का खुलेआम उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण ही लोगों को इंसाफ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

मचान पर पड़ा मिला किसान का शव

घाटमपुर थाना क्षेत्र के रहमपुर गांव की घटना, गुरुवार को खेत की रखवाली के लिए गया था किसान

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: घाटमपुर थाना क्षेत्र के रहमपुर गांव के किनारे खेत की रखवाली करने गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह किसान का शव मचान पर मिला। अनुमान है कि जहरीले पदार्थ से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक छानबीन की और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की स्पष्ट वजह सामने आ सकेगी।

रामप्रसाद।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के रहमपुर गांव निवासी रामप्रसाद (50) खेती-किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर पर उसकी पत्नी पुष्पा और दो बेटे मनीष और सोनू के अलावा एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। पत्नी पुष्पा ने बताया कि गुरुवार की देर शाम रोज की तरह खाना खाकर रामप्रसाद घर से खेतों की रखवाली करने के लिए निकले थे। वह खेत पर ही मचान बनाकर रात में पहरेदारी करते थे। पिछले दिनों अन्ना मवेशियों ने खेत पर बोई पालक की फसल चर डाली थी, जिससे वह परेशान थे।

शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत के मचान पर रामप्रसाद का शव पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग फौरन खेत पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की छानबीन कराई और फिर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

घटनास्थल पर मौजूद परिवार की महिलाएं और ग्रामीण। अमृत विचार

घटनास्थल पर छानबीन करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम से पता चलेगी मौत की वजह

पास में शराब की शीशी और कोल्डड्रिंक की बोतल मिली

मचान के पास ही खेत पर शराब की शीशी और कोल्डड्रिंक की बोतल के साथ डाई का पाउच पड़ा मिला है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि डाई पीकर आत्महत्या की है। हालांकि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। फोरेंसिक टीम ने शराब की शीशी और कोल्डड्रिंक के बोतल के फिंगर प्रिंट लिए हैं।

"शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की गहराई से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी।

-प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी

गैस सिलेंडर फटा घर में लगी आग

शिवराजपुर। गुरुवार देर रात क्षेत्र के सखरेज गांव में अचानक गैर सिलेंडर फटने से घर में आग लग गई। गनीमत रही कि सिलेंडर फटने के दौरान वहां पर कोई मौजूद नहीं था। घर के दूसरे हिस्से में मौजूद परिवार वाले जान बचाकर भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

सखरेज गांव निवासी बंटी की पत्नी किचन में खाना बना रही थी। इस बीच वह किसी काम से घर के बाहर चली गई। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर जलने लगा और तेज लपटें उठने लगीं। मौके पर मौजूद सभी परिजन घर के बाहर भागे और पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर कोई जनहानि नहीं हुई है, आग लगने से मकान जल गया है। कुछ नुकसान हुआ है।

सार-संक्षेप

आग बुझने के बाद भी कूड़े के ढेर से धुआं उठता रहा। अमृत विचार

इटर्रा गांव में घूरे के ढेर में लगी आग

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के इटर्रा गांव में तालाब के किनारे पड़े घूरे के ढेर में आग लग गई। आग को बढ़ता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को बुझाया। ग्राम प्रधान राधेश्याम तिवारी ने बताया कि गांव के तालाब में मोहल्ले के लोग अपने घर के चूल्हे की राख व कूड़ा फेंकते हैं। उसी राख में आग के चलते घूर के ढेर में आग लगी थी। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है। पास में रखे ट्रक्टर जल गए हैं।

खुले नाले में गिरने से किशोरी घायल

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के भरवारा के मजरा चंदापुर गांव में पानी भरने के दौरान किशोरी का पैर फिसलने से नाले में जा गिरी, जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर किया है। सजेती थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव निवासी अंजू (15) पुत्री जयचन्द ने बताया कि वह अपने घर के पास लगे इंडिया मार्का हैंडपंप पम्प पानी भरने गई थी, जहां ग्राम पंचायत की ओर से बनाए गए नाला का निर्माण कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। इसमें आए दिन लोग हादसे का शिकार होते हैं। शुक्रवार की सुबह अंजू फिसलकर उसी नाले में गिर गई, जिससे वह गम्भीर रूप घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे सीएचसी घाटमपुर ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उसे कानपुर रेफर किया है।

नाला निर्माण के लिए बीडीओ ने लिखा पत्र

बिठूर। खंड विकास अधिकारी ने पीएनसी के परियोजना प्रबंधक को नाले का निर्माण कराने के लिए पत्र लिखा है। कल्याणपुर विकासखंड के बगदौधी बांगर ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित मंधना पुलिस चौकी के पास जीटी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य के दौरान ग्राम पंचायत के निर्मित नाले को तोड़ दिया गया था। इस नाले से दलित बस्ती में जलनिकासी अवरुद्ध है। बरसात आने पर क्षेत्र में जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना ग्रामीणों कों करना पड़ेगा। खंड विकास अधिकारी ने नए नाले के निर्माण को प्राथमिकता के साथ कराये जाने के लिए पत्र लिखा है, ताकि आगामी बरसात के मौसम में ग्राम पंचायत के गांवों में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके।

अतिक्रमण हटाने के लिए ईओ ने मांगा पुलिस बल

शिवराजपुर। कस्बे के वार्ड नंबर 2 में गंगा रोड पर नाले के ऊपर अतिक्रमण होने से नाला जाम है। उसकी सफाई नहीं हो पा रही है। बरसात आने पर जलभराव होता है। अधिशासी अधिकारी ने 18 जून को अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस फोर्स की मांग की है। उन्होंने बताया कि जब्बार, शीबू, अखिलेश पांडेय, दिलीप कुमार, मोहिनी गुप्ता, रामजी गुप्ता, शिखा सिंह, शिवनाथ गुप्ता, रामसिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार वर्मा, कैलाश गौतम आदि को कब्जा हटाने की नोटिस दी गई है। अधिशासी अधिकारी ने बताया इसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मंगलवार को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जाएगा, ताकि नगर पंचायत को जलभराव से निजात मिल सके और नाले की समय-समय पर सफाई होती रहे।

मास्टर इलेवन ने रॉयल को हराया

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: कस्बे के सुखवासी सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन शुक्रवार को टॉस जीत कर मास्टर इलेवन ने फील्डिंग करने का फैसला किया। शीतलपुर रॉयल ने सभी विकेट खोकर 166 रन बनाए। शीतलपुर रॉयल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए जीतू तिवारी ने 48 और अभिषेक ने 29 रनों का योगदान दिया। मास्टर इलेवन की तरफ से सौरभ साहू ने 3 विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे मास्टर एलेविन की तरफ से वंश ने 53, ऋतिक ने 25, अभिनव ने 21 और साहिल ने 20 रनों का योगदान दिया। शीतलपुर रॉयल की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शुभ, जीतू और अवि ने 1-1 विकेट का योगदान दिया। रोमांचक मैच का मैन ऑफ द मैच वंश गुप्ता को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजीव दीक्षित ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। इस मौके पर सभासद रोहित सिंह एडी, आदर्श तिवारी, संकल्प सचान, हिमांशु सचान, सौरभ सचान, रिद्धि, अमित सिंह, पटवारी लाल, शिवाय फैशन, विप्लव सचान, पदम सिंह, श्याम सिंह, हनी गुप्ता, प्रशांत राजावत, आदित्य सचान, अविनाश सिंह, दिग्विजय मास्टर, कोच आनंद सचान, अमित सिंह सेंगर, भुल्लन, पुनीत स्टेन, कपिल सचान, सीटू भदौरिया, अभिराज सिंह मौजूद रहे।

विजेता टीम मास्टर एलेवन के खिलाड़ी। अमृत विचार

- मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वंश गुप्ता को दिया गया

खेत पर अधेड़ का शव मिला

मूसानगर। थाना क्षेत्र के शेरपुर स्टेट बैंक के सामने के ग्राम पंचायत चपरेहटा के खेत पर अधेड़ का शव पेड़ के नीचे पड़ा मिला। पुलिस ने छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उसके पिता रामप्रकाश (55) गांव के दो लोगों के साथ घार गांव जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम गांव लौटे दोनों व्यक्तियों ने घार में पिता को छोड़ने की बात बताई। शाम को पुलिस ने फोन पर शेरपुर स्टेट बैंक के सामने इमली के पेड़ के नीचे खेतों में पिता के शव के पड़े होने की सूचना दी। मौके में पहुंचे परिजनों ने गले के पास खरोच के निशान देखने पर हत्या की आशंका जताई। एसओ दिनेश कुमार गौतम ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।

हाईवे से रेलवे अंडरपास में जाकर घुसी डीसीएम

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर रेलवे अंडरपास में जा घुसी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी के केबिन में फंसे चालाक को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला।

एटा से टमाटर लाद कर कानपुर जा रही डीसीएम गुरुवार रात करीब 10:00 बजे क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई। चालक द्वारा नियंत्रण खो देने से तेज रफ्तार डीसीएम उलटी दिशा में स्थित रेलवे अंडरपास में लगे लोहे के एंगल से जा टकराई। तेज धमाका सुन जागे ग्रामीणों ने हादसे की सूचना थाना पुलिस को दी।

- गुरुवार देर रात मरियानी के सामने बड़ा हादसा होते बचा

रेलवे अंडरपास में घुसी डीसीएम।

इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी के केबिन में फंसे चालक सुरेश कुमार को किसी तरह मशक्कत कर बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर रेलवे अंडरपास पास के एंगल से जा टकराई।दुर्घटना मे डी सी एम बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन चालक बच गया।

दो दिन से लापता युवक का नहीं लगा कोई सुराग

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। कस्बे से दो दिन पहले लापता हुआ युवक वापस घर नहीं लौटा। तमाम खोजबीन के बावजूद कुछ पता न लगने पर परेशान परिजनों ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की है।

कस्बे में जीटी रोड स्थित द्विवेदी मार्केट निवासी बाल किशोर उर्फ बब्बन द्विवेदी का 28 वर्षीय पुत्र संदीप उर्फ रामजी गत बुधवार दोपहर कार्यवश बाइक द्वारा घर से निकला था। शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। जिसके बाद मोबाइल से संपर्क करने पर फोन बंद मिला। घर वालों ने संदीप के मित्रों, चिरपरिचितों व रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। जिसके बाद गुरुवार को मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई। पिता बाल किशोर ने बताया कि संदीप सफेद काली धारीदार टी शर्ट, नीले रंग का लोवर , सफेद अंगौछा व कपड़े के काले रंग के जूते पहने हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। बेटे के घर नहीं लौटने से तरह-तरह की आशंकाएं पैदा हैं। पुलिस द्वारा मामले की गुमशुदगी दर्ज करने के पश्चात शुरू की गई कार्रवाई में युवक की बाइक शुक्रवार सुबह तातियागंज गांव के निकट पचोर मार्ग के किनारे एक खाली पड़े प्लॉट में खड़ी मिली। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि युवक का मोबाइल स्विच ऑफ होने से उसकी लोकेशन नहीं पता लग पा रही।

- युवक की बाइक तातियागंज-पचोर मार्ग पर हुई बरामद

धर्म-अध्यात्म भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य ने सुनाया गोपी चीर हरण व रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

भक्ति और ज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। भक्ति और ज्ञान, साधन नहीं अपितु एक दूसरे के पूरक हैं। अर्थात ज्ञान से भक्ति की प्राप्ति होती है और भक्ति से साधक परम ज्ञानी हो जाता है। भक्ति मानव के कल्याण का वह सूत्र है, जिसे पकड़ लेने से सीधे भगवद् प्राप्ति होती है। मनुष्य को सत्य के रास्ते में चलने की पूरी कोशिश करना चाहिए। जीत हमेशा सत्य की ही होती है।

यह बातें शुक्रवार को क्षेत्र के गोगूमऊ गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य कृष्ण मुरारी जी महाराज ने भक्तों से कहीं। इस दौरान उन्होंने कृष्ण रुक्मिणी विवाह का सुंदर प्रसंग सुना माहौल को मंगलमय बना दिया। भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज जी ने बताया कि नकारात्मकता का त्याग कर व्यक्ति को हमेशा सकारात्मक भाव अपनाना चाहिए।

उन्होंने गोपी चीरहरण के साथ श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाते बताया कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मिणी ने जब देव ऋषि नारद के मुख से श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उन्होंने मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहता था।

रुक्मिणी को जब इस बात का पता लगा तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्री कृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया।तब श्री कृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व,जरासंध आदि को युद्ध में पराजित करके रुक्मिणी का उनकी इच्छानुसार हरण कर लिया। द्वारकापुरी जाने के दौरान रास्ते में रुक्मी ने उन्हें रोक लिया और श्री कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्री कृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात द्वारिका में श्री कृष्ण ने अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मिणी से विवाह किया। कथा सुनने के लिए यहां दिनोंदिन लोगों की भीड़ बढ़ रही है। कार्यक्रम आयोजक जाह्नवी शरण कटियार व विकास कटियार ने बताया कि शनिवार को कथा समापन के बाद रविवार को हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

आज शहर में रहेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

कानपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी शनिवार को कानपुर भ्रमण पर रहेंगे। वह दोपहर एक बजे शास्त्री नगर सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला पहुंचेंगे। यहां भाजपा के चारों जिलाध्यक्ष उनका स्वागत करेंगे। वह यहां स्व. विद्या नारायण त्रिपाठी जी कि तरहवीं में शामिल होंगे। इसके बाद वह गोविन्द नगर स्थित केके सचान कि माता के निधन पर शोक संवेदना देंगें। प्रदेश अध्यक्ष इसके बाद हैलट भी जाएंगे। वह शाम 4.15 बजे तक शहर में कई और कार्यक्रम में भी रहेंगे।

डाउन ट्रैक पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

रूरा। थाना क्षेत्र के सराय गांव के पास शुक्रवार की सुबह दिल्ली-हावड़ा रूट के डाउन रेलवे ट्रैक के समीप खंभा नंबर 1026/24-25 के बीच में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के शरीर में कोई कपड़ा नहीं था और बाएं हाथ की कलाई में सिल्वर रंग की सोनाटा घड़ी पहने हुए था। लोगों की सूचना पर पहुंचे सिठमरा चौकी इंचार्ज जसवीर सिंह ने मौके पर छानबीन की और शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु न होने से शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने शव को मोर्च्युरी में रखवाकर आसपास क्षेत्र में जानकारी भेजकर पहचान के प्रयास शुरू किए हैं।

बाइक की टक्कर से सफाई कर रहा युवक घायल

पुखरायां। मुख्य मार्ग पर साफ-सफाई कर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पुखरायां कस्बा के वार्ड नंबर तीन आंबेडकर नगर के पंकज ने बताया कि उनका भाई सोनू नगर पालिका के सफाई कर्मी बड़े भाई सागर के बदले मुख्य मार्ग के बरसाती पुलिया के पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर रहा था। तभी बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बकरीद शांति से मनाएं

डेरापुर। बकरीद को लेकर डेरापुर थाने में एसडीएम भूमिका यादव व सीओ शिव ठाकुर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से से शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल काम करते हुए त्योहार मनाएं। जिससे गांव का नाम एकता के लिए जनपद में आगे लिया जा सके।

गीतानगर में प्लॉट पर कब्जा लेने गए वकीलों पर फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पड़ोसी ने बेटे के साथ लाइसेंसी रायफल से गोलियां चलाईं
- एक वकील घायल, आसपास इलाके में मची अफरातफरी

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र के गीता नगर अंबेडकरपुरम इलाके में शुक्रवार देर शाम प्लॉट पर कब्जा लेने गए वकीलों पर पड़ोसी ने बेटे के साथ लाइसेंसी रायफल से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने अपने दुकानों के शटर तक गिरा दिए। काकादेव इंस्पेक्टर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर लाइसेंसी रायफल जब्त कर ली। इस वारदात में एक वकील घायल हो गया। पुलिस ने पशुपति नगर नौबस्ता निवासी वकील की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

अंबेडकर नगर निवासी राघवेंद्र सिंह के पड़ोस में रहने वाली विनीता परिहार ने अपना प्लॉट यशोदा नगर पशुपति नगर निवासी हिमांशु दीक्षित, जरौली निवासी दिलीप कुमार और मछरिया नौबस्ता निवासी कुलदीप सिंह को बेच दिया था। कोर्ट में इसका बैनामा 17 मई को हो गया था। शुक्रवार शाम तीनों वकील अपने प्लॉट पर कब्जा लेने आए थे, तभी विरोध करते हुए पड़ोसी राघवेंद्र सिंह ने अपने बेटे देवेंद्र के साथ मिलकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने पशुपति नगर नौबस्ता निवासी वकील हिमांशु दीक्षित की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। इस सबंध में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि आरोपी राघवेंद्र और देवेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शस्त्र लाइसेंस कैंसिल कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा।

सभी विभागों में बढ़ेंगी सीटें

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभी विभागों में पीजी की सीटें बढ़ेंगी। सीटें बढ़ाने के संबंध में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने अपनी सहमति दे दी है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 20 विभाग है, यहां वर्तमान में पीजी की 200 सीटें हैं। इनमें बढ़ोत्तरी के लिए प्राचार्य प्रो.संजय काला काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में कमीशन की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी के साथ ही सभी विभागाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में कमीशन के सदस्यों ने विभागों में सीटों की आवश्यकता पर चर्चा की। कमीशन ने सभी विभागों में एक से दो सीटें बढ़ाए जाने पर सहमति जताई। उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि सभी विभाग में पीजी सीटें बढ़ाने पर एनएमसी ने सहमति दी है। जल्द सीटें बढ़ेंगी।

इरफान को सजा दिलाने वालों को पुरस्कार मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को ढाई व दरोगा रैंक को दो हजार का पुरस्कार

अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले 10 पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस आयुक्त ने पुरस्कार घोषित किया। जांच करने वाले चार इंस्पेक्टरों को 25 सौ, सब इंस्पेक्टर को 2 हजार व कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल को 1500 रुपये दिए जाएंगे।

आगजनी मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, शौकत अली व मो. शरीफ को 7 साल की सजा सुनाई गई थी। अपर पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय हरीश चंदर ने बताया कि तत्कालीन जाजमऊ इंस्पेक्टर व वर्तमान में चकेरी थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे मामले के विवेचक रहे। इसके बाद जांच तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद सिंह सिसोदिया ने की। साथ ही तत्कालीन फीलखाना व वर्तमान में फजलगंज प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट की विवचेना की। एसीपी अपराध शाखा संजय कुमार सिंह ने कुर्की की। सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव पैरोकार रहे व कोर्ट मोहर्रिर स्वदेश प्रेमी ने पुलिस व कोर्ट के बीच सामंजस्य स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही कांस्टेबल विनोद कुमार, शिवनंदन वर्मा, हेड कांस्टेबल ब्रजपाल सिंह का भी अहम योगदान रहा।

आईआईटी और एनएसआई के बीच एमओयू

कानपुर। आईआईटी कानपुर और एनएसआई के बीच सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर बायो फ्यूल्स में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आपसी समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे !राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के बोर्ड रूम में दोनों संस्थाओं के निदेशक इस एमओयू पर साइन करेंगे ।

संयुक्त सचिव शर्करा के भी मौजूद रहने की संभावना जताई गई है। समझौते के अनुसार दोनों संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ मिलकर विस्तृत अनुसंधान करेंगे। इसमें पेट्रोल के विकल्प स्रोतों जैसे एथेनॉल आदि की उपलब्धता बढ़ाने। जैव ईंधन के उत्पादन पर जोर देने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार पांडे ने दी।

जांच के लिए तैयार रहें पंचायतें: सीडीओ

खराब प्रदर्शन और कार्यों में रुचि नहीं लेने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को फटकार और नोटिस के निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम सचिवों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गौशाला, शौचालय, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा, एनआरएलएम समेत वित्तीय समावेश की चर्चा की गई।

शुक्रवार को सीडीओ लक्ष्मी एनत्र ने अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि प्राथमिकता में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में जलभराव, नाली, नालों के चोक आदि की समस्या किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो लेबर आदि की सहायता से बारिश से पहले सभी नालों में शत-प्रतिशत साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने 21 जून को होने वाले योग दिवस पर भी सभी ग्राम सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन के लिए पूर्व से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं 32 ग्राम पंचायत में गठित गंगा समिति की बैठक आयोजित कराए जाने के साथ ही ग्राम पंचायत की तरफ से साफ सफाई व्यवस्था हेतु डस्टबिन आदि की उपलब्धता कराने को कहा। एक जुलाई से संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग अभियान में सभी एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी तय करते हुए सेक्टर वार सफाई अभियान के अंतर्गत झाड़ी कटाई आदि संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में पंचायत सहायक की उपलब्धता सचिवालय में सुनिश्चित की जाए। पूर्व से ही जिन पंचायत सहायकों के आवेदन अग्रसारित किए जाएं। उनमें यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत सहायक कंप्यूटर की जानकारी रखता है या नहीं। जिससे ग्रामीणों का कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावित न हो।

मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर हो रहे किसी भी कार्य का यदि भुगतान किया जा चुका है, लेकिन प्रारंभ या पूर्ण नहीं हुआ है। वह 30 जून तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कार्रवाई को तैयार रहें। उन्होंने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के अनुसार केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले ग्राम सचिव को कड़ी फटकार लगाई और कार्यों में रुचि न लेने वाले ग्राम सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

गढ़ी महेरा के सचिव और प्रधान को नोटिस के निर्देश

अंत्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा के दौरान विकासखंड झींझक अंतर्गत ग्राम गढ़ी मेहरा में भुगतान होने के बावजूद कार्य बाधित चलने की शिकायत पर ग्राम सचिव अवधेश सिंह व ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायतों में खराब प्रगति के दृष्टिगत कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सभी सचिवों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भ्रमण के दौरान औचक निरीक्षण किए जाएंगे। अभिलेख पूर्ण न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अब 'समर्थ' के जरिये होंगे सीएसजेएमयू में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कुलाधिपति के निर्देश पर बदली गई व्यवस्था, विवि प्रशासन ने जारी किए निर्देश

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) एवं इससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया अब समर्थ पोर्टल के जरिए होगी। इसके लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

उच्च शिक्षा के लिए एडमिशन के संबंध में 'समर्थ' पोर्टल क्रियान्वित किए जाने का निर्देश विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया है। यह जानकारी देते हुए कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय, शिक्षण संस्थानों एवं सीएसजेएमयू की वेबसाइट पर भी आदेश डाल दिया गया है। बताया कि सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित एवं पूर्व से अध्ययनरत सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा शुल्क समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्वयं छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय को किया जाएगा। 2024-25 सत्र में प्रवेश के लिए पूर्व संचालित डब्ल्यू.आर.एन जनरेशन पंजीकरण की व्यवस्था शुक्रवार से अब समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट के होम पेज पर बने लिंक अप्लाई फार एडमिशन द्वारा पंजीकरण की कार्यावाही होगी। जिन्होंने पूर्व में पंजीकरण नहीं कराया है वह अब समर्थ पोर्टल से ही पंजीकरण कराएंगे।

सार-संक्षेप

7 एयरफोर्स अस्पताल में मौजूद अतिथि और स्टाफ। अमृत विचार

50 लोगों की निःशुल्क जांच, 7 लोगों ने किया रक्तदान

कानपुर। विश्व रक्तदान दिवस पर 7 एयर फोर्स हॉस्पिटल 'कैंट', छावनी परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय बी आई बाजार, लालकुर्ती और हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कैंप में एयरफोर्स के डॉक्टरों ने स्कूल स्टाफ, छात्र -छात्राओं और उनके अभिभावकों समेत 50 लोगों की निःशुल्क शुगर, ब्लडग्रुप और बीपी समेत अन्य की जांचें की। सात लोगों ने रक्तदान भी किया। एयर कमोडोर शमशेर सिंह दलाल, मुख्य अतिथि समाजसेवी एडवोकेट मनोज सिंह ने कहा कि हर स्वस्थ इंसान को हर तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। प्रधानाचार्य अतुल कुमार, शालिनी श्रीवास्तव, सीए अजीत कुमार पंडिया, रंजना सचान, सुनीता सिंह और अमित सिंह उपस्थित रहे।

आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेंटर में रक्तदान करते समाजसेवी । अमृत विचार

आईएमए ब्लड सेंटर में 27 यूनिट रक्तदान

कानपुर। परेड स्थित आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेंटर में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उदघाटन आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेंटर कानपुर के चैयरमैन डॉ. एके आहूजा को-चेयरमैन डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला व सेंटर के ट्रेजरार डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने किया। सहयोगी समाज सेवी संस्था संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, हरिशचंद्र वंशीय युवा समिति से डॉ. वीसी रस्तोगी, दी दमहादीया फाउंडेशन से अहमद गाजी ने रक्तदान शिविर को सफल बनाया गया। आईएमए के सचिव डॉ.कुणाल सहाय ने बताया कि शिविर में 27 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ है। डॉ. केएस गुप्ता व डॉ. महेश चंद्र आदि डॉक्टर मौजूद रहे।

आईआईए के शिविर में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

28 लोगों ने किया रक्तदान

कानपुर। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। आईआईए भवन में हुए रक्तदान शिविर में 58 लोगों ने पंजीकरण कराया। इनमे 28 लोगों का हीमोग्लोबिन कम निकलने के कारण केवल 30 लोगों को ही रक्तदान हुआ| रक्तदान शिविर में एडीएम सिटी राजेश कुमार व सीएमओ आलोक रंजन भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन उमेश पालीवाल, मंडलाध्यक्ष डॉ अंगद सिंह, सचिव आरके सफ़फड, राम प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण शुक्ला, शेषनारायण त्रिवेदी मौजूद रहे।

पॉलीटेक्निक छात्रों को एक लाख की नौकरी दिलाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लेसमेंट सेल दूसरे राज्यों की कंपनियों को बुलाने की कर रहा तैयारी

अमृत विचार। पॉलीटेक्निक संस्थान का प्लेसमेंट सेल छात्रों को बेहतर पैकेज की नौकरी दिलाने के लिए महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की निजी कंपनियों को कैंपस सेलेक्शन में आमंत्रित करने की दिशा में काम कर रहा है। प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही दोनों प्रदेशों से 9 निजी कंपनियां युवाओं को रोजगार देने के लिए संस्थान में आ सकती हैं। अभी तक प्लेसमेंट सेल के जरिए 80 हजार रुपये प्रतिमाह तक के वेतन पर युवाओं की नौकरी लग चुकी है। संस्थान का लक्ष्य इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति माह वेतन करने का है।

पॉलीटेक्निक के प्लेसमेंट सेल में फिलहाल सबसे अधिक दिल्ली एनसीआर की निजी कंपनियां युवाओं को रोजगार देने आती हैं। शहर में भी युवा कई निजी कंपनियों में कार्य कर रहे हैं। अब संस्थान की ओर से सूबे के बाहर से भी निजी कंपनियों को बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि पुणे व आंध्र प्रदेश की कंपनियां संस्थान में आने से युवाओं को बढ़े वेतन का लाभ मिल सकेगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि जल्द ही प्रदेश के बाहर से आने वाली निजी कंपनियों के प्रतिनिधि युवाओं का साक्षात्कार लेने आ सकते हैं। इसके लिए संस्थान की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है।

कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का गिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडे।

- 16 जून को कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे दोनों सांसद

अमृत विचार। भाजपा के नये चुने गये सांसद देवेंद्र सिंह भोले और रमेश अवस्थी कार्यकर्ताओं को जीत का गिफ्ट देंगे। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में 16 जून को होने वाले कार्यकर्ता सम्मान समारोह में दोनों सांसद शामिल होंगे। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी के साथ बैठक कर सभी तैयारियां तेज कर दी गईं। कार्यक्रम में महापौर, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्षद, निगम व बोर्ड आयोग के सदस्य सम्मिलित होंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि 16 जून रविवार शाम 5 बजे कानपुर लोकसभा के सांसद रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा के सांसद देवेंद्र सिंह भोले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करके जीत की शुभकामनाएं देंगे। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका आभार एवं धन्यवाद भी ज्ञापित करेंगे। कानपुर उत्तर जिले के 14 मंडलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 100 टॉप बूथों के बूथ अध्यक्षों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

नवीन मार्केट पर एक स्वागत गेट भी बनाया जाएगा। परेड चौराहे से नवीन मार्केट कार्यालय तक झंडा, बैनर एवं भगवा गुब्बारों से सजावट की जाएगी। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस का कार्यक्रम भी प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष की कमेटियों के साथ किया जाएगा।

बैठक में संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, सतेंद्र पाण्डेय, आनंद मिश्रा, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, धीरज वाल्मीकि, अभिनव दीक्षित, प्रमोद विश्वकर्मा, विनय पटेल, दीपक सिंह आदि रहे।

656 परिषदीय स्कूलों में 50 से कम बच्चे

कानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित 656 परिषदीय स्कूलों में प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर छात्र संख्या बढ़ाने का आदेश दिया गया है। यह वे स्कूल हैं जहां पर बच्चों की संख्या 50 से कम है। बच्चों की संख्या का आधार यू-डायस 2023-24 के डाटा को बनाया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा है। इससे पहले समीक्षा भी करने को कहा गया है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि जहां विद्यार्थियों का नामांकन 50-50 से कम है ऐसे स्कूलों में बच्चों की संख्या और शिक्षिक का अनुपात भी सुधारे जाने की जरूरत है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि नए सत्र में छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए परिवार सर्वेक्षण, स्कूल चलें हम अभियान चलाया जाएगा।

अंतरिक्ष विज्ञान | अंतरिक्ष वेधशाला से मिली जानकारी पर अध्ययन में शामिल रहा आईआईटी कानपुर

न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वेधशाला एस्ट्रोसैट ने दी नई जानकारी

अमृत विचार। भारत की पहली अंतरिक्ष वेधशाला 'एस्ट्रोसैट' ने न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना के बारे में नई जानकारी दी है। आईआईटी कानपुर में स्पेस विभाग के प्रमुख पंकज जैन ने कहा है कि यह खोज न्यूट्रॉन तारों के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने के साथ भौतिकी के मौलिक सिद्धांतों की खोज के लिए नए रास्ते खोलने वाली है। अध्ययन से प्राप्त नतीजों का खगोल भौतिकी और संबंधित क्षेत्रों पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा।

आईआईटी कानपुर, आईयूसीएए और अशोका विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया अध्ययन प्राकृतिक प्रयोगशालाओं के रूप में न्यूट्रॉन तारों का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईआईटी कानपुर, अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र पुणे और अशोका विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की टीम ने भारत की पहली खगोलीय वेधशाला, एस्ट्रोसैट से प्राप्त डेटा के जरिए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित इस शोध से ब्रह्मांड में सबसे सघन पिंडों में से कुछ न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना के बारे में नई जानकारी मिली है। न्यूट्रॉन तारे विशाल तारों के ढहे हुए कोर से बनते हैं और सूर्य के द्रव्यमान से भी अधिक द्रव्यमान को मात्र 10 किलोमीटर चौड़े गोले में समेट लेते हैं। शोध दल ने भारतीय इंजीनियरिंग के घरेलू स्तर पर विकसित एवं उन्नत एस्ट्रोसैट के उपकरण से प्राप्त डेटा का उपयोग बाइनरी स्टार सिस्टम द्वारा उत्सर्जित एक्स-रे का अध्ययन करने के लिए किया है। इस सिस्टम में एक न्यूट्रॉन तारा शामिल है, जो एक साथी तारे से पदार्थ को एकत्रित करता है। शोधकर्ताओं ने बाइनरी स्टार सिस्टम से एक्स-रे डेटा का विश्लेषण किया और कई ऐसे मामले पाए जिनमें क्यूपीओ ट्रिपल देखे गए।

आईआईटी के प्रोफेसर पंकज जैन।

शोध दल में केवल आनंद (पीएचडी स्कॉलर, आईआईटी कानपुर), रंजीव मिश्रा (वरिष्ठ प्रोफेसर, आईयूसीएए), जेएस यादव (विजिटिंग प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर), पंकज जैन (प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर, स्पेस विभाग प्रमुख) उमंग कुमार (पीएचडी स्कॉलर, अशोका विश्वविद्यालय) और दीपांकर भट्टाचार्य (प्रोफेसर और भौतिकी विभाग प्रमुख, अशोका विश्वविद्यालय शामिल रहे।

डीआईओएस से फिर हुई पूछताछ, बाबू नहीं आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी भर्ती घोटाले में आमने-सामने होनी थी पूछताछ

अमृत विचार। फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में शुक्रवार को तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल से दोबारा पूछताछ हुई। पूछताछ के लिए विभाग का बाबू सुनील नहीं पहुंचा। एसआईटी को बाबू और पूर्व डीआईओएस द्वितीय को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करनी थी। बाबू के न पहुंचने पर एसआईटी की टीम ने ढाई घंटे तक अकेले पूर्व डीआईओएस द्वितीय से पूछताछ की।

तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल ने एसआईटी को बताया कि पैनल के दस्तावेज पर विभाग के बाबू ने भ्रम में डालकर उनसे हस्ताक्षर कराए थे। उन्हें यह नहीं मालूम था कि ई-मेल से आया शिक्षकों का पैनल फर्जी है। उन्हें यह भी नहीं मालूम था कि जिस ई-मेल से 9 शिक्षकों का पैनल आया है वह भी फर्जी है। अब एसआईटी जल्द ही इस मामले में बाबू और पूर्व अधिकारियों का आमना-सामना कराकर पूछताछ करने का प्रयास कर रही है। इस मामले में अब तक एसआईटी की ओर से 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक को भी पुलिस जांच के दायरे में रखे हुए है।

ग्रीष्मावकाश बढ़ा, बेसिक स्कूलों में अब 28 से होगा शिक्षण कार्य

शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को 25 जून से विद्यालय पहुंच दर्ज करानी होगी उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शिक्षक संगठनों ने इस आदेश पर खुशी जताई

अमृत विचार। शिक्षकों के दबाव में शिक्षक संगठनों की मांग पर शासन ने अब 18 के बजाए 28 जून से परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मावकाश समाप्त करने का आदेश जारी किया है। हालांकि शिक्षकों सहित विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ को 25 जून से विद्यालय पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। शिक्षक संगठनों ने इस पर खुशी जताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है पूर्व में 18 जून से विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश समाप्त होना तय था। विद्यालय संचालन की तिथि करीब आने के साथ शिक्षकों के दबाव में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) आदि संगठनों ने गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मावकाश बढ़ाए जाने की मांग बुलंद कर रखी थी। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने शुक्रवार को इस संबंध में नया आदेश जारी किया है। इसमें मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए गर्मी के चलते बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर 28 जून से छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य के लिए विद्यालय में बुलाए जाने को कहा है। हालांकि शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशक सहित अन्य स्टाफ को 25 जून से ही सुबह साढ़े सात बजे विद्यालय पहुंचकर उपस्थित दर्ज कराते हुए दोपहर डेढ़ बजे तक विभागीय कार्य (साफ-सफाई व विद्यालयों में नामांकन कराने संबंधी कार्य) निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। नामांकन बढ़ाने संबंधी अलग से जारी किए जाएंगे, जबकि 30 जून तक इस पर सबसे अधिक जोर दिया जाना है। शिक्षक संगठनों ने ग्रीष्मावकाश बढ़ाए जाने को लेकर अपनी-अपनी पीठ थपथपाई है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय व प्रवक्ता मदन पांडेय ने अवकाश अवधि बढ़वाने के लिए प्रांतीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। इसी तरह उप्र.जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ पूर्व माध्यमिक के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कनौजिया ने कहा कि शिक्षकों व विद्यार्थियों के हित को उठाई गई संगठन की आवाज पर अमल कराने के लिए संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं।

मेज-कुर्सी पर बैठ कर पढ़ेंगे बेसिक स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बीएसए ने फार्मेट जारी कर मांगी सूचनाएं, सीडीओ के साथ होगी बीईओ की बैठक

अमृत विचार। शासन इस वित्तीय वर्ष में परिषदीय विद्यालयों को फर्नीचर उपलब्ध कराएगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बीएसए संगीता सिंह ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर विद्यालयवार फर्नीचर की उपलब्धता व डिमांड के आंकड़े जुटाए हैं। सीडीओ प्रेम प्रकाश शनिवार को बीएसए की मौजूदगी में बीईओ के साथ बैठक कर विद्यालयों के कायाकल्प का खाका के संबंध में मंथन करेंगे, जिसमें फर्नीचर सहित विद्यालयों के अन्य संसाधनों पर भी चर्चा की जाएगी।

बीएसए ने जिले में तैनात सभी बीईओ को 12 जून को पत्र जारी कर फर्नीचर संबंधी डिमांड तैयार करने के निर्देश दिए थे। बीईओ से विद्यालयों में पहले से मौजूद फर्नीचर की जानकारी भी मांगी गई है। बीएसए ने फार्मेट के माध्यम से विद्यालय क्रमांक, विकास खंड का नाम, विद्यालय का नाम, विद्यालय का प्रकार, यू डायस, विद्यार्थियों की संख्या, फर्नीचर की उपलब्धता, फर्नीचर की संख्या, फर्नीचर की आवश्यकता, उपलब्ध फर्नीचर को स्त्रोत विभाग/सीएसआर/दान या विद्यालय स्तर पर की जानकारी मांगी गई है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि सीडीओ ने शनिवार को परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के संबंध में विभागीय अधिकारियों खासकर बीईओ के साथ बैठक आहूत करा रखी है। इस दौरान उच्चाधिकारी न सिर्फ फर्नीचर के संबंध में आमने-सामने बैठाकर बीईओ से विद्यालयों के कायाकल्प पर मंथन करेंगे, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कराने पर भी जोर देंगे। प्रशासनिक अधिकारी के साथ होने वाली बैठक को लेकर बीईओ में बेचैनी है। वह विद्यालयवार आंकड़ों सहित उच्चाधिकारी के सामने पहुंचने की तैयारी में जुटे हैं।

खेत जोत रहा युवक बेहोश होकर गिरा अस्पताल में मौत

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के भूलेमऊ गांव में 38 वर्षीय किसान महेश कुमार अपने खेत में बैलों से जोताई करते समय अचानक खेत पर गिरने से बेहोश हो गया। मां बेटे महेश को अचेत देख परिजनों को बताया। इस पर ग्रामीण निजी साधन से महेश को सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने महेश को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गये। उसकी मौत से मां मैका, पत्नी रेनू व बेटे गोविंद व दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई सूचना नहीं है।

स्थानांतरण के लिए बना रहे जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बीएसए ने न्यायिक आदेश के क्रम में बीईओ को भेजा पत्र

अमृत विचार। जिले में परस्परिक स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने जोड़े बना रहे हैं। इससे वह तबादला निति के तहत एक से दूसरे ब्लाक पर तैनाती प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में बीएसए संगीता सिंह सेंगर ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर समय सारणी के मुताबिक स्थानांतरण अनुमण्य कराने के निर्देश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले सत्र में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गैर जिलों में तबादला कराने में कामयाबी पाई थी। वहीं बड़ी संख्या में दूसरे जिलों से स्थानांतरण करा आए शिक्षकों को यहां कार्यभार ग्रहण कराया गया था। हालांकि जिले में ही इधर से उधर तबादला कराने की इच्छा रखने वालों को मायूस होना पड़ा था। इसीलिए अब शिक्षक एक से दूसरे ब्लाक क्षेत्र में जाने के लिए परस्पर जोड़े बना रहे हैं। माना जा रहा है समय रहते जोड़े तैयार होने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके पसंद के ब्लाक स्थित विद्यालयों में तैनात कर दिया जाएगा।

इधर बीएसए ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर पिछले सत्र में अंर्तजनपदीय स्थानांतरण से वंचित रह गए शिक्षकों को तैनाती दिलाने की कार्रवाई पूरी कराने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय अधिकारी ने इसके लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर समय सारिणी भी तैयार कराई है। इसके तहत 13 व 14 जून तक बीईओ के माध्यम से रिसेट आवेदन पत्रों को बीएसए कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा है। इसके बाद 15 से 18 जून तक शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने जोड़े बनाएंगे। वहीं 19 जून को संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त किया जाएगा।

उखड़ गई 55 लाख की सड़क और नालियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

सीसी सड़क की नाली से निकला दुकानों के सामने भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार। हाइवे से जुड़े त्रिभुवन खेड़ा मार्ग की सीसी सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग ने कराया था। कार्यदायी संस्था मानकों को ताक पर रखने के साथ निर्माण में धांधली बरती थी। जिस कारण सड़क अभी से उखड़ गई है। वहीं कार्यदायी संस्था द्वारा बनवाई गई नालियां टूटने के कारण घरों-दुकानों के सामने पानी भर रहा है। कार्य में धांधली होने की शिकायत जल्द ही ग्रामीण जिलाधिकारी से करेंगे।

हाइवे से त्रिभुवन खेड़ा होते हुये हड़हा तक लगभग बारह से 15 किलोमीटर लंबा मार्ग है। शासन से 55 लाख रुपये भी आवंटित हुये थे। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क के निर्माण का कार्य लोकसभा चुनाव से पहले शुरू कराया था। कार्य में घोर अनिमितताएं बरती गई है। जिससे सड़क अभी से उखड़ने लगी हैं। वहीं कार्यदायी संस्था की ओर से नाली का निर्माण कराया गया था। जहां मानकों को ताक पर रखकर नालियां बना दी गई, जो टूटने लगी है। नालियां का पानी सड़क और दुकानों के सामने भर रहा है। जिससे आने जाने वाल लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान ठेकेदार से कई बार शिकायत भी लेकिन आरोप है कि ठेकेदार ने बीच में न बोलने की धमकी दी थी।

बोले जिम्मेदार

त्रिभुवन खेड़ा मार्ग पर सीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। जिसमें शिकायत मिली है कि ठेकेदार ने नालियों में गड़बड़ी की है। मौके पर जेई को भेज कर जांच करायेंगे।

–शाहनुर रहमान, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी

सो रहे युवक की गर्दन पर वार कर भागे हमलावर, गंभीर

- घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद हमलावरों की तलाश शुरू की

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली अंतर्गत घर के बाहर चारपाई पर सो रहे युवक पर देर रात हमलावरों ने धारदार हथियार से उसकी गर्दन रेत दी। चीख सुन परिजन दौड़े तो हमलावर भाग निकले। खून से लथपथ हालत में उसे सीएचसी लाया गया। जहां से डाक्टर ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव निवासी रजनीश गुरुवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर चारपाई डालकर लेट गया। उसकी पत्नी बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। देररात करीब 12 बजे रजनीश पर सोते समय अज्ञात हमलावरों ने उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। चीख सुन परिजन पहुंचे तो उन्हें देखकर हमलावर भाग निकले। परिजन व पड़ोसी उसे नवाबगंज सीएचसी लेकर गए। जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। एसएचओ अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है। कुछ लोगों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।

कई गावों में नहीं मिली टंकी बनाने की जगह

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

गावों में डाले जाने के लिये रखे पाइप।

- जल जीवन मिशन योजना अधूरी होने से ग्रामीणों में रोष नहीं मिल रहा पानी

अमृत विचार। भारत सरकार ने अगस्त-2019 में राज्य सरकारों के साथ साझेदारी से हर गांव के घर तक नल के पानी की आपूर्ति करने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) लागू की थी। जिसे वर्ष-2024 तक पूरा होना था, लेकिन अभी तक नेवलगंज, समदपुर भावा, मटरिया, पिलखना, रसीदपुर और दयालपुर आदि गावों में पानी की टंकी के लिए तहसील प्रशासन जमीन तक चिन्हित नहीं कर सका है। जिससे योजना का लाभ साल के अंत तक ग्रामीण इलाकों तक पहुंचना मुश्किल दिख रहा है। कई गावों में जमीन है भी तो वह दबंगो के कब्जे में है। जिसे तहसील प्रशासन कब्जामुक्त नहीं करा पा रहा है। जिन गांवों में पानी की टंकी के लिए जमीन चिन्हित हो चुकी थी वहां भी कार्य अधूरे पड़े हुए हैं।

बोले जिम्मेदार

एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता ने बताया कि जिन गावों में किन्ही कारणों से जमीन अभी तक चिन्हित नहीं हुई है। उनकी जल्द ही पैमाईश कराई जाएगी। जिससे जल्द से जल्द योजना का लाभ सभी को मिल सके।

जल जीवन मिशन योजना के लगभग पांच वर्ष पूरे होने वाले हैं। इसके बाद भी तहसील प्रशासन इस योजना को अमली जामा नहीं पहना पा रहा है। यहां पर नौ मन चले अढ़ाई कोस की कहावत चरितार्थ हो रही है। खास बात यह है की उन्नाव जनपद का पानी सबसे प्रदूषित पानी है, यहां के पानी मे फ्लोराइड के साथ ही आर्सेनिक की मात्रा इतनी अधिक है। कि कैंसर जैसी घातक बीमारियां पानी की वजह से लोगों में पहुंचकर उनका जीवन ले रही हैं। ऐसी महत्वपूर्ण योजना को भी नजर अंदाज करने में तहसील प्रशासन बहुत आगे है। तहसील के पास अपनी टीम है लेकिन कई गांवों में पानी की टंकी के लिए जमीन की पैमाइश नहीं कर पाई है। जिससे बोरिंग और टंकी का निर्माण हो सके। वही तहसील प्रशासन रात-दिन बड़े उद्योगपति प्रॉपर्टी डीलरों का सहयोग करता नजर आता हैं।

सार-संक्षेप

उन्नाव डिपो को मिली पांच नई बसें, बेड़ा हुआ 95 का

उन्नाव। जिले से रोडवेज बसों में यात्रा करने वालों के लिये खुशी की खबर है कि उन्नाव डिपो को पांच नई बसें मिल गई हैं। जिससे अब उन्नाव डिपो में बसों की संख्या 95 हो गई है। वहीं, आने वाली 16 जून को पांच और बसें मिलनी हैं। जिसके बाद डिपो में बसों का बेड़ा सेंच्युरी मार देगा। बता दें कि उन्नाव डिपो मे वर्तमान में 90 बसें थीं। यह बसें झांसी, मथुरा व दिल्ली समेत अन्य जनपदों के अलावा जिले के लोकल रूटों पर चलाई जाती हैं। ऐसे में यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निगम की ओर से डिपो को पांच नई बसें मुहैया कराई गई हैं। जिससे अब उन्नाव डिपो के बेड़े में बसों की संख्या 95 पहुंच गई है। इन नई बसों के आने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वहीं, आगामी 16 जून को 5 और नई बसें आनी हैं। इसके बाद जिले में बसों की संख्या 100 हो जाएगी। बड़ी बात यह है कि इन नई बसों का किराया भी सामान्य होगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश चन्द्र वर्मा ने बताया कि जिले को पांच नई बसें मिली हैं। 16 जून तक पांच और नई बसें मिलनी हैं। यात्रियों को इन नई बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। नई बसों का किराया सामान्य है। नई बसें आने से चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी की जा रही है।

डिपो में खड़ी नई बस।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

पुरवा। कोतवाली में तैनात दरोगा विनोद सिंह गश्त के दौरान अड़गांव मोड़ के पास से बारासगवर के गांव रुकमपुर निवासी शिवम कश्यप को तमंचा व कारतूस रखने के आरोप में पकड़ कर कोतवाली लाए और उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

चोरी के मामले में आधा दर्जन लोगों से पूछताछ

बांगरमऊ। नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मुंबई मार्केट में मोहल्ला नौनिहाल गंज निवासी जुबेर पुत्र जहूर की मोबाइल की दुकान है। बीती छह जून को देरशाम वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में चोरों ने शटर के ताले काटकर वहां रखे करीब तीन दर्जन एंड्रायड मोबाइल सेट चोरी कर भाग गए थे। मोबाइल सेट चोरी करते समय चोर की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपी थी। शुक्रवार को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शिनाख्त कर आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लिया। लेकिन, मुख्य चोर के गिरफ्त में न आने पर पुलिस अभी तक माल बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस चोरी गया माल बरामद करने के लिए संदिग्धों से पूछताछ में जुटी है।

छत पर जाते समय महिला फिसल कर गिरी

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गद्दिन खेड़ा निवासी राजेश की 40 वर्षीय पत्नी रानी देवी शुक्रवार सुबह जीने से घर की छत पर जा रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

असंतुलित होकर ट्रेन से गिरा युवक घायल

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव जमादार पुरवा निवासी संजू (35) पत्नी व बच्चों को लेकर ससुराल हरदोई गया था। ससुराल में शुक्रवार सुबह अचानक उसका बेटा बीमार हो गया। उसने बेटे को हरदोई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और इलाज के लिए पैसे का बंदोबस्त करने के लिए वह हरदोई से किसी साधन से बालामऊ आया। बालामऊ से ट्रेन से वह अपने गांव आ रहा था। तभी बांगरमऊ रेलवे स्टेशन के पास संजू असंतुलित होकर चलती ट्रेन से नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

रोक के बाद भी खुदी सैकड़ों डंपर मिट्टी, अफसर बेखबर

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

धूल उड़ाते हुए जाते मिट्टी लदे डंपर। अमृत विचार

- अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठा पोकलैंड व जेसीबी से किया गया खनन

अमृत विचार। डीएम सहित अन्य अधिकारी एक ओर बैठकों में व्यस्त थे इधर दूसरी ओर खनन माफियाओं ने निरस्तीकरण को भेजी गई फ़ाइल में अवसर देखते ही सैकड़ों डंपर मिट्टी खनन क़र डाला। अधिकारियों के पास फोन जाते रहे लेकिन, सेटिंग के आगे सारे दावे व निर्देशों की हवा निकल गई। खनन अधिकारी की लापरवाही से सैकड़ों डंपर मिट्टी खोद डाली गई। इससे साफ होता है कि प्रशासन के आगे खनन माफियाओं का कितना दबदबा है।

बता दें कि तहसील हसनगंज क्षेत्र के गांव भटपुरा में शिवन्या इंटरप्राइजेज के नाम से 15173 घनमीटर खनन करने की परमिशन गांव के दो गाटा संख्या में दी गई थी। लेकिन खनन की अनुमति का फायदा उठाकर खनन माफियाओं ने गांव के दो अलग-अलग खेतों से अवैध खनन क़र सैकड़ों डंपर मिट्टी का खनन किया था। इससे संबंधित खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने पर एसडीएम हसनगंज ने फाइल निरस्तीकरण की रिपोर्ट मुख्यालय भिजवाते हुए खनन पर रोक लगा दी थी। शुक्रवार को पहले से तैयार खनन माफियाओं को जैसे ही डीएम के बैठक में होने की जानकारी हुई तो सुबह से ही माफियाओं ने खनन शुरू करवा दिया। खनन माफियाओं ने अधिक खनन करने की नियत से पोकलैंड उतार दी। जबकि मिट्टी खनन में पोकलैंड प्रतिबंधित है। अफसरों के मीटिंग में व्यस्त होने का फायदा उठाकर अवैध तरीके से जमकर खनन किया गया।

बोले तहसीलदार

तहसीलदार विराग करवरिया ने बताया कि खनन अधिकारी दो तरफ की बातें क़र रहे हैं। उनके मुताबिक खनन विभाग के लिखित देने पर ही हम उन पर कार्रवाई क़र सकते हैं।

बोले डीएम

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। इसकी जानकारी करवाता हूं। अगर अवैध खनन हुआ है तो कार्रवाई की जाएगी।

बोले रीजनल अफसर खनन लखनऊ मंडल

लखनऊ मंडल के रीजनल अफसर एसएन पटेल ने बताया कि अवैध खनन के बाद नोटिस का जवाब व जुर्माना के बाद ही खनन दोबारा शुरू हो सकता है। ऐसा हो रहा है तो गलत है। जिला खनन अधिकारी से बात की जाएगी। जरूरत पड़ने पर लखनऊ से टीम बनाकर इसकी जांच कराएंगे।

साहब! जरा देखिए यह फैक्ट्रियां विषैली गैस जहर के रूप में उगल रही हैं, आसपास के एक दर्जन से अधिक गावों के लोग हो रहे बीमार

अफसरों तक नहीं पहुंच रही फैक्ट्रियों से निकलने वाली गैस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से निकलता धुआं।

फैक्ट्री से निकलती जहरीली गैस। अमृत विचार

अमृत विचार। दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित कुछ फैक्ट्रियां आसपास के गावों में रहने वालों के लिये मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। यह फैक्ट्रियां विषैली गैस जहर के रूप में उगल रही हैं। इससे एक दर्जन से अधिक गावों के बच्चे व बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सांस के मरीज बनकर जिंदगी से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी माना है कि क्षेत्र में फैक्ट्रियों की वजह से दमा व टीबी समेत अन्य बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों ने नुकसान पहुंचा रहे उद्योगों को बंद कराने की मांग प्रशासन से कर चुके हैं।

दही औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े गांव चांदपुर निवासी संजय कुमार, महेश कुमार, गजौली गांव निवासी कमल यादव, मनुराम, नन्हक्के, टीकरगढ़ी गांव निवासी भूषण दास, विनय कुमार व श्याम सुंदर ने बताया कि दही औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्रियां लगने का सिलसिला बीते 25 से 30 वर्षों से जारी है। वर्तमान में इतनी फैक्ट्रियां लग चुकी हैं कि इनकी गिनती करना मुश्किल है। आरोप लगाया कि ज्यादातर फैक्ट्रियां मानकों के विपरीत चल रही हैं। इनमें अनेक स्लाटर हाउस, चमड़ा व प्लास्टिक के दाने बनाने वाली सहित कई फैक्ट्रियों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। कुछ ऐसी फैक्ट्रियां हैं जिनमें चोरी छिपे पुराने टायर जलाए जाते हैं। स्लाटर हाउस, लेदर, प्लास्टिक दाने व टायर गलाने सहित अन्य फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं वातावरण में फैलकर लोगों को कैंसर, टीबी, दमा, बहरापन, आखों में जलन व लाल होना, स्किन इंफेक्शन, नपुसंकता जैसी जानलेवा बीमारियां बांट रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि धुएं के साथ उड़ने वाले कार्बन के कण गावों में फैलते हैं जो सांस के साथ शरीर में प्रवेश कर लोगों को मौत की ओर धकेल रहे हैं। अनेक फैक्ट्रियों की चिमनी की ऊंचाई भी मानकों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में धुआं निकलते ही गांव में बैठ जाता है। बताया कि वह फैक्ट्रियों से निकलने वाले जानलेवा धुएं पर अंकुश लगवाने के लिए कई बार प्रशासनिक अफसरों से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन, अभी तक कोई कदम प्रशासन की ओर से नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने नियमों का पालन न करने वाली फैक्ट्रियों को बंद कराने की मांग प्रशासन से की है।

बोले जिम्मेदार

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने बताया कि मेरी जानकारी में ऐसी कोई फैक्ट्री नहीं हैं। सभी फैक्ट्रियों में डिवाइस लगाए गये हैं। रही बात ग्रामीणों की समस्या की तो शिकायत आने पर जांच करवाकर ऐसी फैक्ट्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

अभ्युदय सेवा संस्थान का मेगा हेल्थ कैंप कल

उन्नाव। अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा अपने 8वें स्थापना दिवस पर रविवार सुबह कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस में निःशुल्क अभ्युदय मेगा हेल्थ कैंप व प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। संस्था के अध्यक्ष डा. प्रभात सिन्हा ने बताया कि कैंप में कमलावती अस्पताल के डा. एसके वर्मा फिजिशियन के रूप में होंगे। आंख, कान व गले की जांच, शुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी, ब्लड ग्रुप की निःशुल्क जांच होगी। लोगों को आंख की दवा व चेक करके चश्मे भी दिये जाएंगे। संस्था वरिष्ठ संरक्षक डा. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कैंप में होम्योपैथिक चिकित्सक डा. नमन निगम द्वारा जांच व परामर्श के साथ दवाइयां दी जाएंगी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता व संस्था के महासचिव ओपी तिवारी ने बताया कि कैंप के साथ शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

कीटनाशक खाकर युवती ने कर ली आत्महत्या

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- आत्महत्या की वजह नहीं बता सके परिजन

गीता।

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली अंतर्गत रतन पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह 20 वर्षीय युवती ने किसी बात से नाराज होकर कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसके पेट में जहर मिलने की पुष्टि हुई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मलांव के मजरा रतन पुरवा निवासी गीता (20) पुत्री राम स्वरूप ने शुक्रवार सुबह घर में किसी बात से नाराज होकर कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। उल्टियां होने के बाद वह अचेत होकर गिर गई। बेटी को पड़ा देख परिजन उसे नवाबगंज सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहर खाने से हुई मौत के संदेह पर अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम कराया है। इसमें जहर खाने से मौत होने की पुष्टि हुई। ग्रामीणों में चर्चा है कि हालत बिगड़ने पर परिजन पहले जड़ी बूटी से इलाज करते रहे। सुधार न होने के पर अस्पताल ले गए। उसके भाई लवकेश उर्फ लाखन की चार जुलाई को शादी होनी थी। बेटी की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। वहीं परिजनों ने बताया गीता को मिर्गी के दौरे आते थे।

प्रेमिका से मिलने खेत में गए युवक की कुल्हाड़ी मारकर नृशंस हत्या

घटना की सूचना पर एएसपी मौके पर पहुंचे, आरोपियों को पकड़ने के दिये निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में रहने वाले एक युवक का पड़ोस गांव में रहने वाली किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जहां शुक्रवार दोपहर किशोरी ने उसे खेतों पर मिलने बुलाया। जहां वह मिलने पहुंचा। इस दौरान किशोरी के भाई और पिता ने उसे लाठी डंडों से पीट दिया। जिसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर उसे बेदम कर दिया। सूचना पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिये ले गये। जहां जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है।

आशीष।

बसधना गांव निवासी सहदेव सविता का 22 वर्षीय बेटे आशीष उर्फ बड़कू की पड़ोस के गांव में रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी से मित्रता थी। सहदेव ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनके बेटे को फोन कर खेतों में मिलने के लिये बुलाया गया। जिस पर बेटा मिलने पहुंचा, तभी किशोरी के भाई ने पकड़ लिया और गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। विरोध करने पर किशोरी के दो भाइयों और पिता ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान कुल्हाड़ी से कई वार कर दिये। जिससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उन्हें दी। जिस पर वह परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घायलावस्था में उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं गांव में पीट-पीटकर हत्या होने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं पुलिस ने आरोपी किशोरी के पिता को हिरासत में लिया है। वहीं सूचना पर एएसपी अखिलेश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिये टीमें गठित की है।

घटना के बाद लगी ग्रामीणों की भीड़, मौजूद पुलिस।

मौत पर रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

झांसा देकर आशीष को गया था बुलाया

- मृतक के पिता का कहना है कि बेटे को झांसा देकर फोन कर बुलाया था। जहां बैठकर कोल्ड ड्रिंक पिया। जिसके बाद कहासुनी होने लगी और बेटे को मौत के घाट उतार दिया।

हत्या होने से ग्रामीणों में आक्रोश

- आशीष की हत्या होने पर ग्रामीणों और परिजनों में आक्रोश देखा गया। परिजनों ने बताया कि यदि उन्हें सही समय पर जानकारी मिल जाती तो बेटे को इलाज के लिये ले जाते और उसे बचाया जा सकता था।

शादी के 26 दिन पहले आशीष की मौत

शुक्लागंज उन्नाव। हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव में रहने वाले आशीष की अगले माह उन्नाव में शादी होनी थी, जिसको लेकर घर में तैयारियां चल रही थी। परिजन रिश्मेदार और पड़ोसियों को शादी का कार्ड बांट रहे थे, तभी शादी के 26 दिन पहले आशीष की निर्मम हत्या कर दी गई। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बसधना गांव निवासी सहदेव सविता का 22 वर्षीय बेटे आशीष उर्फ बड़कू की नौ जुलाई को उन्नाव डीएसएन रोड बारात जानी थी। जिसको लेकर परिजन तैयारियां कर रहे थे, यहां तक शादी के कार्ड बांटने भी शुरू हो गये थे। वहीं घर में बहू लाने के लिये पिता ने जेवर बनवाये। वहीं दो बहनें कोमल, सोनल, मां संजू, छोटा भाई छोटू भी शादी को लेकर कपड़ों के अलावा अन्य खरीददारी भी कर रहे थे। इधर शुक्रवार को पड़ोस गांव में रहने वाली किशोरी से प्रेम प्रसंग चलने के कारण किशोरी के परिजनों ने उसे योजनाबद्ध तरीके से खेतों में बुलाया। जिसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी। जिससे परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई और परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं शादी के 26 दिन पहले आशीष की मौत होने पर गांव में भी मातम पसर गया। हर कोई यही कहता रहा कि आशीष का व्यवहार बहुत अच्छा था, जो भी उससे बात करता था वह उसका कायल हो जाता था, यदि आशीष खेतों में जाने से पहले परिजनों को इसकी जानकारी दे देता तो उसकी जान बच जाती।

संपूर्ण समाधान दिवस आज

उन्नाव। जिले की सभी तहसीलों में शनिवार सुबह 10 से दो बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस के तहत जनसमस्याएं व शिकायतों का निस्तारण कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि वह सफीपुर तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसी तरह बांगरमऊ में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, हसनगंज में एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, पुरवा में एडीएम न्यायिक विकास सिंह और सदर व बीघापुर में वहां के एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनसामान्य को त्वरित निस्तारण का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

झपकी आने से वाहन से भिड़ा ट्रक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर से लखनऊ सीमेंट लादकर जा रहे एक ट्रक चालक को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित बदुआ खेड़ा के पास झपकी आ गई। जिससे ट्रक आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। दुर्घटना में चालक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। वहीं दुर्घटना के बाद हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

कानपुर देहात के अकबरपुर रोशनई फत्तेपुर आर्य नगर निवासी 38 वर्षीय रोशन सिंह शुक्रवार सीमेंट लादकर कानपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था, जैसे ही वह हाइवे स्थित बदुआ खेड़ा के पास पहुंचा, तभी उसे झपकी आ गई और वह आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। वाहन की रफ्तार तेज होने के कारण बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और रोशन के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को किसी तरह बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। वहीं बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन के खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाया।

दुर्घटना के बाद हाइवे पर क्षतिग्रस्त खड़ा ट्रक। अमृत विचार

कुम्हारी कला बढ़ाने को बंटेंगे चाक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अंतिम तिथि 30 जून तक किया जा सकता है ऑफ या ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार। उप्र माटीकला बोर्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से जिले के पुस्तैनी कुम्हारी कला व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को निःशुल्क विद्युत चलित चाक उपलब्ध कराएगा। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि कुम्हारी कला (व्यवसाय) से जुड़े लोग योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए 30 जून तक ऑफ व ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों में से लाभार्थियों का चयन सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा।

परंपरागत कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के तहत शासन कुम्हारी कला सहित इसी तरह के अन्य उद्यमों से जुड़े लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मुताबिक शहरों से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम परिवार पैतृक कुम्हारी कला व्यवसाय से जुड़े हैं। पुराने ढंग से हाथ से चाक चलाते हुए गुणवत्ता के साथ आवश्यकतानुसार उत्पादन नहीं हो पाता है। इसीलिए ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए माटीकला बोर्ड कुम्हारी कला से जुड़े प्रजापति समाज को प्रोत्साहित करते हुए उनके व्यवसाय को सुविधाजनक बनाना चाहता है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुस्तैनी कारोबार से जुड़े प्रजापति समाज के जरूरतमंद योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन तिथि 30 जून के बाद चयन प्रक्रिया पूरी करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष उपयुक्त पात्रों को विद्युत चलित चाक उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक आवेदकों को आवेदन के साथ जाति प्रमाण-पत्र, अधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता संबंधी दस्तावेज, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति, परिवार आईडी, अनुभव प्रमाण-पत्र (तकनीकी/व्यवसायिक), दो फोटो व मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि माटीकला बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर आन लाइन आवेदन किया जा सकता है। साथ ही बाबूगंज स्थित कार्यालय में आफ लाइन आवेदन पत्र भी जमा किया जा सकता है।

गैंगस्टर एक्ट में 3 शातिरों को 3-3 साल की सजा

उन्नाव। अचलगंज पुलिस ने गैंग बनाकर क्षेत्र में अपराधिक गतविधियों को अंजाम देने वाले तीन शातिरों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। शुक्रवार को अंतिम सुनवाई के बाद बाद कोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराते हुए तीनों को 3-3 साल की सजा और 6-6 हजार जुर्माना लगाया है।

अचलगंज के जोजापुर निवासी संदीप, शत्रुघ्न व शिवबरन को अचलगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आईओ विजय कुमार ने जांच कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को गैंगस्टर कोर्ट में एडीजे जयवीर सिंह नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर संदीप, शत्रुघ्न व शिवबरन को दोषी करार दिया।

एबीसी केबिल डालने को लेकर 7 घंटे बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पश्चिमी क्षेत्र के तिवारी बगीचा में पुरानी एबीसी लाइन पड़ी होने के कारण आये दिन तार टूटने की घटनाएं हो रही थी, जिसे देखते हुये शुक्रवार को नई एबीसी केबिल डालने का कार्य किया गया। सुबह से शाम तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही।

शुक्रवार सुबह कार्यदायी संस्था तिवारी बगीचा पहुंची। जहां सुबह ग्यारह बजे शट डाउन लेने के बाद पुरानी एबीसी तार खंभों से उतारे। जिसके बाद नई एबीसी लाइन डालने का काम किया गया। इस दौरान सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब छह बजे कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं सुबह से शाम तक बिजली न आने पर लोग खासे परेशान रहे। घरों के इनवर्टर तक धड़ाम हो गये। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे।

एबीसी लाइन डालने का होता कार्य।

आज 12 घंटे बंद रहेगी फीडर एक की बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। गोकुल बाबा सब स्टेशन में आज (शनिवार) को पांच एमवीए की जगह दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का काम सुबह से कराया जायेगा। देर रात तक काम चलेन के कारण शुक्लागंज के फीडर एक की बारह घंटे तक बिजली गुल रहेगी। बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता सूर्योदय कुमार ने प्रेस विज्ञिप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गोकुल बाबा सवस्टेशन पर स्थापित 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। इसके चलते फीडर 1 से शुक्लागंज क्षेत्र के जगह सप्लाई सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बंद रखी जायेगी। इस दौरान कार्य कराया जायेगा। कार्य के चलते फीडर एक के दर्जनों मोहल्लों की बारह घंटे तक बिजली गुल रहेगी। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। वहीं 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगने के बाद लोगों को भरपूर बिजली मिलेगी।

रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल

चकलवंशी उन्नाव। सोशल मीडिया पर एक आडियो वायरल हुआ जिसमें मनमाफिक चढ़ावा न मिलने से नाराज मियागंज विकासखंड में तैनात तकनीकी सहायक (टीए) एक ग्राम सभा के वृद्ध महिला प्रधान को गालियां देते सुनाई दे रहा है। कूटरचित फोटो तैयार कर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर प्रधान के विरुद्ध षड्यंत्र रच दिया। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी आडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वायरल आडियो में फोटो तिथि वार बनाकर अधिकारियों को देकर प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने की बात कह रहा है। मियागंज ब्लॉक एक ऐसा ब्लॉक है, जो रिश्वत व कमीशन खोरी को लेकर अक्सर सुर्खियों में बना रहता है। शुक्रवार को भी इसका एक नजराना सामने आया। सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो में मियागंज ब्लॉक में तैनात तकनीकी सहायक (टीए) मनोज तिवारी विकास कार्यों में मनमाफिक चढ़ावा न मिलने के कारण प्रधान से बेहद नाराज प्रतीत हो रहा है। वायरल ऑडियो में तकनीकी सहायक मियागंज ब्लॉक की ग्राम सभा कोरारी कलां की प्रधान छेदाना द्वारा विकास कार्यों को सही ढंग से कराए जाने रिश्वत न दिए जाने पर काफी आक्रोशित लग रहा है।

ईओ व गौशाला प्रभारी का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी को शहर के गदनखेड़ा स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण में जबरदस्त अनियमितताएं मिलीं। इससे उनकी त्योरियां चढ़ी रहीं और उन्होंने ईओ व गौशाला प्रभारी जेई जलकल का एक माह का वेतन रोक दिया। यही नहीं गौशाला प्रभारी से 25 हजार रुपए वसूली का आदेश भी दिया। साथ ही सीवीओ को गौशाला का सघन अनुरक्षण करते हुए अनियमितताएं खत्म कराने के निर्देश दिए।

डीएम शुक्रवार सुबह सीवीओ व पशु चिकित्साधिकारी को साथ लेकर अचानक गौशाला पहुंच गए। यह जानकारी मिलते ही आनन-फानन में ईओ संजय गौतम व गौशाला प्रभारी विवेक कुमार भी गौशाला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जहां गौशाला परिसर में गंदगी दिखी। वहीं गौशाला में संरक्षित गौवंश को सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं मिलीं। निरीक्षण के दौरान गौवंश को घटिया भूसा दिए जाने का खुलासा हुआ, जबकि गौशाला गौवंश के लिए चोकर व हरा चारा उपलब्ध ही नहीं था। यह हाल देख डीएम की त्योरियां चढ़ गईं। उन्होंने ईओ को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी।

गौशाला का जायजा लेते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

हादसे में घायल युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत बाबूखेड़ा मोड़ पर कार की टक्कर से घायल हुए युवक की देररात शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की मौत की खबर से परिजन बेहाल है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव निवासी सुनील अवस्थी का बेटा इंद्रेश (25) गांव के बाहर बीज भंडार खोले था। बीती 10 जून को वह किसी काम से बाबूखेड़ा गांव गया था। तभी गांव के मोड़ के पास उसकी बाइक में तेज रफ्तार कार ने मार दी थी। चर्चा रही कि युवक की बाइक तेज रफ्तार में थी और खड़ी कार में घुस गई थी। हालांकि पिता ने पुलिस को कार चालक पर लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक लेकर किनारे खड़े बेटे को टक्कर मारने की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

टूटी पाइप लाइन की हुई मरम्मत

उन्नाव। नगर पंचायत द्वारा मोहल्ला पीराशाह में बनी पानी की टंकी के 10 मोहल्लों की जलापूर्ति होती है। गुरुवार को मेनलाइन का पाइप छतिग्रस्त होने से जलापूर्ति बाधित हो गई।

शुक्रवार को नगर प्रशासन ने पाइप लाइन सही कराई। शनिवार को जलापूर्ति होगी। पीराशाह मोहल्ले में बनी पानी की टंकी से 10 मोहल्लों को पानी की सप्लाई होती है। पानी न आने से लोग परेशान हैं।

सार-संक्षेप

फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन बेचने वाला युवक पकड़ा गया

उन्नाव। उन्नाव-लालगंज हाईवे पर स्थित कीमती जमीन को कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से बेचने के लिए एग्रीमेंट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सदर कोतवाली के मोहल्ला पीडी नगर निवासी सौरभ पुत्र सलिल मिश्रा ने 21 दिसंबर - 2023 को तहरीर देकर बताया था कि उसने उन्नाव - लालगंज हाईवे पर एक जमीन का सौदा किया था। कौशलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम कोरारी कलां थाना अचलगंज ने इसका एग्रीमेंट करते हुए उनसे जमीन के एवज में रुपए लिए थे। बाद में पता चला कि कौशेलंद्र ने और लोगों को भी इसी जमीन का सौदा कर उसके एवज में रुपए ले रखे है। जानकारी पर मालूम हुआ कि उसके पिता पहले जमीन बेच चुके है। बेटे ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे पंजीकरण कर फर्जीवाड़ा किया। पुलिस ने मामले की जांच में आरोपों को सही पाया। शुक्रवार को पुलिस गांव में दबिश देकर कौशलेंद्र को पकड़ा और कोतवाली लेकर कर्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

गर्दन पर चाकू रख बदमाशों ने लूटा मोबाइल और नकदी

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव में ब्यूटी पार्लर की दुकान में बैठे एक बालक की गर्दन पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू रख दी। जिसके बाद दुकान के काउंटर में रखी नकदी और मोबाइल लूट कर भाग निकले। घटना की जानकारी पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। पोनी गांव बाजार निवासी संजय के बेटे रौनक ने बताया कि उसकी बुआ नीलम का गांव के पास ब्यूटी पार्लर है। शुक्रवार सुबह वह ब्यूटी पार्लर मे बैठा था, तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश पहुंचे और रौनक की गर्दन में चाकू लगा काउंटर में रखे चार हजार की नकदी और मोबाइल लूटकर भाग निकले। घटना की जानकारी पीड़ित ने जाजमऊ चौकी पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

पालिका की बोर्ड बैठक आज

शुक्लागंज उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर आज पालिका में चर्चा की जायेगी। वहीं सभासद भी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यों को लेकर बात भी रखेंगे। नगर पालिका गंगाघाट कार्यालय में आज बोर्ड बैठक होगी। जिसके लिये पालिका में तैयारियां की जा रही है। बोर्ड बैठक में नगर के विकास कार्यों पर चर्चा भी की जायेगी। इसके साथ सभासद अपने वार्डों में विकास कराने को लेकर अपनी बात भी रखेंगे। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आज सुबह ग्यारह बजे से नगर पालिका गंगाघाट के मीटिंग हाल में बोर्ड बैठक आयोजित की जायेगी।

देख सुदामा की दीन दशा, करुणा कर करुणा निधि रोए

शुक्लागंज उन्नाव। कंचन नगर बी चल रही भागवत कथा के दौरान शुक्रवार को कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा व्यास ने बखान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गये। कथा को आगे बढ़ाते हुये पं. आशुतोष अवस्थी ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान कृष्ण ने अपने सखा सुदामा को दीन हालत में देखा तो वह बहुत दुखी हुए मित्र प्रेम में तीनों लोकों के मालिक होने के बाद भी सुदामा को अपने सिंघासन पर बैठाकर अपने आंसूओं से ही उनके पैर धो डाले। मंजू तिवारी, प्रवीन तिवारी, नेहा तिवारी, मनोरमा बाजपेई, विष्णु दीक्षित, सचिन बाजपेई समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

25 जून से शुरू होगी मानसूनी बारिश

उन्नाव। बारिश की बाट जोह रहे लोगों को अभी करीब 10 दिन और इंतजार करना होगा। मौसम विभाग ने 25 जून से मध्य यूपी में मानसून सक्रिय होने की संभावना जताई है। मानसून पूर्वी यूपी से मध्य क्षेत्र के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की धरती की प्यास बुझाएगा। उल्लेखनीय है कि बारिश न होने से जहां लोगों की रातों की नींद हराम है। वहीं दिन में भी चैन नहीं मिल रहा है। इसीलिए सभी गर्मी से आजिज होकर अब इंद्रदेव से मेहरबानी मांग रहे हैं। बारिश की सबसे अधिक आवश्यकता कृषि व बागवानी से जुड़े ग्रामीणों को है। एक ओर से जहां सिंचाई मद में खर्च हो रही धनराशि सब्जियों की उत्पादन लागत बढ़ा रही है। वहीं धान की नर्सरी तैयार करने वालों के सामने भी संकट है। अच्छी कीमत प्राप्त करने के लिए मक्का की अगैती खेती करने वालों को भी फसल नष्ट होने सहित उत्पादकता घटने की चिंता सता रही है। मौसम विभाग ने 25 जून तक मध्य यूपी के अधिकांश जिलों में मानसून सक्रिय होने की उम्मीद जताई है।

स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाले ऋण की जानकारी

नवाबगंज उन्नाव। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नवाबगंज विकासखंड मुख्यालय में शुक्रवार को बैंक आफ इंडिया के अधिकारियों की सहभागिता के साथ एक सीसीएल शिविर आयोजित हुआ। जहां विभिन्न ग्राम सभाओं में संचालित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने प्रतिभाग कर बैंक संबंधी कागजी कार्रवाई पूर्ण की। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का संचालन कर रही है। जिसमें महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये समूह गठन कर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं। बैंक ऑफ इंडिया नवाबगंज के शाखा प्रबंधक शुभम सोनी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के लिये 4 प्रतिशत के ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराते हैं। इस दौरान एडीओ मनोज कुमार, अनूप गुप्ता आदि रहे।

बैठक | कहा, अफसर लेखपालों व कानूनगो से शासन के निर्देशों के तहत लें काम

डीएम ने की कर व राजस्व कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की। अपेक्षित वसूली न करा सके अफसरों को प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण समयबद्धता से किया जाए। एसडीएम व तहसीलदारों को लेखपालों पर नकेल कसते हुए किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

नगर विकास, वन, परिवहन, भूमि अध्यापित, राजस्व, खनन, कृषि, श्रम, मत्स्य, वाणिज्यकर, आबकारी व विद्युत आदि विभागों की ओर से आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष किए गए कर संग्रह की समीक्षा की। इस दौरान कई विभाग अपेक्षित राजस्व वसूली नहीं कर सके थे। डीएम ने कहा कि अभी से रणनीतिक रूप से वसूली न करने पर वित्तीय वर्ष के अंत में लक्ष्य पूरा कराना मुश्किल होगा। इसलिए सभी अधिकारियों को रुटीन के तहत राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए प्रयासों को गति दिलानी चाहिए। इसके लिए प्रवर्तन कार्यों पर जोर दिया जाए। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। तहसीलों से जारी हो रहे आय व जाति प्रमाण पत्रों की गहन समीक्षा की जाए। किसी अपात्र को ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र कतई नहीं जारी होना चाहिए। एसडीएम व तहसीलदार राजस्व निरीक्षकों व कानूनगो पर अंकुश रखते हुए शासन की मंशा के अनुरुप दायित्व निर्वहन का अभ्यस्त बनाएं। अविवादित वरासत व दाखिल-खारिज़ तय समय पर हो जाने चाहिए। पात्रों को ही सरकारी भूमि आवंटित की जाए। आईजीआरएस के लंबित प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्टेट हिमांशु गुप्ता, नगर मजिस्टेट राजीव राज सहित सभी एसडीएम व तहसीलदार भी मौजूद रहे।

- डीएम ने कहा, राजस्व वसूली में लापरवाही न करें

सराहे गए हसनगंज एसडीएम

डीएम ने हसनगंज के राजस्व अधिकारियों खासकर एसडीएम की कार्यशैली की जमकर सराहना की। कहा कि आकार पत्र 41 व 45 का डिजिटाईजेशन कराया गया है। साथ ही तालाब पट्टों से लगान वसूली व सड़कों से लगी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया है। गत वर्षों में मत्स्य पालन को दिए गए 558 पट्टों की जांच में पाया गया कि 338 पट्टा धारक राजस्व नहीं जमा कर रहे थे। आवंटियों से 2.98 लाख रुपए राजस्व ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कराया जा चुका है।

राजीव नगर बस्ती उजड़ने के बाद बटोर रहे सामान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गंगाघाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होना है, उसी को लेकर बस्ती के बीच दीवार बनाने का काम कराया जा रहा है। जहां जद में आये आधा सैकड़ा से अधिक कच्चे पक्के मकानों को गुरुवार को आरपीएफ की मौजूदगी में ध्वस्त करा दिया गया था। जिसके बाद शुक्रवार को परिवार अपना सामान बटोरने में लगे हुये हैं। वहीं मकानों की निकली ईंट का एकत्र कर लोग दूसरे स्थान पर ले जाते हुये दिखाई पड़े। इसके अलावा कई परिवार खुले आसमान के नीचे अपना बसेरा बनाये हुये हैं।

राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वॉल बनवाने का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है।

उधर रेलवे की ओर से राजीव नगर खंती में नोटिस चस्पा की गई थी कि अपने अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो उसे बल पूर्वक हटवा दिया जायेगा। इधर विभाग ने कई मकान बाउंड्री वॉल की जद में आ रहे थे, जिस पर कार्यदायी संस्था की ओर से मुनादी कराई गई थी। जिस पर जद में आने वाले मकानों में रहने वाले लोगों ने अपनी गृहस्थी का सामान निकाल लिया था। इधर जद में आ रहे मकानों को पोकलैंड से ढहा दिया गया। आशियाने टूटने के बाद सैकड़ों परिवार खुले आकाश के नीचे डेरा डाले हैं। कुछ लोग किराये का कमरा लेकर अपना सामान ले जाते दिखाई पड़े।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया, लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए



विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।

राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग, मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया, फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।

परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं, उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

प्रसंगवश

विकल्पहीनता में विकल्प की आशा

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है, जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी, शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है, परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है, उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके, जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।

विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र, दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे, लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति, यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि ,भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है, वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं, बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना, आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है, दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन, जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक- पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर, जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं, अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस, जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ, हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा, जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है, नकारती है, उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं, जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं, उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है, क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

सोशल फोरम

सही राह

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है, इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो, लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले 'ये विद्या आपने कैसे सीखी' अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।

हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

-फेसबुक वॉल से

फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

भारत में मध्यम वर्ग

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं, जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है, जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है, जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई, सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जान दी

नीम के पेड़ पर लटकता मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

संवाददाता, बसरेहर-इटावा

अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के गांव चौबिया में साहूकारों के कर्ज से परेशान हो एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

विकास।

ग्राम निवासी विकास कुमार जाटव पुत्र स्व. वीरेन्द्र सिंह जाटव ने साहूकारों से कर्ज ले रखा था। जिसके कारण वह काफी समय से परेशान चल रहा था। 13 जून को अपने खेतों में धान की पौध लगाकर शाम को घर नहीं पहुंचा। सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ शौच क्रिया के लिए निकले तो देखा कि गांव से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ है। गांव वालों ने चौबिया ग्राम प्रधान अनिल कुमार को सूचना दी।

ग्राम प्रधान ने उसकी पहचान विकास कुमार जाटव के रूप में करते हुए परिवार वालों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन वहां पहुंच गए। वहीं चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

आम तोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

तिर्वा। आम तोड़ते समय वहां से गुजरी एचटी लाइन की चपेट में आने से युवक नीचे गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। थाना ठठिया के महसैया गांव निवासी विनय उर्फ भूरा पुत्र मुन्नू गुरुवार की सुबह गांव के बाहर पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। तभी पास से निकली एचटी लाइन के तार की चपेट में आ गया। हाईटेंशन करंट लगने से वह पेड़ से गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एक्सप्रेसवे पर हादसा, एक की जान गई, तीन घायल

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

अमृत विचार। एक्सप्रेस वे पर गुरुवार रात तेज रफ्तार कार ओवरटेक लेन पर चल रहे अज्ञात व्यक्ति से टकराकर पलट गई। हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई और कार सवार तीन लोगों के मामूली चोटें आईं। कार सवार रामपुर से छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहे थे। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

रामपुर जनपद के थाना टांडा के धर्मपुर निवासी चालक रिफाकत अली पुत्र मेहंदी अली कार लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से रामपुर से रायपुर जा रहा था। उसके साथ उमेश पुत्र माजिद , नदीम पुत्र निसार अहमद निवासी गण टांडा थाना टांडा जिला रामपुर भी सवार थे। रात लगभग दस बजे थाना क्षेत्र सकरावा के सामने किलोमीटर संख्या 144 पर तेज रफ्तार अर्टिगा कार ओवरटेक करते समय ओवरटेक लेन में चल रहे पैदल राहगीर (42) से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में बैठे तीनों लोगो के मामूली रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने हाईवे की एंबुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल अज्ञात व्यक्ति व कार सवार तीनों घायलों को सौरिख सीएचसी भर्ती कराया गया। यहां अज्ञात व्यक्ति को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त न होने पर सकरावा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं सुरक्षा अधिकारियों का कहना है आसपास के लोगों द्वारा जानकारी मिली मरने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार था।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

तिर्वा। जटियापुर निवासी रेवतीरमन पुत्र गोविंद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता आठ जून को गांधी चौराहा की ओर आ रहे थे। बलीराम कारखाना के सामने थाना इंदरगढ़ के चंदौआ निवासी बाइक चालक अवनीश ने पिता के टक्कर मार दी। उन्हें मेडिकल कॉलेज से कानपुर रेफर किया। कानपुर ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

काली नदी तट पर लगी परिजनों व ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

मवेशी चराने गए वृद्ध की हत्या कर शव काली नदी में फेंका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तहसीपुर में नदी के पानी में उतराता मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार। घर से मवेशी चराने गए वृद्ध का शव काली नदी के पानी में उतराता मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि रंजिश के चलते हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंक दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर निवासी 60 वर्षीय शिवप्रकाश पुत्र बाबूराम गुरुवार को मवेशी चराने के लिए काली नदी की तलहटी की तरफ गया था। देर शाम तक वह लौटकर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। देर रात तक परिजन व रिश्तेदार खोजबीन करते रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह शिवप्रकाश का शव काली नदी के पानी में उतराता मिला। जानकारी मिलते ही तट पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जानकारी पाकर सीओ सिटी कमलेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया तो शरीर पर कुछ चोटों के निशान प्रतीत हुए। बेटों अंकित व अर्पित ने हत्या के बाद शव को नदी में फेंकने का आरोप लगाया है, लेकिन किसी का नाम नहीं बता रहे हैं। उनका कहना है कि गांव में रंजिश चल रही है, जिसके कारण पिता की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। शिवप्रकाश के परिवार में पत्नी गुड्डी देवी के अलावा तीन संताने हैं, जिनमें बड़े बेटे अंकित व बेटी संध्या की शादी हो चुकी है।

स्वीमिंग पूल के मालिक को बेरहमी से पीटा, तोड़फोड़

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के गलिहा रोड में स्थित स्विमिंग पूल में हुए मामूली विवाद के चलते लगभग एक दर्जन युवकों ने मालिक की बेरहमी से पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया। स्विमिंग पूल में भी जमकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायल को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

कस्बे के चौबट्टा मोहल्ला निवासी प्रमोद सोनी पुत्र रमेश ने तहरीर देकर बताया कि कस्बे के गलिहा रोड इलाके पर वह एक स्विमिंग पूल संचालित करता है। बताया दो दिन पूर्व गलिहा रोड मोहल्ले के ही राज नाम के एक युवक ने स्विमिंग पूल की कैंटीन के कर्मचारी आकाश के 300 रुपये चोरी कर लिए थे। जिसके बाद उसने चोरी करने वाले युवक को डांट दिया था। बताया कि उसी खुन्नस के चलते आरोपी अपने लगभग एक दर्जन साथियों के साथ उसके स्विमिंग पूल पर आ धमका और उस पर अनर्गल आरोप लगाते हुए उसके साथ अपने सभी साथियों के साथ उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगा। उन्होंने बताया कि दबंग के द्वारा की गई मारपीट से उसे गंभीर रूप से चोटें आईं हैं। बताया कि उसने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

ट्रैक में खराबी आने पर रोकी गई वंदेभारत

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

अमृत विचार। दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर तकनीकी खराबी के चलते वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन होम सिग्नल पर खड़ी हो गई। ट्रेन करीब बीस मिनट तक होम सिग्नल पर खड़ी रहने के बाद गंतव्य को रवाना हुई।

दिल्ली - हावड़ा रूट मार्ग पर सुबह 10:27 बजे शुक्रबार को वाराणसी जंक्शन से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली ट्रेन संख्या 22415 अप लाइन पर वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी। तभी अछल्दा रेलवे सेक्शन में रेलवे ट्रैक में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे ट्रेन के पहिये वहीं थम गए।

खड़ी वंदेभारत। अमृत विचार

क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

- होम सिग्नल पर 20 मिनट तक खड़ी रही एक्सप्रेस

करीब बीस मिनट तक ट्रेन होम सिंगनल पर खड़ी रही। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तकनीकी दुरुस्त होने के बाद सिंगनल लोअर हुआ उसके बाद ट्रेन को 10:47 बजे गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

क्रासिंग पर आधा घंटा लगा जाम

अछल्दा। बिधूना- फफूंद मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। देर से क्रासिंग खुलने से जाम लग गया । करीब सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर फाटक बंद किया गया । फिर उसके बाद 13-बी फाटक नही खुल सका जिससे 13-बी क्रॉसिंग पर लंबा जाम लग गया। करीब 10 बजकर 55 मिनट पर फाटक खोला गया उसके बाद राहगीरों व बाइक सवार को रेंग- रेंग कर निकलना पड़ा करीब फाटक पर आरपीएफ मनीष की कड़ी मशक्कत के बाद दस मिनट बाद फाटक को बंद कराया गया ।

दो विषयों में गैरहाजिर या फेल तो दे सकते परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षा 2024 में जो परीक्षार्थी दो विषय में फेल हो गए या अनुपस्थित पाए गए हैं उनको कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया गया है। 24 जून तक ट्रेजरी चालान और 26 तारीख तक आवेदन किया जा सकता है। उसके बाद कार्यालय में हार्डकॉपी भी जमा की जाएगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शासन ने कंपार्टमेंट परीक्षा देने के लिए संस्थागत मुंशी-मौलवी परीक्षार्थियों के लिए प्रति विषय परीक्षा शुल्क 200 रुपये व व्यक्तिगत के लिए 250 रुपये निर्धारित किया गया है। आलिम प्रति विषय संस्थागत रूप में 200 रुपये और व्यक्तिगत 250 रुपये शुल्क लगेगा। संस्थागत कामिल/फाजिल का शुल्क 250 रुपये और व्यक्तिगत का 300 रुपये प्रति प्रश्न पत्र रहेगा। परीक्षा का चालान प्रपत्र संबंधित मदरसा के प्रधानाचार्य की ओर से सत्यापित किया जाएगा। मदरसों की ओर से भरे गए आवेदन पत्र को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की आखिरी तारीख 29 जून है। परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र मदरसा में ही जमा करेंगे।

अपहरण कर मांगी 30 हजार की फिरौती, किए गए गिरफ्तार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। बाइक सवार का कार सवारों ने अपहरण कर लिया और उसके बाद मारपीट कर पत्नी से तीस हजार रुपये की फिरौती मांगी। पड़ोसी जनपद की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मौदहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी धीरेंद्र उर्फ मंगल पुत्र राजाराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में फोटो ग्राफी का काम करता है। बीते 13 जून की शाम वह एक तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने छिमौली डेरा गया था। वहां से बाइक से लौट रहा था, तभी रास्ते में महेश पुत्र रामरूप निषाद ने अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ चार पहिया वाहन से बाइक में टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दी और पीड़ित को अपहृत कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने अपहृत के साथ मारपीट कर उसकी पत्नी सुनीता के फोन कर 30 हजार रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

अपहृत की पत्नी ने तत्परता दिखा यूपी 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, जो उस समय पड़ोसी जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र पर थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने जसपुरा पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद जसपुरा पुलिस ने आरोपियों को अपहृत सहित गिरफ्तार कर मौदहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

रात में भतीजी के साथ दिखे पति की पिटाई

औंग, फतेहपुर। कस्बे में एक वार्ड में किराए में रह रहा एक 26 वर्षीय युवक अपनी भतीजी के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा गया। जिसके बाद पत्नी ने परिजनों संग मिलकर पति की जमकर पिटाई कर दी। कुछ देर बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। जिसके बाद मामले को शांत कराया गया। बताया जा रहा है कि कस्बे में रह रहा युवक पत्नी की गैर मौजूदगी में युवक ने साले की बेटी को घर में बुलाया। दोनों देर रात एक साथ रहे। उसी दौरान मायके में रह रही पत्नी भी अपने भाइयों के साथ मौके पर पहुंच गई। इस दौरान दोनों को एक साथ देख पत्नी आग बबूला हो गई और भाइयों संग मिल कर पति जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से युवक का सिर भी फट गया। कुछ देर मामले की जानकारी पुलिस को लगी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। कुछ देर बाद दोनों ने समझौता कर लिया। बताया जा रहा है कि जब पत्नी मौके पहुंची तब दोनों संदिग्ध हालात देखे गए थे। जिसके बाद पति पत्नी में विवाद हुआ था।

आंखों में सूखापन दे रहा एलर्जी को बढ़ावा

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इन दिनों लगातार तापमान बढ़ रहा है 44 डिग्री से ऊपर अधिकतम तापमान पहुंच चुका है। ऐसे में आंखों में पानी सूखने की बीमारी बढ़ रही है। इसकी वजह से आंखों में एलर्जी हो रही है। इन दिनों इस तरह के मरीजों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी शुरू हुई है।

जिला अस्पताल का ही आंकड़ा देखा जाए तो रोजाना आंख विभाग में 25 से 30 मरीज आंखों में एलर्जी की वजह से परेशान होकर पहुंच रहे हैं। नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. आदर्श ने बताया कि इन दोनों आंखों में सुखने की दिक्कत से आंखों में एलर्जी की शिकायत हो रही है। आंखों में लालपन बढ़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों में देखने को मिल रहा है। उनका मानना है कि अस्पताल में रोजाना का औसत देखा जाए तो 25 से 30 मरीज इस तरह के पहुंच रहे हैं, जिनके आंखों में एलर्जी की दिक्कत हो रही है। नेत्र परीक्षण अधिकारी डा आदर्श ने बताया प्रत्येक व्यक्ति जब भी कोई कंप्यूटर या फिर किताबों को पढ़ रहा है, तो लगातार 20 मिनट पढ़ने के बाद थोड़ी देर दूसरी तरफ देखना चाहिए। लगातार एक तरफ ही देखने से परेशानी हो सकती है।

एलर्जी से बचने के लिए यह करें उपाय

- दिन में तीन से चार बार ताजे पानी से आंखों को धुलें
- धूप में निकलते समय काला चश्मा जरूर पहनें
- खाने में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक बढ़ाएं
- बिना डॉक्टर के परामर्श कोई भी दवा आंखों में न डालें

गर्मी के चलते टीबी के मरीजों पर हेमोप्टाइटिस का वार

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में टीबी मरीजों को परेशानी हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी से पसीना निकल रहा है, प्रदूषण की बढ़ा है। ऐसे में टीबी मरीजों के लिए खतरा रहता है। इन दिनों जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वाले करीब 30 फीसदी मरीज इस समस्या के शिकार हैं।

खांसी के साथ खून आना गंभीर समस्या है। इस बीमारी को हेमोप्टाइटिस कहते हैं। आमतौर पर यह बीमारी फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से होती है। यह बीमारी इतनी गंभीर है कि समय पर इलाज न मिले तो मरीज की मौत भी हो सकती है। इन दिनों क्षय रोग की ओपीडी में रोजाना कई ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिनमें खांसी के साथ खून आ रहा है।

- खांसी के साथ खून आना बताया जा रहा मुख्य लक्षण

> क्षय रोगियों में मुंह से खून आने की दिक्कत बीते कई दिनों से अचानक बढ़ गई है। ज्यादा समय तक अधिक तापमान में रहना, दवाएं छोड़ना, वातावरण में प्रदूषण और शरीर में पानी की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। ऐसे मरीजों को दवा के साथ गर्मी से बचाव और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी जा रही है।
> **डॉ. शहाबुद्दीन, जिला क्षय रोग अधिकारी**

इसके पीछे प्रचंड गर्मी, हवा में धूल कणों की अधिकता, वातावरण में ऑक्सीजन की कमी है। इससे जिन मरीजों में पुराना टीबी है या पहले कभी वह टीबी की चपेट में आ चुके हैं वह इस बीमारी का शिकार हो रहे हैं। नए मरीजों का जल्द इलाज शुरू न कराना चाहिए।

डॉक्टरों की सलाह, बचाव में कसर न रखें

फतेहपुर। जिला अस्पताल के बालरोग विशेषज्ञ डा. मूलचन्द्रा की मानें तो मौसम से बचकर रहें। जरूरी काम हो, तब ही घरों से निकलें। खास तौर से बच्चों का बचाव करें। मौसम फल खीरा-ककड़ी, लीची, नींबू, आम का पना का इस्तेमाल करें। इन दिनों में डायरिया की संभावना अधिक होती है। स्वच्छ व ताजा भोजन करें। इन दिनों आंखों की समस्या की ज्यादा संभावना रहती है। लिहाजा, काले चश्मे का इस्तेमाल करें। चेहरा ढंककर ही बाहर निकलें। अधिकांश समय घर में ही बिताएं। कोई समस्या होने पर अस्पताल में चेकअप कराएं।

डीएम के आदेश पर रिश्वत लेने वाला लेखपाल सस्पेंड

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, उरई

अमृत विचार। गुरुवार को कोंच तहसील में तैनात लेखापाल चंद्र शेखर शर्मा का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में कोंच तहसील में बैठकर ऑनलाइन आवेदन किए गए आय, जाति, विकलांग आदि प्रार्थना पत्रों के आवेदनों में रिपोर्ट लगाने के नाम पर 150 से 200 रुपए प्रत्येक आवेदक से लेता दिख रहा था। आरोप तो यह भी है की लेखापाल चंद्र शेखर शर्मा बिना कुछ लिए कागज में हाथ तक नहीं लगता था। वारासत आदि के मामलो में रिश्वत में मोटी रकम वसूल करता था। गुरुवार को तहसील कोंच परिसर के रिश्वत लेते किसी ने लेखपाल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में वायरल वीडियो सही पाया गया। शुक्रवार को लेखपाल को निलंबित कर दिया।

वायरल वीडियो में घूस लेते दिखा था लेखपाल।

> गुरुवार को एक लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसकी जांच में लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। जिसपर लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।
> **सुशील कुमार सिंह**
> उपजिलाधिकारी कोंच

मनमानी | सुमेरपुर नगर पंचायत का मामला, कार्य शुरू होते ही जमीन मालिकों ने रोका निर्माण कार्य

निजी भूमि पर सुंदरीकरण का करा दिया टेंडर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। गायत्री तपोभूमि प्रांगण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने खाली पड़ी पुश्तैनी जमीन पर नगर पंचायत ने प्रस्ताव बनाकर सुंदरीकरण आदि का कार्य करने का टेंडर कराकर कार्य शुरू करा दिया। जानकारी होने पर इस भूमि के सभी खाताधारक मौके पर पहुंचकर कार्य ठप करा दिया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने कस्बा निवासी महेश तिवारी,मंझले तिवारी, कामता तिवारी, राकेश तिवारी, राधेश्याम तिवारी, मदन गोपाल तिवारी, लक्ष्मण तिवारी आदि की पुश्तैनी जमीन है। राधेश्याम तिवारी ने बताया कि गाटा संख्या 2961 में उनकी एक एकड़ 36 डिसमिल जमीन पूर्वजों के समय से दर्ज है। गायत्री तपोभूमि के समीप होने के कारण पूर्वजों ने धार्मिक आयोजनों आदि के लिए इसको हमेशा खाली छोड़ रखा था। विगत दिनों नगर पंचायत ने इस भूमि को पार्क में तब्दील करने की नीयत से इंटरलॉकिंग, फुटपाथ, फाउंटेन, रेलिंग निर्माण, सुंदरीकरण, लाइटिंग आदि के निर्माण के लिए 39.73 लाख का टेंडर कराकर निर्माण के लिए मौके पर सामग्री पहुंचा दी।

निर्माण कार्य शुरू होने पर इस भूमि से संबंधित सभी खाताधारक मौके पर पहुंचे और आपत्ति जताते हुए कार्य को ठप करा दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि खाता धारकों ने आपत्ति जताकर आपसी सहमति बनाने के लिए समय मांगा है।

इस वजह से कुछ दिन के लिए कार्य रोका गया है। वही सह खातेदार राधेश्याम तिवारी का कहना है कि यह पुश्तैनी जमीन उनकी है और वह तपोभूमि के कार्यों के लिए इसको हमेशा खाली छोड़ रखेंगे। इसमें किसी तरह का सरकारी निर्माण मंजूर नहीं है।

निजी भूमि पर निर्माण कार्य करते श्रमिक। अमृत विचार

छेड़छाड़ के विवाद में चाचा और भतीजे को मारी गोली

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- दोनों घायल अस्पताल में भर्ती कायमगंज थाना क्षेत्र की घटना

अमृत विचार। युवती से छेड़छाड़ के विवाद में चाचा-भतीजे को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने से घायल हुए चाचा-भतीजे को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है।

घर में नामकरण संस्कार की दावत चल रही थी। दबंगों ने डीजे बंद कराकर गाली गलौज की। पीड़ितों ने रात में ही कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। इसके बाद डायल 112 पुलिस घायलों को घर छोड़कर आई थी। पीड़ित के अनुसार ट्यूबवेल पर चारपाई पर बैठे समय दबंगों ने चाचा भतीजे की गोली मार दी। कोतवाली कायमगंज के ग्राम न्याजू नगला निवासी 40 वर्षीय वीकेश शाक्य पुत्र नेकराम व उसके भतीजे 23 वर्षीय सुखवीर पुत्र कल्लू शाक्य को बीती देर रात गोली मारकर घायल कर दिया । सुखवीर के पेट व वीकेश की जांघ में गोली लगी । घटना के पीछे आरोपियों के द्वारा घायल पक्ष के परिवार की एक युवती से छेड़छाड़ का मामला बताया जा रहा है। दोनों घायलों को सुबह 3:35 बजे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। पीड़ित पक्ष का आरोप है की पूर्व में भी आरोपी युवती से छेड़छाड़ कर चुके हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। घटना के समय भी आरोपियों ने गोली मारने की धमकी दी थी। डायल 112 को सूचना दी गई उसने भी कोई कार्रवाई नहीं की। उसी के बाद आरोपियों ने गोली मार दी। घायल बीकेश ने बताया कि घर में दावत चल रही थी।

बिनसर के जंगलों की आग से निपटने के लिए एयर फोर्स ने संभाला मोर्चा

चार वनकर्मियों की मौत के बाद जागा प्रशासन, आग बुझाने का काम तेज हुआ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार। बिनसर अभ्यारण्य के जंगल में लगी आग अब तक शांत नहीं हो सकी है। एक साथ चार लोगों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वनाग्नि का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह वायुसेना के हेलीकॉप्टर पहुंचने से पूर्व ही डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, डीएफओ दीपक सिंह, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया घटना स्थल पहुंच गए। इस दौरान बिनसर के चारों ओर जंगल में आग धधकी हुई थी। एसएसपी ने एसडीआरएफ टीम को आग पर काबू पाने के निर्देश दिए।

वहीं, डीएम विनीत तोमर ने वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने घटना के मृतकों और घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की और परिजनों को मदद का आश्वासन दिया।

आग बुझाने को हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से उठाया पानी

भीमताल। उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित बिनसर सेंचुरी में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लिफ्ट किया। शुक्रवार सवेरे के समय हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी उठाया किया। इधर झील से पानी उठाए जाने से पुलिस ने झील में नौकायन का संचालन रोक दिया। अचानक नौकायन का संचालन रोक देने से नाव संचालकों का कारोबार प्रभावित हुआ। मालूम हो कि भीमताल झील से पानी उठाने को सबसे सुरक्षित माना जाता है। इससे सवा माह पूर्व नैनीताल के पास पाइन्स के समीप आग लगने पर भी वायु सेना ने अपना एमआई-17 भेजकर आग पर काबू पाया था।

भीमताल झील से पानी उठाता हेलीकॉप्टर। अमृत विचार

आग में घायल कर्मियों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा : पंतनगर। अल्मोड़ा में बेकाबू हुई जंगल की आग में घायल चार वन कर्मियों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा गया है। इस कार्य में लगाई गईं दो एयर एंबुलेंस (विमानों) ने दो बार में अपने कार्य को सकुशल अंजाम दिया। गुरुवार को अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभयारण्य में वन कर्मियों की बोलेरो गाड़ी वनाग्नि की चपेट में आ गई थी। जिससे चार वन कर्मियों की आग में जलकर मृत्यु हो गई थी, जबकि चार वन कर्मी आग में झुलस गए थे। जिन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ट्रेन के पहियों से उठी चिंगारी, अफरा-तफरी

बिजनौर। लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही सुपरफास्ट ट्रेन (15011) के पहियों में चंदक रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले चिंगारियां उठीं और धुआं निकलने लगा। धुआं कोच में भरने लगा तो घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कूद गए। इससे वे चोटिल हो गए। इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत को भी रोकना पड़ा।

चंदक के स्टेशन मास्टर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट शुक्रवार सुबह नौ बजे मुज्जमपुर नारायण स्टेशन पर पहुंची। चंदक रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किमी पहले ट्रेन की गति धीमी होते ही यात्री कूदने लगे। कुछ देर बाद ट्रेन रुकते ही सभी यात्री नीचे उतर गए और आग लगने की आशंका में जंगल की ओर दौड़े। सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पता चला कि ट्रेन के पहियों से धुआं निकल रहा है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने की वजह से चिंगारी और धुआं उठा था।

एकेटीयू में छात्र-छात्राओं की लगेगी फेशियल बायोमेट्रिक अटेंडेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फेशियल बायोमीट्रिक्स व लाइव सीसीटीवी एक्सेसिंग कमांड सेंटर होगा स्थापित
- कक्षाओं के साथ परीक्षाओं की होगी लाइव निगरानी

अमृत विचार। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था (एजुकेशनल फ्रेमवर्क) का उच्चीकृत करने के क्रम में इसे अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जाना है। शुरुआत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से की जा रही है, यहां पर अब छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक नहीं, बल्कि उनके फेशियल बायोमेट्रिक से लगेगी। साथ ही, आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं भी लाइव सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करायी जाएंगी।

उप्र. डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) द्वारा एकेटीयू में नई तकनीक फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित की है। इसमें छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड नंबर, चेहरा, आंखों की पुतली तथा हाथ के इंप्रेशंस के साथ कई अन्य अहम जानकारियों को संकलित किया जाएगा। ताकि किसी भी स्थिति में छात्र या कर्मी को चिह्नित किया जा सकेगा। इस डाटा से मास्टर डाटा तैयार किया जाएगा। साफ्टवेयर के माध्यम से इस मास्टर डाटा का मिलान विश्वविद्यालय में कक्षाओं में उपस्तिथ छात्रा-छात्राओं से किया जाएगा, पता चलेगा कि संबंधित छात्र-छात्राएं कक्षाओं में नियमित उपस्थित होते हैं या नहीं। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित करने के लिए यूपीडेस्को द्वारा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर कंपनियां चुनी जाएंगी। जिन्हें कार्य आवंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा छात्र व कर्मियों के बायोमेट्रिक का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलान करने योग्य बनाने आदि कार्य पूर्ण करने होंगे।

सीसीटीवी की जद में चलेंगी कक्षाएं

- विश्वविद्यालय में मास्टर डाटाबेस तैयार होने से कक्षाओं में भी सीसीटीवी के जरिए लाइव मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए एक विशिष्ट सीसीटीवी कमांड सेंटर की भी स्थापना की जाएगी। साथ ही, विश्वविद्यालय की जरूरतों के हिसाब से निर्माणाधीन सिस्टम को अपडेट किया जाएगा। स्टाफ द्वारा संचालित करने, निगरानी और पर्यवेक्षण प्रक्रिया के अनुकूल बनाया जाएगा। इसके क्रियान्वयन के लिए सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर कंपनियां, कर्मचारियों को प्रशिक्षण-पुन: प्रशिक्षण प्रदान कराएंगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट व अन्य सॉफ्टवेयर्स के वार्षिक अनुरक्षण आदि प्रक्रियाएं भी पूर्ण की जाएंगी।

13.50 लाख रुपये लेने के बाद थमाया नकली वीजा-पासपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

- आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर युवक से ठगी

अमृत विचार। थाना गदरपुर के रहने वाले एक युवक से कबूतरबाजों ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी कर दी। जब पीड़ित ने रकम वापस करने का दबाव बनाया तो दस्तावेजों के दुरुपयोग कर जेल भेजा और हत्या की धमकी देनी शुरू हो गई। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम वमनपुरी थाना गदरपुर निवासी दर्शन सिंह ने बताया कि उसकी मुलाकात गाजीपुर मिलक खानम बिलासपुर यूपी के रहने वाले दो व्यक्तियों से हुई थी। उन्होंने उसे आस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया कि जल्द वीजा-पासपोर्ट बनाकर देने का भरोसा जताया। इसके बाद उसने 8 दिसंबर 2022 से लेकर 10 जुलाई 2023 तक 13. 50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। 12 जुलाई को वह दिल्ली एयरपोर्ट गया और जब 14 जुलाई को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा तो सुरक्षा एजेंसियों ने वीजा और पासपोर्ट दोनों ही फर्जी बताते हुए इंडिया वापस कर दिया। आरोपियों से जब दी गई रकम वापस मांगी तो दोनों ही आरोपी वास्तविक दस्तावेजों का दुरुपयोग कर जेल भेजने और हत्या किए जाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से मुलाकात की और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आश्वासन दिया कि कबूतरबाजी प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दो चकबंदी अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय को अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट सौंपे जाने की तैयारी है।

बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूरा न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने और ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने पर चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलंबित किया गया है। मिर्जापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत बिना जांच चार बार अलग-अलग आदेश जारी करने और वाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश पारित करने पर चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित किया गया है।

वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मो. साजिद, चकबंदीकर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी, एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

- मैनपुरी में भी कई पर कार्रवाई अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट मुख्यमंत्री ने मांगी

महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी की सेवा समाप्त

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल की सेवाएं समाप्त कर दी है। उन पर उरई में तैनाती के दौरान 65 लाख रुपये के पेंशन घोटाले के आरोप थे, जांच में दोषी पाए जाने के बाद कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने गबन की राशि के वसूली के भी निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.हरिओम ने बीते 15 मार्च को नोटिस जारी किया, जिसमें तीन माह बीतने पर शंकर लाल को सेवानिवृत्त होना था, यानि 15 जून को शंकर लाल की सेवाएं स्वत: समाप्त हो जाएंगी।

ट्रक चालक से अवैध वसूली की कोशिश, पैसे न देने पर मारपीट

संवाददाता, सीबीगंज/बरेली

- आरोपियों की कार से तमंचे के साथ शराब बरामद

अमृत विचार। थाना सीबीगंज क्षेत्र में ट्रक चालक से करीब 15 कार सवारों ने अवैध वसूली करने की कोशिश की और पैसे नहीं देने पर मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को मौके से एक कार बरामद हुई है, जिसमें तमंचा और शराब मिली है। ग्रामीणों ने वसूली करने वालों को एआरटीओ का गुर्गा बताया है। सीबीगंज पुलिस ने आठ नामजद समेत 15 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव चंदपुर जोगियान निवासी इसरार ने बताया कि उनके ट्रक में बजरफुट ढोया जाता है। वह रामपुर रोड स्थित इकरार की टाल पर शुक्रवार की सुबह बजरफुट उतार रहे थे। इसी दौरान दो-तीन कारों से एक दर्जन से अधिक लोग आ गए और सभी ने अपनी कार को ट्रक के आगे लगा दिया। आरोप है कि कार सवार लोग गाड़ी को ओवरलोड बताकर पैसे की मांग करने लगे, जब उन्होंने मना किया तो कार सवार मारपीट करने लगे। आरोपी कह रहे थे कि सड़क पर ट्रक चलाओगे तो हमें महीना दोगे। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कार सवार लोगों के पास हथियार थे। इसके बाद भीड़ जमा हो गई और एक आरोपी को पकड़ लिया लेकिन अन्य फरार हो गए। सूचना मिलने पर एआरटीओ मनोज सिंह के साथ सीबीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम आरिफ उर्फ फटाफट बताया।

चोरी करते पकड़े जाने के डर से बच्चा छोड़ भागीं महिलाएं

बरेली। रेलवे जंक्शन परिसर में गुरुवार रात 10 बजे चार महिलाओं ने ऑटो में महिला का सामान चोरी करने की कोशिश की। जब महिला ने शोर मचाया तो लोगों को आते देख महिलाएं भाग गईं लेकिन 11 महीने का बच्चा छूट गया। जीआरपी ने बच्चे को रेलवे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया। चाइल्ड लाइन ने शुक्रवार को बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया, जहां से उसे रामपुर में बाल शिशु गृह भेज दिया गया। महिला के मुताबिक अचानक से चार महिलाएं ऑटो में आकर बैठ गईं। एक महिला के पास बच्चा था। एक महिला ने सामान चोरी करने की कोशिश की तो उन्होंने शोर मचा दिया। इसके बाद तीन महिलाएं भाग गईं लेकिन बच्चा छूट गया। एक बुजुर्ग महिला भी रह गई, जो खुद को बच्चे की नानी है।

18 से बारिश शुरू होने की उम्मीद

संवाददाता, हल्द्वानी

- सातवें दिन लगातार पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा
- मुक्तेश्वर में भी पारा 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

अमृत विचार। जून माह में भी गर्मी बेहाल कर रही है। बारिश नहीं होने की वजह से पारा चढ़ता जा रहा है। दिन के समय लू चल रही और तेज धूप भी निकल रही है। पारा फिर से 42 डिग्री सेल्सियस के पार ही पहुंचा है।

हल्द्वानी में मौसम कोई राहत नहीं दे रहा है। पिछले एक सप्ताह से गर्मी सितम ढा रही है। शुक्रवार को भी सुबह होने के कुछ देर बाद ही मौसम गर्म रहा। पूर्वाह्न से ही गर्म हवाएं चलने लगी। शाम होने पर भी गर्मी से कोई राहत नहीं मिली। अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया है। राहत की बात है कि मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 18 जून से मौसम बदलने के आसार जताए हैं। 18 जून के बाद पहाड़ से

लेकर मैदान तक बारिश हो सकती है। मानसून देरी से पहुंचेगा। ऐसे में लोगों को प्री मानसून का इंतजार है। नैनीताल जिले में जून माह में अभी तक मात्र 2.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है जो सामान्य से 96 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के अनुसार जून माह में पहले कभी इतनी गर्मी नहीं पड़ी। इस बार लगातार सात दिन पारा 40 डिग्री के पार रहा है जो एक रिकॉर्ड है। वहीं पर्वतीय कस्बे मुक्तेश्वर में भी अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के पास चल रहा है। दिन के समय वहां भी तेज धूप निकल रही और रात में भी अपेक्षाकृत कम ठंड है।

कल मैदानी इलाकों में चलेगी तीव्र उष्ण लहर

- **हल्द्वानी।** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 16 जून को मैदानी इलाकों में तीव्र उष्ण लहर का अनुमान जताया है। साथ ही पहाड़ी इलाकों में भी गर्मी में बढ़ोत्तरी होगी। मैदानी इलाकों में दिन लू चलेगी और तेज गर्मी पड़ेगी। इसलिए 16 जून को दिन में 12 से 3 बजे तक खास सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रेमिका के घर जा रहे युवक की लाश नहर में मिली

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

- परिजन बोले- प्रेमिका और उसके परिवार ने कर दी हत्या

अमृत विचार। प्रेमिका के घर जाने की बात कहकर निकले युवक का शव तीन दिन बाद हरदोई ब्रांच नहर से बरामद हुआ। परिवार वाले शुरुआत से ही प्रेमिका और उसके परिवार पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम चंदुइया के रहने वाले संजीत मंडल ने बताया कि उसका तहेरा भाई कुमारेश मंडल (28) पुत्र सुनील मंडल गुजरात में काम करता था। पांच साल से उसका प्रेम प्रसंग माधोटांडा क्षेत्र की एक युवती से चल रहा था। एक सप्ताह पूर्व वह गुजरात से आया । 11 जून की रात ये कहकर घर से निकला था कि शादी की बात करने के लिए प्रेमिका के घर बुलाया गया है। देर रात तक वापस न आने पर मोबाइल पर कॉल की गई तो फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठाया। उसने जानकारी दी कि मोबाइल, बाइक और चप्पलें माधोटांडा क्षेत्र में बड़ी नहर के पुल पर रखी हुई हैं।

परिवार वाले नहर पुल पर पहुंचे तो सामान रखा मिल गया। 12 जून को इसकी शिकायत सीओ पूरनपुर आलोक सिंह से की गई जिसमें प्रेमिका व उसके परिवार वालों पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाया।

एआरएम और लिपिक निलंबित

संवाददाता, एटा

अमृत विचार। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कदम उठाते हुए एटा के एआरएम राजेश कुमार यादव और बुकिंग लिपिक कमला शंकर को निलंबित कर दिया है।

एटा डिपो की बस संख्या यूपी 81 बीटी 6057 अलीगढ़-एटा के बीच चलती है। 10 जून को दिन में करीब दो बजे यह बस अलीगढ़ से एटा लौट रही थी। बस में संविदा परिचालक संदीप कुमार की ड्यूटी थी। तभी एडीएम सत्यप्रकाश सिंह को फोन पर रोडवेज बस में बगैर टिकट सवारियां ले जाने की सूचना मिली। एडीएम के निर्देश पर एसडीएम राजकुमार मौर्य ने शहीद पार्क स्थल के पास बस को रोक लिया। बस में कुल 41 यात्री सवार थे। इनमें 20 यात्रियों के पास असली टिकट थे। बाकी 21 यात्रियों के पास परिचालक द्वारा सादा कागज पर हाथ से लिखा टिकट मिला। किराया सभी यात्रियों से पूरा लिया गया था। इस तरह रोडवेज बस में 21 यात्री बगैर टिकट पाए गए थे। इस पर संविदा परिचालक संदीप कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। साथ ही संदीप कुमार की संविदा खत्म कर दी गई थी। एटा के एआरएम राजेश यादव और बुकिंग लिपिक कमला शंकर को निलंबित कर दिया गया।

- 10 जून को एएसडीएम को चेकिंग में रोडवेज में 21 यात्री बगैर टिकट मिले थे

एआरएम राजेश यादव ने दी सफाई

- सुनील पांडेय नाम का संविदा परिचालक था, जिसकी तत्कालीन एआरएम संजीव यादव ने संविदा खत्म कर दी थी। सुनील पांडेय की ड्यूटी एटा से गढ़िया जगन्नाथ के रूट पर रहती थी। चेकिंग करने पर रोडवेज बस में सुनील पांडेय की जगह दूसरा व्यक्ति परिचालक का काम करते पकड़ा गया था। इसे गंभीर अपराध मान सुनील पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। साथ ही उसकी संविदा खत्म कर दी गई थी। एआरएम संजीव यादव के तबादला के बाद 2020 में सुनील पांडेय ने दोबारा नौकरी हासिल कर ली थी। फिर चेकिंग के दौरान सुनील पांडेय रोडवेज बस में बगैर टिकट सवारियां ले जाते पकड़ा गया था। उसे दोबारा नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद से सुनील कुमार तरह-तरह के आरोप लगा रहा था। उसी ने एडीएम को फोन करके शिकायत की थी। मैं 10 जून को छुट्टी पर था।

हाय गर्मी मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट, तीन दिनों तक रात में गर्मी से राहत नहीं

अब रात में भी चलेंगे गर्म हवा के थपेड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। दिन के साथ अब रात में भी लू चलेगी। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है। बचाव को लेकर विभाग ने गाइडलाइन भी जारी की है। फिलहाल तीन दिनों तक रात में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है।

पिछले सात दिनों में रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान भी बढ़कर 45.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार अब दिन के अलावा रात में भी लू चलेगी। गर्म हवाओं के असर से ही रात का तापमान 31.3 डिग्री तक पहुंच चुका है। आने वाले तीन दिनों में रात में तापमान और बढ़ेगा, जिससे लू की तीव्रता बढ़ सकती है। तीन दिन बीतने के बाद ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना बन रही है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दोपहर 12:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक जरूरी कार्य होने पर ही बाहर निकला बेहतर रहेगा। घर से निकलते समय शरीर और सिर को ढकना आवश्यक है। पानी अथवा पेय पदार्थ राहत भरा रहेगा।

तापमान बढ़ोतरी से मानसून अच्छा रहने के संकेत : मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि जून में तापमान में बढ़ोतरी से मॉनसून अच्छा रहता है। इस बार तापमान बढ़ा है, ऐसे में लो प्रेशर एरिया बनने से हवा ऊपर उठ जाएगी। फिर रिक्त स्थान को भरने के लिए मानसूनी हवाएं तेजी के साथ आएंगी।

सात साल बाद बढ़ा इतना तापमान

- मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, वर्ष 2017 में जून माह के दौरान तापमान 45 .3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके बाद लखनऊ शहर में इतना पारा नहीं बढ़ा। एक बार फिर सात साल बाद तापमान में बढ़ोतरी हुई।

प्रदेश में कानपुर में रात रही सबसे गर्म

- प्रदेश में 34 .4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ कानपुर देहात की रात सबसे गर्म रही। वहीं, प्रयागराज में न्यूनतम तापमान 34 .3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आगरा में रात का तापमान 32 .7 डिग्री रहा। उधर, दिन का सबसे अधिक तापमान प्रयागराज का रिकार्ड किया गया, यहां पारा 46 .9 रहा। दूसरे स्थान पर कानपुर देहात का तापमान 46 .7 डिग्री रहा।

17 से पूर्वी हवाएं चलने का अनुमान

- मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि 17 जून से पूर्वी हवाएं चलने के आसार हैं। हवाएं चलने के बाद ही प्री मानसून आने की संभावना है। उसी के बाद तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

16-17 जून को इन जनपदों में हो सकती है बारिश

- अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लू चल रही है। लू के हालात 15 जून तक बने रहेंगे। 16 व 17 जून को गोरखपुर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती समेत कई इलाकों में बारिश और बौछारों की संभावना है।

थाने के बाहर धरने पर बैठे सांसद

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जमीन पर बैठकर बड़ा अच्छा लग रहा है, थाने की कुर्सियों पर भ्रष्टाचार की बू और गंध आ रही है। यहां थानों पर सारे दिन कुर्सियों पर बिठाकर लूट का पैसा लिया जाता है, इसलिए थाने की जमीन स्वच्छ है। यह शब्द है सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस से नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर के। खैराबाद थाने में नाबालिग किशोरी को हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस कार्रवाई से आहात सांसद अपने समर्थकों संग थाने पहुंचकर कुर्सियों की बजाय जमीन पर ही बैठकर किशोरी को अकारण थाने लाने की वजह जानी। थाने में सांसद के जमीन में बैठने की सूचना मिलते ही महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों की सांसद से बातचीत के दौरान तीखी नोकझोक के बाद सांसद और उनके समर्थक अंबेडकर पार्क में आमरण अनशन की बात कहकर थाने से वापस निकल गये।

थाने में समर्थकों संग जमीन पर बैठे कांग्रेस से नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर।

- किशोरी को थाने लाने पर भड़के कांग्रेस सांसद

मालूम हो कि खैराबाद थाना इलाके में स्थित बड़ी संगत के महंत बाबा बजरंग मुनि दास ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह गुरुवार की शाम अपनी मां को हॉस्पिटल में देकर वापस संगत आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में विवादित आम की बाग में इलाके में समुदाय विशेष की तीन लड़कियां और तीन लड़के आम तोड़ रहे थे। आम तोड़ने की सूचना बाबा ने स्थानीय चौकी को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने सभी को वहां से खदेड़ने का प्रयास किया तो वह पुलिस से लड़ने लगी। बाबा का आरोप कि इस दौरान जब वह अपने आश्रम आ रहे थे तो रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे अतीक, लईक, सलमान, ताज, आफताब और अयान ने पत्थर और अवैध असलहे सहित धारदार हथियार से हमला किया। बाबा का कहना है कि हमले के दौरान उन्हें बचाने पहुंचे आश्रम के भंडारी पर चोटें आई है। पुलिस के आने पर हमलावर फरार हो गये।

मायके में विवाहिता की गला काटकर हत्या

शाहजहांपुर। शहर के मोहल्ला भारद्वाजी में मायके में रह रही एक महिला की गुरुवार की रात चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई। बरामदे में महिला खून से लथपथ अपनी मां को पड़ी मिली। एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और खुलासे के लिए एसओजी सहित तीन टीमों को लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति समेत दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी की 24 वर्षीय पूर्ति गुप्ता ने दो साल पहले कोतवाली चौक के हुसैनपुरा निवासी कमल राजपूत के साथ प्रेम विवाह किया था। पति से अनबन होने पर वह डेढ़ साल की बेटी जाह्नवी को लेकर एक साल पहले मायके आ गई। तब से यहीं रहती थी। पूर्ति के पिता संजय गुप्ता दिव्यांग हैं। परिजनों के अनुसार रात 12 बजे नींद खुली तो देखा कि कमरे के बाहर बरामदे में खून से लथपथ बेटी कांप रही थी।

एक नजर

सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए वेलनेस सेंटर की शासन ने मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार , लखनऊ : त्रिवेणी नगर में सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शिकायत पर शासन ने रिपोर्ट तलब की है। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसर शुक्रवार को लीपापोती में जुटे रहे। इस मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी ट्वीट के जरिए की गई है। त्रिवेणी नगर मारुति पार्क स्थित एक सरकारी डॉक्टर घर पर पहले पीएचसी खुली थी, जिसे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बदल दिया गया। गुरुवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने स्वास्थ्य व एनएचम अफसरों को घेरा। मामले की शिकायत ट्विटर जरिए उपमुख्यमंत्री से भी की। वहीं शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अफसर केंद्र को बचाने के लिए दिन भर जुगत में लगे रहे। केंद्र तत्कालीन सीएमओ डॉ. एसएनएस यादव के कार्यकाल में खुलवाया गया था। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, इस मामले में जवाब तैयार कराया जा रहा है।

पांच करोड़ रुपये का गलत आईटीसी क्लेम वसूला

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज स्थित मेडिकल उपकरण के रखरखाव वाली एक फर्म ने गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का क्लेम कर करीब डेढ़ साल में सरकार से करीब पांच करोड़ रुपये वसूल लिए। जीएसटी टीम ने जांच के बाद कंपनी से पांच करोड़ रुपये वसूले और खाते में जमा कराए। जीएसटी के संयुक्त आयुक्त प्रकाश यादव के निर्देश पर इलेक्ट्रॉनिक डाटा की जांच करने के लिए डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह, सीटीओ दिवाकर दुबे और हर्षित श्रीवास्तव ने हुसैनगंज स्थित को प्रतिष्ठान पर छापा मारा और इलेक्ट्रानिक डाटा और अभिलेख चेक किए। मेडिकल इक्यूपमेन्टस ट्रेडिंग एंड मेन्टीनेन्स कंस्ट्रक्शन का कार्य करने वाली इस फर्म से पंजीकृत व्यापरियों द्वारा खरीद की जाती है। जांच में पाया गया कि फर्म द्वारा कर भुगतान के लिए जीएसटीआर-3बी में जीएसटीआर-2ए से अधिक भुगतान किया गया है। बिना ई-बे बिल लिए बड़ी संख्या में बिल जारी किए जा रहे हैं। इस पर विशेष अनुसंधान शाखा-रेंज बी ने पांच करोड़ रुपये डीआरसी के माध्यम से जमा कराए ।

मोदी के दौरे से पहले योगी ने लिया तैयारी का जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- 18 को काशी आ रहे मोदी करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। योगी ने वहां पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बाद में सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री सूचना परिसर से साझा की जानकारी के अनुसार, मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी योगी को दी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े मौजूद रहे। तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है।

अजय सिपाही गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से एसटीएफ ने पकड़ा
- हत्या के प्रयास के मामले में घोषित था 25 हजार का इनाम

अमृत विचार: अंबेडकरनगर के माफिया अजय सिपाही गैंग का सदस्य शुक्रवार को राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्कर्ष सिंह निवासी कादीपुर सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर के गैंगस्टर अजय सिपाही गैंग का सदस्य है। 05 अप्रैल को एक ढाबे पर खाना खाते समय अनुपम सिंह नामक व्यक्ति से उत्कर्ष झगड़ा हो गया था।

इस झगड़े के बाद समझौते की बात हुई तो दोनों पक्ष अगले दिन एकत्रित हुए। समझौते के दौरान उत्कर्ष सिंह ने अविनाश सिंह उर्फ शुभम पर फायर कर दिया। हालांकि इस हमले में अविनाश बाल-बाल बच गया। मामला कादीपुर थाने में दर्ज हुआ था।

तभी से एसटीएफ उत्कर्ष सिंह की तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा उत्कर्ष को लेकर सूचनाओं का संकलन कर रहे थे। शुक्रवार को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक शिवकुमार अवस्थी आदि बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे और वहीं पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम समेत कई अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाही पर मुख्यमंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वालों की रिपोर्ट

अमृत विचार: सरकारी कामकाज में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने कई विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची बनाने के निर्देश दिये थे। बैठक में योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

महोबा, चित्रकूट और मुजफ्फरनगर फिसड्डी

राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बीते दिनों बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ और प्रयागराज पीछे

बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं।

थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों में बदलाव शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह विभाग ने शुरू की प्रक्रिया कई जिलों की जारी हुई सूची
- थानों को क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत कराया जाएगा

अमृत विचार: कानून-व्यवस्था के सुधार के क्रम में गृह विभाग ने थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों में संसोधन करना शुरू कर दिया है। सीमाओं को देखते हुए कुछ राजस्व ग्रामों के थानों में बदलाव भी किया जाएगा, जिससे आम नागरिक को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है।

गृह विभाग ने जिला पुलिस एवं प्रशासन को थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों की सूची जारी करना शुरू कर दिया है। अमरोहा, झांसी, अमेठी, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, बागपत आदि जिलों की जारी की गई सूची में थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों को अंकित किया गया है। नए सिरे से जारी की गई सूची में थानेदारों को उनके सीमा क्षेत्र से जुड़े राजस्व ग्रामों की जानकारी मिल जाएगी। फिलहाल अभी पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही नियंत्रण किया जा रहा है। नई सूची जिलों में पहुंचने के बाद जिला स्तर पर ही थानों को उनके क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत करा दिया जाएगा। उधर, विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है। उक्त तीनों थानों का क्षेत्राधिकार पूरा जिला होगा।

बताते चलें कि लंबे समय थानों के सीमा क्षेत्रों में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके लिए से प्रस्ताव भी भेजे गए थे। गृह विभाग ने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में परिवर्तन करने की न सिर्फ प्रक्रिया शुरू की बल्कि कई जिलों में संसोधन के साथ सूचि भी जारी कर दी।

मानसून के पहले ही बाढ़ से फसलों के बचाव की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊः उप्र. में फिलहाल हीटवेव का प्रकोप है और जल्द ही मानसून भी सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में, फसलों के उचित रखरखाव, बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की नजर से राज्य के 27 अति संवेदनशील, 13 संवेदनशील और 35 सामान्य जिलों में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप से मिले इनपुट के आधार पर एडवायजरी जारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार मौसमी प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए पहले ही एडवायजरी जारी हो चुकी है। वहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसमें केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर और आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों के साथ सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

आगरा-मथुरा के मध्य हेलीकॉप्टर सेवा 1 जुलाई से

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: पर्यटनमंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए एक जुलाई से आगरा और मथुरा के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। इसके लिए 25 जून तक संबन्धित औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाए और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए बौद्ध सर्किट के पर्यटन स्थलों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए ।

पर्यटन मंत्री शुक्रवार को पर्यटन भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, बियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए इन स्थलों का प्रचार प्रसार इन देशों में जरूर करना चाहिए।

चित्रकूट और मध्य प्रदेश से लगे भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ संबन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए।

वर्ग पहेली-101

बाएं से दाएं

1. 1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।

2. 1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9. 1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10. 1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

ऊपर से नीचे

2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3. 1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6. 1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8. 1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।



वर्ग पहेली -100 का हल

		1 कि		2 टि	3 पा	रा
4 रैं	ह	च	टा		ग	
		पि		5 गि	ल	6 न
	7 प	च	मे	ल		फ़
	रि			गि		सा
	क्षे			ला		नी
8 नि	क	ष	ण			

पुराने रूप में आई पुलिस, दो हफ्ते में तीन ढेर, 16 घायल

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव समाप्त होते ही उप्र पुलिस फिर पुराने रूप में आ गई है। पुलिस ने माफिया का सफाया करना शुरू कर दिया है। विगत दो हफ्ते में पुलिस ने तीन बड़े अपराधियों को ढेर कर दिया, जबकि एक दर्जन अपराधी पुलिस की गोलियों से घायल हैं। 50 से अधिक अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की माने तो अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाइ होने वाली है।

पहली कार्रवाई 10 जून को हुई। मथुरा पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी मनोज को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस लंबे समय से मनोज की तलाश कर रही थी। वहीं दूसरी कार्रवाई 4 जून को हुई।

जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी प्रशांत सिंह को पुलिस ने जौनपुर में तलाश कर खेतासराय थाना क्षेत्र में ढेर कर दिया। तो वहीं दो दिन बाद 6 जून को एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए बिहार के दो लाख के इनामी अपराधी नीलेश राय को उप्र. के मुजफ्फरनगर में एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।

चल रहा है इलाज

उप्र. पुलिस की एसटीएफ और उप्र. पुलिस की मुठभेड़ में जहां तीन अपराधी मारे गए वहीं 16 अपराधी पुलिस की गोली से घायल भी हुए हैं। घायल अपराधियों का अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। यह कार्रवाई एक पखवाड़े के भीतर हुई है। पुलिस अपराधियों के पीछे इस कदर पड़ गई है कि कई अपराधियों से प्रदेश छोड़ दिया है।

ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां

12 जून- अंबेडकरनगर निवासी हिस्ट्रीशीटर शैलेद्र सिंह उर्फ बबलू (25 हजार का इनामी) को ईशीपुर पुल अंडर पास चांदा सुल्तानपुर में गिरफ्तार किया गया।

11 जून- 16 वर्षों से पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्यारोपी हरैया बस्ती निवासी सुरेश मिश्रा (25 हजार का इनामी) को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया।

08 जून- हैदरगंज अयोध्या निवासी आदित्य प्रताप सिंह (25 हजार का इनामी) को अयोध्या में गिरफ्तार किया गया।

13 विधान परिषद सदस्यों ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊः राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों ने विधान शपथ ले ली है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी और विच्छे लाल राम शामिल हैं। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और सपा के 3 सदस्य शामिल थे।

सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9			4			
5		8		1			6	
6		2			5			3
8	9					3	7	
1			2		9			4
	6	4					5	1
7			5			4		6
	5			6		1		7
			3			8		

सुडोकू - 13 का हल

9	2	7	8	3	5	4	1	6
8	4	6	7	1	9	5	3	2
1	5	3	2	6	4	8	9	7
4	7	2	1	5	3	9	6	8
3	1	9	6	2	8	7	4	5
6	8	5	4	9	7	3	2	1
5	6	4	3	7	1	2	8	9
7	3	1	9	8	2	6	5	4
2	9	8	5	4	6	1	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02 .32 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08 .14 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष: आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं,लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे,लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

वृष: आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

मिथुन: आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

कर्क: आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

सिंह: आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

कन्या: आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

तुला: आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे,लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

वृश्चिक: आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

धनु: आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

मकर: आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

कुंभ: आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

मीन: आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U Movies
- चाइना गेट — सुबह : 09 .46
- कीमत — रात : 07 .00

&pictures
- कहो ना प्यार है — सुबह : 10 .55
- हिम्मतवर — रात : 07 .30

Sony Pix
- मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09 .35
- जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09 .00

Zee Cinema
- रक्षा बंधन — दोपहर : 12 .35
- द रियल तेवर — रात : 08 .00

Colors Cineplex
- हीरोज — सुबह : 11 .21
- दसवीं — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	11000-12000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7700-7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17100-17200
अरहरस्पेशल1	14500-14600
चनादाल	8100-8200
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9000-13300
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8100-9700
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1335-1380
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

मलिहाबाद के दशहरी का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए आम को गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

- 1.5 टन का आर्डर मिला, आज निकलेगी पहली खेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार: अब फलों के राजा दशहरी आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।

हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद आम को सुखाता कर्मचारी। ● एजेंसी

रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे दशहरी का स्वाद, निर्यातकों के हाथ आए आर्डर: मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया जर्मनी को निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है।

इस तरह बढ़ाई जाती है आम की गुणवत्ता

1. सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
2. एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
3. फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं व चेपी निकाली जाती है।
4. इसके बाद हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
5. कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
6. बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम को ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।
7. इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5% रहने की उम्मीद

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने लगाया अनुमान

कोलकाता, एजेंसी

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। क्रिसिल ने कहा-मानसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है। जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है।

रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है। हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार के अच्छे पूंजीगत व्यय के बावजूद, राजकोषीय समेकन के कारण इसके पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि से वस्तु निर्यात में वृद्धि बाधित हो सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,200
सोना जेवरात गिन्नी	71,200
चांदी पक्की	875 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,500
चांदी आभूषण	89,000।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नई सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

इससे पहले, विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, सात जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया।

एडब्ल्यूएस ने की जेनएआई स्टार्टअप के लिए कोष बनाने की घोषणा

नई दिल्ली। अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। इसका मकसद एशिया-प्रशांत और जापान (एपीजे) क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। एडब्ल्यूएस ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए चयनित जेनएआई स्टार्टअप व नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

मई में निर्यात 9% बढ़कर हुआ 38.13 अरब डॉलर

- सरकरी आंकड़ों के अनुसार व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।

आलोच्य अवधि में कच्चे

तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था।

समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछली बार अक्टूबर 2023 में यह 31.46 अरब अमरीकी डॉलर रहा था। अप्रैल 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था जो अप्रैल 2023 में 41.96 अरब डॉलर था।

राष्ट्रीय

एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति

रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।

विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।

विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्वी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान अधिकारियों से हाथ मिलाया और देश की समुद्री सीमाओं का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

एक नजर

मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3.40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

छपरा। बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ लोग गिरफ्तार

- पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए

उज्जैन (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को

गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

एल्गार परिषद मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।

एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।

T20 विश्व कप
कानपुर, शनिवार, 15 जून 2024
www.amritvichar.com



नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी

मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे

तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

मुकाबला : रात 8 :00 बजे

भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ और सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा।

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे

बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

खेल डायरी

प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

सिडनी। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान पर

बेलमोंट (अमेरिका)। अदिति अशोक मेजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

लांग एन (वियतनाम)। भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

चेन्नईयिन एफसी ने कियान से किया करार

चेन्नई। पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)। जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा

पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

20 जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

49 रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	3	3	0	6	1.137	0
अमेरिका	3	2	1	4	0.127	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
युगांडा (बा)	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड (बा)	2	0	2	0	-2.425	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

स्कोर बोर्ड

पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक	11	18	1/0
असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज)	3	2	0/0
सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी	0	1	0/0
सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी	0	1	0/0
हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक	1	3	0/0
चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद)	9	26	0/0
किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर	27	32	2/0
नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद)	0	7	0/0
आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी	13	19	2/0
जॉन करिको नाबाद	4	7	1/0
सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज)	2	3	0/0

अतिरिक्त : 25, **गेंदबाज :** फजलहक फारूकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ	11	7	1/1
इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया	0	7	0/0
गुलबदीन नईब नाबाद	49	36	4/2
अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ	13	18	1/0
मोहम्मद नबी नाबाद	16	23	1/0

अतिरिक्त : 12, **गेंदबाज :** आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

ओलंपिक क्वालीफायर

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद

कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क बुड। ● एजेंसी

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। हालांकि इस दौरान फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

स्कोर बोर्ड

ओमान 47/10 (13.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर	5	3	1/0
कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड	9	16	0/1
आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर	8	10	1/0
जीशान मकसूद कैच आउट वुड	1	5	0/0
खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद	1	3	0/0
अयान खान बोल्ड वुड	1	5	0/0
शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर	11	23	1/0
मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद	0	2	0/0
फय्याज बट बोल्ड रशीद	2	7	0/0
कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद	5	5	1/0
बिलाल खान नाबाद	0	1	0/0

अतिरिक्त : 4, **गेंदबाज :** रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल	12	3	0/2
जॉस बटलर नाबाद	24	8	4/1
जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह	5	7	1/0
जॉनी बेयरस्टो नाबाद	8	2	2/0

अतिरिक्त : 1, **गेंदबाज :** बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

दिमित्रियोस से ईस्ट बंगाल ने किया करार

कोलकाता। ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा मैं अपनी टीम को हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करने और हमारे समर्थकों को खुशी देने की पूरी कोशिश करूंगा। कोलकाता में मिलते हैं।

पेरिस ओलंपिक में एकल व युगल स्पर्धा खेलेंगे सिनर

रोम। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।

पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

कीव। यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई।

तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका ने इसे परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है। ईरान ने उन कासकेड में यूरेनियम का अब तक दो प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्द्धन किया है। ईरान ने यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन किया है।

प्यार भरी तकरार

नई दिल्ली में गर्मी के दिनों में एक मैना पेड़ पर दूसरी मैना से एक तितली छीनने की कोशिश करती हुई। ● एजेंसी

एक नजर

नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी। भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

डकार (सेनेगल)। नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे

दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल हुए। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।

पोप फ्रांसिस जी-7 को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

बारी (इटली)। पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

अपुलिया (इटली)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

अपुलिया (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

पुणे कार हादसा

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी

पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।

समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

इराकी राजनयिक को स्वीडन ने तलब किया

कोपेनहेगन, एजेंसी

- इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई है मौत की सजा

स्वीडन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके अधिकारियों ने इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई मौत की सजा के विरोध में शुक्रवार को इराक के प्रभारी राजनयिक को तलब किया। स्वीडिश मीडिया ने हाल के दिनों में बताया कि इराक में एक आपराधिक गिरोह के सदस्य की हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद स्वीडन के दो लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी ने शुक्रवार को स्टॉकहोम में विदेश मंत्रालय के हवाले से पुष्टि की कि स्वीडिश पासपोर्ट वाले कम से कम एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने एक बयान में कहा, हम मृत्युदंड सुनाने की निंदा करते हैं। हम परिस्थितियों की परवाह किए बिना सदैव और हर जगह इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके अधिकारियों ने स्वीडन के विरोध से अवगत कराया और मांग की कि मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जाए। 'टीटी' ने बताया कि इराक में एक अपराधी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए स्वीडन के दो अन्य नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। माना जाता है कि इस साल की शुरुआत में हत्या की यह घटना दो स्वीडिश समूहों के बीच गैंगवार से जुड़ी है।

बॉलीवुड हलचल

अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।

11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

खगोल विज्ञान विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।

दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।

एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

नैनीताल : यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।